* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 123

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

भारत के पहले हाइब्रिड रॉकेट की सफल लॉन्चिंग, पांच हजार बच्चों ने बनाये हैं ये सैटेलाइट्स

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

नियुक्ति प्रक्रिया पर अपनी राय देने के लिए
झारखण्ड के लाखों युवाओं को हार्दिक

धन्यवाद और जोहार

सभी बाधाओं को दूर करते हुए
नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र होगी आरम्भ

P.R. 290662 (IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 53,800 रु./10 ग्राम
चांदी 70,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 20 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in

जॉर्ज सोरोस, यानी बददिमाग और भारत विरोधी अरबपति

■ दुनिया ने नहीं देखा है बिगड़ैल, अय्याश और जिद्दी अमीर का असली चेहरा

■ ऐसे शख्स से न केवल लोकतंत्र को, बल्कि मानवता को खतरा हो सकता है

दुनिया के सबसे लोकतंत्र में 18वें आम चुनाव की आसन्न आहट के बीच इन दिनों एक अमेरिकी अरबपति का नाम चर्चा में है। मूल रूप से हंगरी के नागरिक रहे इस शख्स का नाम है जॉर्ज सोरोस, जिसने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जहर उगल कर न केवल अपनी जहरीली असलियत को दुनिया के सामने लाकर रख दिया है, बल्कि विश्व पटल पर तेजी से आगे बढ़ रहे भारतीय लोकतंत्र, इसकी सरकार और इसके विश्व प्रसिद्ध संस्थानों के एक बड़े दुश्मन के रूप में अपने को स्थापित कर लिया है। सोरोस की असली कहानी से न तो दुनिया वाकिफ है और न भारत के अधिकांश लोग इस व्यक्ति को जानते हैं। वास्तव में जॉर्ज सोरोस उस विवादास्पद व्यक्ति का नाम है, जो खानदानी रूप से फर्जी है। उसका पूरा परिवार 1947 में फर्जी पहचान पत्र की मदद से बुडापेस्ट से लंदन आ गया। लंदन पहुंचने के बाद सोरोस के परिवार के सामने सबसे बड़ी चुनौती खाने और रहने की थी। उस वक्त पैसा कमाने के लिए सोरोस ने कुली और वेटर का काम किया। इसी से वह लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में पढ़ाई का खर्च निकालता था। पढ़ाई पूरी करने के बाद जॉर्ज सोरोस 1956 में लंदन से अमेरिका आ गये। अमेरिका में सोरोस ने फाइनेंस और इनवेस्टमेंट सेक्टर में काम करने का फैसला किया। यह फैसला उसके लिए सही साबित हुआ। आज वह करीब 70 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं और पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश और अब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विष वमन कर विवादों में घिर चुके हैं। इस बिगड़ैल और जिद्दी अरबपति के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

अमेरिका के विवादास्पद अरबपति जॉर्ज सोरोस भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर आपत्तिजनक बयान दे चुके हैं। उन्होंने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को प्रभावित करने की कई बार कोशिश की है। उन्होंने पीएम को हालिया अडानी-हिंडनबर्ग विवाद से जबरदस्ती जोड़ने की कोशिश की थी। उनके बयान पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जयशंकर ने कहा कि सोरोस ने पिछले दिनों पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि वह भारत जैसे लोकतंत्रिक देश के नेता हैं, लेकिन वह खुद लोकतांत्रिक नहीं हैं। वह मुस्लिमों साथ हिंसा और अन्याय कर तेजी से बड़े नेता बने हैं। जयशंकर ने कहा कि सोरोस के पसंद के व्यक्ति जीते, तो लोकतंत्र बढ़िया है, वरना खराब है। जयशंकर ने कहा कि सोरोस पुराने विचारों वाले व्यक्ति हैं और न्यूयॉर्क में बैठकर वह अभी भी सोचते हैं कि उनके विचारों के अनुसार ही दुनिया चले। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अपने नैरेटिव के लिए अपने संसाधनों का निवेश करते हैं। ऐसे लोग खतरनाक होते हैं। उन्होंने सोरोस को बुजुर्ग, अमीर, मतलबी और कहानियां बनाने में माहिर बताया।

सोरोस ने 16 फरवरी को जर्मनी में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर क्रोनी कैपिटलिज्म को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि उद्योगपति गौतम अडानी और प्रधानमंत्री के बीच मधुर संबंध हैं। सोरोस ने अडानी समूह के कथित हेरफेर में प्रधानमंत्री के भी शामिल होने का आरोप लगाया था। इसको लेकर स्मृति इरानी ने उन्हें खूब खरी-खोटी सुनायी थी।

कौन हैं जॉर्ज सोरोस

जॉर्ज सोरोस एक अमेरिकी अरबपति हैं, जो स्टॉक मार्केट में निवेश करके लाभ कमाते हैं। उनका जन्म 1930 में पश्चिमी देश हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में एक यहूदी परिवार में हुआ था। कहा जाता है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जब यहूदियों पर अत्याचार हो रहा था, तब उन्होंने झूठा पहचान पत्र बनाकर अपना और अपने परिवार की जान बचायी थी। जब विश्वयुद्ध खत्म हुआ और हंगरी में कम्युनिस्ट सरकार बनी, तो वह 1947 में इंग्लैंड की राजधानी लंदन चले गये। वहां उन्होंने रेलवे स्टेशन पर कुली और क्लबों में वेटर का भी काम किया। इस दौरान उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में पढ़ाई की। इसके बाद कुछ समय तक उन्होंने लंदन मर्चेंट बैंक में भी काम किया। साल 1956 में वह लंदन छोड़कर अमेरिका आ गये और वित्त और निवेश में कदम रखा। उसके बाद उनकी किस्मत चमक उठी और रात दूनी दिन चौगुनी तरक्की करने लगे और खूब संपत्ति इकट्ठा की। 17 फरवरी तक उनके पास 6.7 बिलियन डॉलर (लगभग 55 हजार 455 करोड़ रुपये) की संपत्ति है। सन 1973 में उन्होंने सोरोस फंड मैनेजमेंट की स्थापना की और कथित अत्याचार पीड़ितों की मदद करने लगे। इस दौरान उन्होंने ब्लैक लोगों की पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप देना शुरू किया। उनका दावा है कि उन्होंने अब 32 अरब डॉलर (2.62 लाख करोड़ रुपये) जरूरतमंदों को दे चुके हैं। सन 1984 में उन्होंने ओपन सोसायटी नामक संस्था की स्थापना की। आज यह संस्था 70 से अधिक देशों में कार्यरत है।

इन सब मानवीय सेवाओं और दानों के पीछे उनका एक विकृत चेहरा भी है। उन्होंने लाभ कमाने के लिए कई संस्थानों और देशों में वित्तीय संकट खड़ा कर दिया। इसके अलावा उन्होंने कई देशों की सरकारों के खिलाफ प्रोपगेंडा फैलाने और उन्हें गिराने के लिए फंडिंग करने का काम किया। ओपन सोसायटी का इसमें नाम आया है। इस तरह के आरोप उन पर लगते रहे हैं।

सोरोस ने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश को हटाने के लिए अथाह पैसे खर्च किये थे। साल 2003 में उन्होंने कहा था कि जॉर्ज बुश को हटाना उनके लिए जिंदगी और मौत का सवाल है। उन्होंने कहा था कि अगर बुश को सत्ता से हटाने की अगर कोई गारंटी लेता है, तो वह अपनी पूरी संपत्ति उस पर लुटा देंगे। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ बुश की कार्रवाई का भी खूब विरोध किया था। बुश को हराने के लिए उन्होंने ढाई सौ करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किये थे।

सोरोस को चीन, भारत के नरेंद्र मोदी, ब्लादिमीर पुतिन, अमेरिका पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेता पसंद नहीं हैं। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को ठग और पीएम मोदी को तानाशाह कहा था। उन्होंने दुनिया में 'राष्ट्रवाद' के बयार से लड़ने के लिए लगभग एक सौ अरब डॉलर के फंड की स्थापना की है। इस फंड का इस्तेमाल इन लोगों के खिलाफ प्रोपगेंडा फैलाने के लिए किया जाता है। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में उन्होंने कहा था कि दुनिया में राष्ट्रवाद तेजी से बढ़ रहा है। इसका सबसे खतरनाक नतीजा भारत में देखने को मिला है।

सोरोस ने वित्तीय संकट पैदा किया और लाभ कमाया

जॉर्ज सोरोस को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जाना जाता है, जिसने बैंक ऑफ इंग्लैंड को बर्बाद कर दिया। बैंक ऑफ इंग्लैंड यूनाइटेड किंगडम का केंद्रीय बैंक और यह भारत के रिजर्व बैंक के समानांतर है। हेज फंड मैनेजर सोरोस ने अपनी साजिशों से ब्रिटिश मुद्रा पाउंड की वैल्यू को गिरा दिया था। इससे उन्होंने लगभग एक बिलियन डॉलर (8277 करोड़ रुपये) का लाभ कमाया था। उन्हें वित्तीय युद्ध अपराधी तक कहा गया है। यह कुछ हिंडनबर्ग रिसर्च की तरह ही है। हिंडनबर्ग भी अपनी रिपोर्ट में किसी कंपनी की वित्तीय स्थिति को खराब बताया है। इससे उसके शेयर गिरने लगते हैं और उसे शॉर्ट सेल करके लाभ कमाता है। अडानी मामले में भी हिंडनबर्ग ने यही तरीका अपनाया। इसके पहले भी वह ऐसा ही करता है। जॉर्ज सोरोस ने बैंक ऑफ इंग्लैंड के मामले में लगभग यही रणनीति अपनायी थी। साल 1997 में थाइलैंड की मुद्रा बाहत पर सट्टेबाजी हमलों के लिए सोरोस को जिम्मेदार ठहराया गया था। थाइलैंड की मुद्रा में आई गिरावट के कारण उस साल एशिया के अधिकांश देशों में वित्तीय संकट फैल गया था। मलेशिया के तत्कालीन प्रधानमंत्री महाथिर बिन मोहम्मद ने भी वहां की मुद्रा रिंगित की गिरावट के लिए सोरोस को जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि सोरोस ने इसका खंडन किया था।

इसके अलावा, सोरोस पर अन्य अनैतिक तरीकों से संपत्ति कमाने का आरोप लगा है। वर्ष 2002 में फ्रांस की अदालत ने सोरोस को अनैतिक और अनधिकृत व्यापार का दोषी पाते हुए उन पर 23 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया था। सोरोस ने अदालत के इस फैसले को फ्रांस की सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने सोरोस पर लगाये गये इस जुर्माने को बरकरार रखा।

अमेरिका में भी जॉर्ज सोरोस पर बेसबॉल खेलों में पैसा लगाकर अनैतिक तरीके से लाभ कमाने का आरोप लगा। इसी तरह इटली की फुटबॉल टीम एएस रोमा को लेकर भी सोरोस विवादों में आया था। इतना ही नहीं, सोरोस ने साल 1994 में खुलासा किया था कि उन्होंने आत्महत्या करने में अपनी मां मदद की थी।

सरकारों के खिलाफ प्रोपगेंडा और भारत

फ्रांस से भारत ने 36 राफेल विमानों को खरीदा था। इसको लेकर विपक्षी दल कांग्रेस ने हंगामा किया था और कहा था कि इसमें दलाली हुई है। हालांकि, यहां की सुप्रीम कोर्ट ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था। इसके बाद फ्रांस की एनजीओ शेरपा एसोसिएशन ने इसमें भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराकर जांच की मांग की थी। इस एनजीओ को जॉर्ज सोरोस की ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से फंड जारी किया जाता है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भी जॉर्ज सोरोस के नाम जुड़े हैं। 31 अक्टूबर 2022 को सलिल शेट्टी नाम का एक व्यक्ति राहुल गांधी की कर्नाटक के हरथिकोट में उनकी भारत जोड़ी यात्रा में शामिल हुआ। सलिल शेट्टी जॉर्ज सोरोस द्वारा स्थापित ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के वैश्विक उपाध्यक्ष हैं। इसके पहले शेट्टी एमनेस्टी इंटरनेशनल से जुड़े थे। हालांकि कांग्रेस ने सोरोस के भारत विरोधी बयान की निंदा की है।

सीएए प्रोटेस्ट में भी जॉर्ज सोरोस का नाम जुड़ा है। कहा जाता है कि नागरिकता संशोधन बिल के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर हुए विरोध को हवा देने के लिए जॉर्ज सोरोस ने फंडिंग की थी। इसकी पुष्टि उनके बयानों से भी होती है। सोरोस ने भारत में लागू किये जा रहे एनआरसी और सीएए को मुस्लिम विरोधी बताया था।

इसी तरह कश्मीर से जब केंद्र की मोदी सरकार ने धारा 370 को खत्म कर जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त किया था, तब भी सोरोस सामने आये थे। उन्होंने मोदी सरकार के इस फैसले का विरोध किया था। सोरोस ने कहा था कि भारत हिंदू राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है। इसी तरह किसान आंदोलन और भारत द्वारा कोरोना का वैक्सीन बनाने के बाद उसके खिलाफ वैश्विक मुहिम चलाने में भी सोरोस का नाम आ चुका है।

दरअसल, जॉर्ज सोरोस की भूमिका उन हर बातों में लगभग सामने आयी, जो केंद्र की भाजपा सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ रही। जॉर्ज सोरोस की नरेंद्र मोदी के खिलाफ कितनी नरफत है, इसका वह तानाशाह कहकर सबूत दे चुके हैं और समय-समय पर अन्य आरोपों के जरिये इसकी पुष्टि भी करते रहते हैं। वैसे तो सोरोस की कहानी सैकड़ों पन्नों में भी नहीं खत्म होगी, लेकिन फिलहाल संक्षिप्त में इतना ही।

सांसद और अभिनेत्री भाग्यश्री ने बाबा मंदिर में की पूजा-अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। महाशिवरात्रि महोत्सव में भाग लेने देवघर आई फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने रविवार सुबह सांसद निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी अनामिका गौतम के साथ बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की। पूजा समाप्त कर पत्रकारों से भाग्यश्री ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा मंदिर में दर्शन करना सौभाग्य की बात है। देवघर आमंत्रित करने के लिए उन्होंने सांसद निशिकांत दुबे के प्रति आभार व्यक्त किया।

मौके पर सांसद ने कहा कि सांसद के रूप में गोड्डा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे 15 साल हो गये। लगातार जीत बाबा भोलेनाथ के कृपा से मिलती रही है। महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा मंदिर में पूजा करना मेरे जीवन का अपूर्व आनंद का क्षण रहा है। महाशिवरात्रि महोत्सव बिना किसी विघ्न बाधा के समाप्त होना भोले बाबा की कृपा से ही संभव हुआ है। बाबा के चरण में शीश नतमस्तक है। उल्लेखनीय है कि भाग्यश्री मशहूर भोजपुरी गायक मनोज तिवारी के साथ 18 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव में भाग लेने देवघर पहुंची थीं। वे शिव बारात में मनोज तिवारी और सांसद के साथ शरीक होकर श्रद्धालुओं का अभिवादन किया।

देवघर-रांची-पटना हवाई सेवा अब एक मार्च से

आजाद सिपाही संवाददाता

17 फरवरी से ही शुरू होने वाली थी

रांची। देवघर से रांची और पटना के लिए हवाई सेवा शुरू होगी। हालांकि 17 फरवरी से शुरू होने वाली देवघर-रांची हवाई सेवा स्थगित कर दी गयी है। इंडिगो प्रबंधन के अनुसार राज्य सरकार के नागर विमानन विभाग से देवघर से रांची का स्लॉट नहीं मिलने के कारण यह सेवा फिलहाल स्थगित करनी पड़ी है। नागर विमानन में कुछ विभागीय टेक्निकल प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया पूरी होते ही अब एक मार्च से देवघर-रांची हवाई सेवा शुरू कर दी जायेगी।

एयरलाइंस कंपनी इंडिगो से रांची-देवघर से पटना की हवाई से शुरू करेगी। देवघर से रांची का किराया 2050 रुपये और देवघर से पटना का किराया 2500 रुपये निर्धारित किया गया है। 76 सीटों वाले इस विमान में देवघर से रांची जाने के लिए कुल 28 सीटों की बुकिंग भी हो गयी थी। लेकिन शेड्यूल स्थगित होने के बाद सभी यात्रियों की बुकिंग रद्द कर दी गयी और यात्रियों को किराया वापस कर दिया गया। बताया जाता है कि देवघर से रांची का सफर 55 मिनट में पूरा होगा, जबकि देवघर से पटना का सफर एक घंटे में पूरा होगा। शेड्यूल के अनुसार देवघर-रांची की फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी, जबकि देवघर-पटना की फ्लाइट सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। देवघर एयरपोर्ट से पटना की फ्लाइट सुबह 11:20 बजे टेकऑफ करेगी और पटना एयरपोर्ट पर दोपहर 12:25 बजे लैंडिंग होगी। वापस पटना एयरपोर्ट से यह फ्लाइट दोपहर 12:45 बजे टेकऑफ करेगी व 1:45 बजे देवघर एयरपोर्ट पर लैंडिंग होगी। रांची से दोपहर 3:20 बजे टेकऑफ करेगी व देवघर एयरपोर्ट पर 4:15 बजे लैंड करेगी।

गांव में घुसा 28 हाथियों का झुंड, एक ग्रामीण को मार डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

ग्रामीणों की मदद में जुटे विधायक इरफान अंसारी

जामताड़ा। मिहिजाम के गुआकोला क्षेत्र के जंगल में शनिवार को हाथियों का आतंक देखने को मिला। शनिवार की रात 28 हाथियों का झुंड गांव में घुस गया। हाथियों ने एक ग्रामीण को कुचलकर मार डाला।

गांव में अचानक बड़ी संख्या में हाथियों के घुस जाने से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। इसी बीच हाथियों ने एक ग्रामीण को मार डाला।

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को सुरक्षित ठिकाने पर जाने को कहा। इसके साथ ही जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी भी मौके पर पहुंचे। विधायक ने विभाग के अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने वन विभाग को ग्रामीणों की सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही देर रात से ही ग्रामीणों की मदद में पूरी टीम के साथ जुटे रहे। हाथियों के उपद्रव से आसपास के गांव में दहशत है।

वृद्धा आश्रम में खून से लथपथ हालत में मिला बुजुर्ग

साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रम में रविवार की सुबह एक बुजुर्ग व्यक्ति खून से लथपथ हालत में मिला। साहिबगंज सदर अस्पताल के चिकित्सक ने गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। डॉक्टर के अनुसार बुजुर्ग के गले में दो कट हैं, जिससे काफी खून बह चुका है। उसकी हालत गंभीर है। आश्रम की केयर टेकर नीतू कुमारी का कहना है कि बुजुर्ग का नाम अनिरुद्ध प्रसाद (74) है। वह पिछले डेढ़ साल से वृद्धा आश्रम में रह रहे हैं। बुजुर्ग साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड के बरहेट बाजार का रहने वाले हैं। उसके नाम पर एक मकान है, जिसको लेकर उनकी दो बेटियों के साथ उसका विवाद था। दोनों बेटी बुजुर्ग के उस मकान पर हक जताती थीं लेकिन कोई भी बुजुर्ग को अपने साथ रखना नहीं चाहती थी। केयर टेकर नीतू के अनुसार बुजुर्ग हमेशा डरे रहते थे और अपनी हत्या की आशंका जताते थे। घटना की सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी चिरंजीत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

अपराधियों ने सैलून में युवक को मारी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

फरार आरोपी दाहू यादव के बेटे और भाई सहित अन्य पर आरोप

साहिबगंज। जिले के नगर थाना क्षेत्र के तालबन्ना स्थित एक सैलून में बाल कटवाने गये युवक को चार की संख्या में आये आपराधियों ने गोली मार दी। गोली युवक के कमर में लगी है। वहीं घायल युवक का नाम अंकित यादव बताया जा रहा है। पिता जनार्दन यादव ने नगर थाना प्रभारी को आवेदन दिया है, जिसमें बताया गया है कि उनका पुत्र राहुल अपने खेत पर काम करने गया था वहां से जब वापस अपने घर लौट रहा था तो रास्ते में शोभनपुर दियारा के पास राहुल यादव, सुमित यादव, अविनाश यादव, सुनील यादव, रजत यादव एवं पशुपति यादव ने उसे रोककर गाली-गलौज किया और कहा कि तुम्हारा मन बढ़ गया। जब राहुल यादव के साथ गाली-गलौज कर रहे थे तो उन सभी लोगों के पास हथियार थे तो चुपचाप उनका बेटा घर आ गया और सारी घटना की जानकारी उन्हें दी।

इसके बाद दोपहर करीब 3 बजे जब उनका पुत्र घर से कुछ ही दूरी पर सैलून में बाल कटवाने के लिए गया हुआ था तो ठीक उसी समय गाली-गलौज करने वाले सभी लोग आये और उनमें से एक शख्स ने इसके ऊपर गोली चला दी। जहां इस दौरान गोली उनके पुत्र के पेट के निचले हिस्से में जा लगी जिसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल से मालदा रेफर कर दिया गया।

इधर इस मामले को लेकर नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार ने बताया कि सूचना पाकर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी थी। साथ ही इस घटना को लेकर घायल युवक के पिता के द्वारा दिये गये आवेदन पत्र पर कांड संख्या 14/23 दर्ज करते हुए कई लोगों को आरोपी बनाया गया। जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है। वहीं उन्होंने कहा कि इस गोलीबारी की घटना में शामिल सभी आरोपियों को पुलिस बहुत जल्द गिरफ्तार करते हुए जेल भेज देगी।

www.epaper.azadsipahi.in

20 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 123

25 अप्रैल को खुलेगा केदारनाथ मंदिर का कपाट

रामगढ़ उपचुनाव : सीएम ने बजरंग महतो के पक्ष में किया प्रचार

महागठबंधन की होगी जीत दो सौ प्रतिशत गारंटी : हेमंत

- विपक्ष पर साधा निशाना, पैसे बांटने का लगाया आरोप

अंजनी कुमार

गोला (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि ये उपचुनाव कराने के लिए पिछले छह महीने से तैयारी की जा रही थी। चुनाव जीतने के लिए विपक्ष के लोग गांव-गांव में पैसे बांट रहे हैं। लोगों के बीच हड़िया, दारू, मुर्गा, मीट व खस्सी बांटने का काम किया जा रहा हैं। ये लोग व्यापारी वर्ग से आते हैं। उन्हें आदिवासी, दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। जिस तरह से यहां के आदिवासी-मूलवासी ने डबल इंजन की सरकार को भगाने का काम किया था, उसी प्रकार इस उपचुनाव में भी इन्हें खदेड़ने का काम करेगी। महागठबंधन के प्रत्याशी की 200 फीसदी जीत होगी। यह गारंटी मैं देता हूं। मुख्यमंत्री रविवार को गोला हाइ स्कूल मैदान में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग कुमार महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

खाने और दिखाने के दांत अलग-अलग : विपक्ष पर निशाना साधते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि इन्हीं लोगों ने ओबीसी आरक्षण को 27 से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया था। इन लोगों के खाने के दांत कुछ और है, दिखाने के दांत कुछ और। उन्होंने कहा कि इस राज्य का विकास 20 सालों में क्यों नहीं हुआ, इसका जवाब भाजपा को देना चाहिए। अलग राज्य तो दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने दे दिया। इस राज्य के निर्माण के लिए बिनोद बिहारी महतो, निर्मल महतो सहित कई लोग शहीद हो गये, लेकिन राज्य बनने के बाद सत्ता उन लोगों को मिल गया, जो लोग इसके बनाने के विरोधी थे। आजसू पार्टी के लोग इनकी गोद में जाकर बैठ गये हैं। यह लोग एक-दो विधायक बनाकर सत्ता को ब्लैकमेल करने का काम करते रहे। यहां आजसू के लोग ठेका, पट्टा का काम करते हैं। हम लोग ऐसा काम नहीं करते हैं। हम लोग दलित और पिछड़ा वर्ग के लोगों की मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि आजसू के लोग चूल्हा प्रमुख बना रहे हैं। यह बोका बनाने का काम है।

मुख्यमंत्री ने गिनायी सरकार की उपलब्धियां : हेमंत सोरेन ने कहा कि कोरोना के समय में हम लोगों ने मजदूरों को हवाई जहाज से वापस मंगवाया। किसी भी मजदूर को सरकार ने भूखा नहीं मरने दिया। हमारे साथ भाजपा के लोग सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। हमारी सरकार को गिराने की साजिश चल रही है, लेकिन हमारे साथ राज्य की जनता का आशीर्वाद है। भाजपा यहां के लोगों पर विश्वास नही करती है। जिसका उदाहरण है कि छत्तीसगढ़ के व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार में सभी विधवा महिलाओं को पेंशन नहीं मिलता था। बेड़-बुजुर्ग पेंशन के लिए इधर-उधर भटकते रहते थे। हमारी सरकार ने उन सभी को पेंशन दिया। पहले अधकिारी, बीडीओ-सीओ गांव नहीं जाते थे। हमारी सरकार ने व्यवस्था बदली। अब अधिकारी पंचायत-पंचायत जाकर शिविर लगा रहे हैं। आपकी समस्याओं को सुनते हैं। सभा को के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र महतो, पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता,कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ,मंडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की से संबोधित किया।

ममता को षड्यंत्र कर भेजा जेल

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां का उपचुनाव एक योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। षड्यंत्र करके यहां की तत्कालीन विधायक ममता देवी को जेल भेजा गया है। विपक्ष ने दुधमुंहे बच्चे को मां से अलग करने का काम किया है। राजनीतिक लड़ाई में यह लोग गंदी राजनीति पर उतर आये हैं। इन बेईमानों को झारखंड के लोगों का ताकत दिखाना है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आजसू पार्टी के लोग मंत्री बने थे। उस समय से लेकर आज तक ग्यारह उप चुनाव हुए हैं, जिसमें दस उपचुनाव हम लोगों ने जीत दर्ज की है। एक में हार हुई है। मेरा पूरा दावा है कि इस उपचुनाव में महागठबंधन की जीत होगी ।

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का शुभारंभ

देश ही नहीं, विदेशों तक फैली मां भद्रकाली की ख्याति : भोक्ता

अजय चौरसिया

चतरा (आजाद सिपाही)। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा है कि चतरा के पावन धरती इटखोरी में पिछले आठ वर्षों से महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिले के लोगों को पूरे एक साल तक इटखोरी महोत्सव का इंतजार रहता है। पिछले दो वर्ष कोविड-19 कारण सांकेतिक रूप से इटखोरी महोत्सव आयोजित हुआ। इस बार फिर से भव्य रूप में इटखोरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इटखोरी महोत्सव के आयोजन से यहां स्थित भद्रकाली मंदिर का देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी ख्याति प्राप्त हुआ है। श्रम मंत्री रविवार को तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे।

धार्मिक व पर्यटन स्थलों को विकसित किया जायेगा : भोक्ता ने कहा कि सरकार राज्य के सभी धार्मिक व पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए संकल्पित है। चतरा जिले के पर्यटन स्थलों का भी विकास किया जा रहा है। जिले के धार्मिक व पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कई योजनाएं बनायी गयी है। चतरा में इटखोरी के साथ-साथ माता कौलेश्वरी, चूंदरू धाम, महादेव मठ, बल बल गर्म कुंड, बरूरा शरीफ के साथ-साथ तमासिन जलप्रपात, गोवा, खैयवा जलप्रपात के विकास के लिए भी कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे सांसद सुनील कुमार सिंह व सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के साथ मिलकर एक बैठक करेंगे और जिले के धार्मिक व पर्यटक स्थलों को और कैसे विकसित किया जा सकता है, उसकी रूपरेखा तैयार करेंगे।

राजनीति बांटती है, लेकिन संस्कृति जोड़ने का काम करती है : सांसद

सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हिंदू, जैन व बौद्ध धर्म की संगम स्थली इटखोरी में महोत्सव के आयोजन से जिले का परिदृश्य बदला है। 2014 के पूर्व जिले की पहचान रक्तरंजित व्यवस्था के लिए होती थी। माता भद्रकाली की कृपा से अब इस जिले की पहचान धार्मिक व पर्यटन के रूप में हो रही है। उन्होंने कहा कि इटखोरी महोत्सव अब किसी व्यक्ति व संस्थान का नहीं रहा। बल्कि यह महोत्सव अब सरकार का हो गया है। अब चाहे कोई भी विधायक व सांसद रहे, इटखोरी महोत्सव होता रहेगा। जब 2015 में इटखोरी महोत्सव की शुरूआत की थी तो उनकी कल्पना थी कि माता के दरबार में प्रत्येक वर्ष महोत्सव का आयोजन हो। अब यह सपना पूरा होता दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीति भले ही लोगों को बांटने का काम करती है, लेकिन संस्कृति एक ऐसा माध्यम है जो लोगों को जोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि जिले के पर्यटन स्थलों को सर्किट के तौर पर श्रृंखला खड़ा कर जिले को विकसित किया जा सकता है। पर्यटन सिर्फ रोजगार ही नहीं उपलब्ध कराता है बल्कि लोगों को संस्कृति का बोध भी कराता है।

तीन धर्मों का संगम स्थल है इटखोरी : विधायक

सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि जिले का इटखोरी तीन धर्मों का संगम स्थल है। हिंदू, जैन व बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए यह आस्था का केंद्र है। कार्यक्रम में कम उपस्थिति को लेकर विधायक ने जिला प्रशासन को खरी-खोटी भी सुनायी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में खाली कुर्सियां चिंता का विषय है। जिला प्रशासन को इसके लिए चिंतन करने की आवश्यकता है। आज इटखोरी महोत्सव किसी ख्याति का मोहताज नहीं है। इसके बावजूद कार्यक्रम में उपस्थिति कम होना चिंता जाहिर करता है। तीन धर्मों के संगम स्थली भद्रकाली का ख्याति और भी कैसे बढ़े, इसके लिए हम सभी को सोचना पड़ेगा।

धूमधाम से शुरू हुआ महोत्सव : इटखोरी महोत्सव का रंगारंग तरीके से धूमधाम के साथ शुभारंभ हुआ। डॉ विपिन कुमार मिश्रा के स्तोत्र गायन के बीच झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सासंद सुनील कुमार सिंह व सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया। महोत्सव को लेकर भद्रकाली नगरी को दुल्हन की तरह सजायी गयी है। इस मौके पर डीसी अबू इमरान ने कहा कि जिला प्रशासन जिले के सभी धार्मिक व पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए कार्य योजना तैयार की है।

रांची पहुंचे झारखंड हाइकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश आज लेंगे शपथ

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के नए मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा का रांची आगमन हो चुका है। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा झारखंड हाई कोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में सोमवार को शपथ लेंगे। वो इससे पूर्व उत्तराखंड हाइकोर्ट में जज थे। रांची आगमन पर उनका गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। वहीं रविवार को जस्टिस संजय कुमार मिश्रा रांची पहुंचे. जहां पर प्रोटोकॉल के अनुसार रांची के उपायुक्त सहित सभी पदाधिकारी और अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह को अमन साहू गैंग की धमकी

- एसकेटीसी कंपनी की ओर से बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। लातेहार जिले के जर्री के पास टोरी-शिवपुर रेल लाइन निर्माण की साइट पर हमले की जिम्मेदारी गैंगस्टर अमन साहू ने ली है। यह बात उसके गुर्गे मयंक सिंह ने रेल लाइन का निर्माण करा रही कंपनी एसकेटीसी को फोन कर कही है। यह कंपनी भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह की है। उन्होंने बालूमाथ थाना में इस बाबत एक प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

क्या कहा गया है प्राथमिकी में : प्राथमिकी में कृपाशंकर सिंह ने कहा है कि 18 फरवरी को शाम करीब पांच बजे अज्ञात हथियारबंद अपराधियों द्वारा साइट पर अंधाधुंध फायरिंग की गयी, जिसमें पोकलेन का चालक एवं हेल्पर बाल-बाल बच गये। इसके पहले छह जनवरी को शाम करीब 06.22 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा दूरभाष संख्या +126354006330 से मेरे मोबाइल पर अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए पैसे की मांग की गयी तथा नहीं देने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी गयी थी। इसी बीच दिनांक 14 जनवरी को हमारे पार्टनर बबन कुमार सिंह को भी उनके मोबाइल पर फोन कर अमन साव गिरोह के मयंक सिंह के द्वारा मोबाइल संख्या : +1 (606) 8879734 एवं 15 जनवरी को पुनः मोबाइल संख्याः +947524731 से पैसे की मांग की गयी। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। इसकी सूचना पूर्व में दी गयी है। कल की घटना से हमारे कार्यस्थल पर दहशत का माहौल हो गया है। प्राथमिकी में आगे कहा गया है कि आज दिनांक 19 फरवरी को हमारे मोबाइल पर मोबाइल संख्या +94752473147 से दिन में 1:12 बजे एवं 1:36 बजे व्हाट्सएप्प कॉल कर मयंक सिंह के द्वारा कल साइट पर हुई अंधाधुंध फायरिंग की जिम्मेदारी ली गयी। और मयंक सिंह ने कहा कि कल जो गोलीबारी हुई, वह सिर्फ ट्रेलर था। आपकी किस्मत अच्छी थी, जो बच गये। अगर सेटलमेंट नहीं किये, तो गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। आप हमारे बारे में पूरे झारखंड में पता कर लीजियेगा। जब तक सेटलमेंट नहीं हो जाता, तब तक काम बंद रखें। नहीं तो हमलोग दुबारा मौका नहीं देते हैं। किसी भी समय आपकी हत्या की कर दी जायेगी और साइट को धुआं-धुआं कर दिया जायेगा। प्राथमिकी में बातचीत के कुछ रिकॉर्ड किये गये अंश को भी संलग्न किया गया है।

राज्य में असीम खेल प्रतिभाएं निहित : राधाकृष्णन

- सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि झारखंड राज्य अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। इस राज्य में असीम खेल प्रतिभाएं निहित हैं, जिन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। हमारे युवाओं को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, उन्हें उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। अगर आप यह हासिल करना चाहेंगे, तो कर सकते हैं। राज्यपाल रविवार को रांची के खेलगांव में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के समापन मौके पर बोल रहे थे।

वीरों की भूमि है झारखंड : राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य वीरों की भूमि है। यहां भगवान बिरसा मुंडा समेत अन्य महान स्वतंत्रता सेनानी हुए। भगवान बिरसा मुंडा जी का जन्म 1875 ई० में हुआ और वे 1900 ई० में 25 वर्ष की अल्पायु में ही देश के लिए संघर्ष करते हुए शहीद हो गये, लेकिन लोगों के हृदय में उनका स्थान सदा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण के बाद आज मेरा दूसरा कार्यक्रम है। पहला कार्यक्रम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में हुआ, जबकि दूसरा आप खिलाड़ियों के साथ हो रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत खेल प्रतिभा मौजूद : राज्यपाल ने कहा कि इस पावन भूमि ने कई ऐसे खिलाड़ी प्रदान किये हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र का नाम रौशन किया है। यह राज्य महान खिलाड़ी मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी की भूमि है। वे उस हॉकी टीम के कप्तान थे जो 1928 के ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने क्रिकेट की दुनिया में बहुत बड़ा नाम अर्जित किया है और अपने खेल से सबको प्रभावित किया। राज्यपाल ने निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, अरुणा मिश्रा, दीपिका, रूपा रानी तिर्की, लवली चौबे, चंदन कुमार सिंह समेत अन्य खिलाड़ियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत खेल प्रतिभा मौजूद हैं, जिन्हें आगे लाने की जरूरत है। झारखंड को 'लैंड ऑफ आर्चरी' एवं 'लैंड ऑफ हॉकी' कहा जा सकता है।

सांसद संजय सेठ के प्रयास की सराहना की : राज्यपाल तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के लिए लोकसभा सांसद संजय सेठ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के बीच खेल को आगे बढ़ाने व एक नया अवसर प्रदान करने की दिशा में यह सराहनीय प्रयास है। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस आयोजन से छुपी हुई प्रतिभा के सामने आने की उम्मीद जतायी। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयें : सांसद संजय सेठ ने स्वागत भाषण में कहा कि पूरा देश चाहता है कि ओलंपिक, एशियन, कॉमनवेल्थ सहित अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक तालिका में ऊपर आये और पदक अर्जित करें। इसके लिए ग्रामों और टोलों में कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड खेल के क्षेत्र में समृद्ध है। इस दिशा में प्रधानमंत्री के आह्वान पर सांसदों द्वारा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कर प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि तीन दिनों से चलने वाली इस प्रतियोगिता में लगभग 5000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने राज्यपाल का खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम में आने हेतु आभार प्रकट किया। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने किया। इस मौके पर राज्यपाल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

दारू प्रेस क्लब की त्रैमासिक बैठक

दारू (आजाद सिपाही)। दारू प्रेस क्लब की त्रिमासिक बैठक राजन सिन्हा के निजी कार्यालय में रविवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष बसंत नारायण ने किया। क्षेत्र के वर्तमान परिवेश पर विचार विमर्श किया गया कि समाज के हर एक व्यक्ति को किसी भी विभाग के पदाधिकारियों की अपेक्षा पुरे प्रखंड के लोगों का उम्मीदें पत्रकार से है ।ऐसी परिस्थिति में हमलोगों को अपनी पत्रकारिता के साथ साथ सामुदायिक प्रेसिंग पर कार्य कर जनता को अधिक से अधिक लाभ मिले। साथ ही साथ पत्रकार संघ की एकता पर बल दिया गया । आज हम पत्रकारों को अपने प्रेसिंग के दौरान कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है ।इसे भी सुगमता पूर्वक सामना करते हुए अपना कार्य करने का निर्णय लिया गया। वहीं 6 मार्च को दारू प्रेस क्लब के द्वारा होली मिलन समारोह का अयोजन किया जाएगा ।बैठक में संघ के सचिव देवनारायण प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजन सिन्हा, धीरज पुरी, सुमन सिन्हा, महेश कुमार,रौशन सिन्हा, दिनेश पासवान, सुनील यादव, रंजीत कुमार, दयाल राम सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

केरेडारी थाना प्रभारी किये गये लाइन हाजिर

केरेडारी(आजाद सिपाही)। केरेडारी थाना प्रभारी साधन चन्द्र गोराई को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं कटकमदाग थाना में कार्यरत नायल गॉडविन केरकेट्टा को केरेडारी थाना का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। केरेडारी के नए थाना प्रभारी के रूप में नायल गॉडविन केरकेट्टा ने रविवार की देर शाम पदभार ग्रहण कर लिया है। विदित हो की पूर्व में भी ये केरेडारी में अपना योगदान दे चुके हैं और पिछले दस सितम्बर 2022 को ही नायल गॉडविन केरकेट्टा का केरेडारी से तबादला हुआ था और अब एक बार फिर से इन्होंने केरेडारी के थाना प्रभारी तौर पर पदभार ग्रहण कर लिया है।

भाजपा पूर्वी मंडल की बैठक

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ प्रखण्ड अंतर्गत पूर्वी मंडल भाजपा की बैठक चानो में पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो की अध्यक्षता में बूथ सशक्तिकरण की बैठक की गयी। बैठक का संचालन महामंत्री प्रकाश साव ने किया ।बूथ सशक्तिकरण की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित थे। बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए,प्रत्येक बूथ में कम से कम पचास सक्रिय कार्यकर्ता महिला-पुरषो के साथ बूथ कमिटी बनाने की बात कही गयी । कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए माण्डू विधायक ने कहा बनासो में पिछली बैठक में आये प्रदेश से प्रभारी राकेश प्रसाद ने जिस प्रकार बूथ के निर्माण की बात की थी,उसी क्रम में हम सब को बूथ कमिटी के साथ पन्ना प्रमुख बनाना है । भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओ ने अगर ठान लिया तो जिस प्रकार से लोकसभा के चुनाव में माण्डू विधानसभा ने जिस तरह वोटिंग की थी, उसी प्रकार विधानसभा के चुनाव में भी होगी ।बैठक में माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने अंत मे सभी पंचायतो की जन समस्याओं को लिखकर जल्द ही उसे समाधान करने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी सुखदेव यादव, चंद्रनाथ भाई पटेल, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव, सुखदेव रजवार समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

नगर पर्षद पर प्रदर्शन को लेकर चलाया गया प्रचार अभियान

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न जन समस्याओं को लेकर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के द्वारा नगर पर्षद कार्यालय पर मंगलवार 21 फरवरी को होने वाले धरना प्रदर्शन की सफलता के लिए शहर के विभिन्न टोला मुहल्ला व वार्डो में प्रचार अभियान चलाया गया। इसी क्रम में रविवार को असना इंदरवा में यूनियन के अध्यक्ष नागेश्वर दास की अध्यक्षता में बैठक कर पर्चा वितरित किया गया। बैठक में निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के नगर सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि शहर में साफ सफाई, पानी बिजली, लाईट, सड़क नाली की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। विकास कार्य ठप है. पीएम आवास योजना का पैसा पिछले दस महीनों से लाभुकों को नहीं मिला है, लोग परेशान हैं। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पेंशन और राशन कार्ड के लिए दिए गए आवेदन पर कार्रवाई अधुरा है। बैठक में मनोज दास, कुंती देवी, कंचन देवी, लिलधारी, मुन्नी देवी, धनु दास, महेन्द्र दास, गोपाल, प्रकाश दास, दिनेश दास, लखन दास, विजय दास, सुरेश दास, महेन्द्र दास, किशुन दास, जगन्नाथ दास आदि मौजूद थे।

जयनगर में शिव गुरु चर्चा 26 फरवरी को

कोडरमा (आजाद सिपाही)। शिव शिष्य परिवार जयनगर प्रखंड की एक आवश्यक बैठक वीर कुंवर सिंह स्टेडियम घनघरी जयनगर में की गई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 26 फरवरी को आयोजित होने वाली विशद शिव गुरु परिचर्चा के सफल संचालन के निमित्त विचार विमर्श किया गया। वीर कुंवर सिंह स्टेडियम घंघरी में गुरु परिचर्चा के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात एक बैठक भी की गई। बैठक में कार्यकर्ता का सूची, प्रचार प्रसार कार्यक्रम का रूपरेखा तैयार किया गया यह भी निर्णय लिया गया कि इस स्टेडियम के आसपास लगभग 20 गांव में बेहद रूप से प्रचार प्रसार किया जाएगा। गुरु परिचर्चा 26 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 अपराहन तक चलेगी। बैठक में दिनेश कुमार कोडरमा, सुरेश पंडित पूणार्डीह, अर्जुन राम, सहदेव पासवान, मंटू कुमार, मुन्ना कुमार, शशि पांडे, ब्रह्मदेव, भोला पासवान, राधिका देवी, आरती देवी, संगीता देवी समेत अन्य मौजूद थे।

29 वर्षीय सतेंद्र सिंह लापता

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पपलो पंचायत के ग्राम लोहरा नावाडीह 2 निवासी चुरामण सिंह ने मरकच्चो थाना में अपने पुत्र 29 वर्षीय सतेंद्र सिंह की गुमशुदगी को लेकर थाना मे आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि मेरा पुत्र ने सिकन्दराबाद से 30 जनवरी को फोन कर कहा कि मैं 3 फरवरी को घर आने के लिए टिकट बुकिंग करने वाला हूं। उसके बाद 3 फरवरी को 11:31 बजे अंतिम बात हुआ। उसके बाद 5 फरवरी को अपने बेटे से बात करने की कोशिश किया तो उसका फोन स्विच ऑफ आया। इसके बाद हमारा बेटा जिस कम्पनी में काम कर रहा था उसके मालिक रवि सिंह पिता स्व नथन सिंह से बात की तो उसने कहा कि आपका बेटा घर चला गया है। वह अभी तक घर नही आया है।

दो दिवसीय मेले को लेकर ध्वजाधारी धाम में दूसरे दिन भी उमड़े श्रद्धालु

कोडरमा (आजाद सिपाही)। दो दिवसीय शिवरात्रि मेले को लेकर कोडरमा जिले के विभिन्न इलाके झुमरीतिलैया, कोडरमा, डोमचांच, नवलशाही, मेघातरी, दिबोर, चंदवारा, मरकच्चो, सतगावां, जयनगर समेत बिहार के निकटवर्ती इलाके से लोग ध्वजाधारी धाम पहुंचे और धूमधाम से भक्ति भावनाओं के साथ महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले में पूजा अर्चना कर मन्नते मांगी। वहीं विभिन्न शिवालय में श्रृद्धालुओ की अपार भीड़ देखी गई। कोडरमा का ध्वजाधारी धाम आकर्षण का केंद्र रहा यहां पर रविवार को भी हजारो श्रद्धालुओं ने 777 सीढ़ी चढ़कर पहाड़ी का चोटी पर जल अभिषेक किया। लोग हर हर महादेव का नारा लग रहे थे। श्रद्धालुओं को कोई कष्ट ना हो परेशानी ना हो इसलिए सहायता केंद्र का पंडाल भी लगाए गए, सदर अस्पताल कोडरमा द्वारा एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार से सम्बंधित व्यवस्थाएं कराई गयी। भारी भीड़ के पहुंचने के कारण सुरक्षा व्यवस्था को धता बता कर कई महिलाओ के जेवर की चोरी भी हो गई। जिसके बाद एक युवती को एक भुक्तभोगी महिला के परिजनों ने रंगेहाथ पकड़ समिति को सौंप दिया।

जिला कांग्रेस सेवा दल जिला कार्यकारणी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला सेवा दल की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कार्यकारी मुख्य संगठक विश्वास पासवान ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने जिला संगठन को युद्ध स्तर पर मजबूती के विषय पर चर्चा करते हुए सर्वप्रथम सशक्त कमिटी का अतिशीघ्र गठन कर ट्रेनिंग प्रोग्राम करवाया जाय। ताकि कार्यकर्ता कांग्रेस सेवा दल के कार्यक्रमों से रूबरू हो सकें। उन्होंने कहा कि माह के अंतिम रविवार को राष्ट्रीय ध्वजारोहण करना कांग्रेस सेवा दल की परम्परा रही है उसे जारी रखने की आवश्यकता है। बैठक का संचालन ध्वजारोहण प्रभारी मनोज कुमार ने किया। सेवा दल कार्यकारिणी की बैठक में सेवा दल के प्रदेश सचिव कुशवाहा निशांत कुमार सिन्हा, मो. मेराज, अविनित यादव, जगन्नाथ पासवान, पिन्टू कुमार, धीरज कुमार, धर्मवीर कुमार, अंनत कुमार सिन्हा, इन्द्रेव कुमार, देवी, राजेश राम जिला मीडिया प्रभारी निसार खान, राजू चौरसिया, गुड्डू सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, कृष्णा किशोर प्रसाद, शिव कुमारी सोनी, दिलीप कुमार रवि, दिलदार अंसारी, अमृतेष रंजन के अलावा कई सेवा दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पुलिस ने किया 15 टन कोयला जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव वन विभाग एवं पुलिस के संयुक्त छापामारी में थाना क्षेत्र के लगभग दो दर्जन अवैध कोयला खदान का डोजरिंग करते हुए डंप किया गया लगभग 15 टन कोयला जब्त किया गया। यह कार्रवाई वन विभाग के जिला सहायक वन संरक्षक पदाधिकारी एके परमार एवं बड़कागांव थाना के एसआई अभय कुमार के नेतृत्व में 6 जेसीबी गोंदलपुरा, बादम, राउतपारा, रूबी, अंबा झरना के लगभग 20 अवैध कोयला खदान का डोजरिंग किया गया। समाचार लिखे जाने तक आगे भी कार्रवाई जारी है। ज्ञात हो कि बड़कागांव थाना क्षेत्र के सैकड़ों अवैध कोयला खदान के माध्यम से कोयला खनन कर जिले एवं राज्य के बाहर कोयला निर्यात करने की सूचना वन विभाग एवं पुलिस को लगातार मिल रही थी। इसी के आलोक में दोनों विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला खदान को नोजरिंग किया जा रहा है। अवैध कोयला कारोबारियों की पहचान कर कार्रवाई करने की भी प्रक्रिया जारी है।

कोडरमा अंचलाधिकारी के खिलाफ 21 फरवरी को विशाल प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। भाकपा अंचल कमेटी कोडरमा की बैठक श्यामली पब्लिक स्कूल लरियाडीह में अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन के अध्यक्षता में की गई। अंचल मंत्री रामेश्वर यादव उर्फ भीखन यादव ने रिपोर्ट प्रस्तुत किया। बैठक में कोडरमा अंचलाधिकारी अनिल कुमार के भ्रष्टाचार की चर्चा हुई। दलाल और बिचौलियों से मिलकर दाखिल खारिज, जमीन ऑनलाइन, खाता एवं प्लॉट नंबर चढ़ाने, लंबित रसीद निर्गत करने मे दलाल एवं बिचौलियों के जरिए मोटी रकम लेने एवं प्रखंड में चल रहे मनरेगा योजनाओं के अंतर्गत डोभा निर्माण में जेसीबी मशीन से किए गए कार्यों को वरीय पदाधिकारियों से जांच करवाने 15वे वित्त आयोग से किए गए कार्यों को टीम गठित कर जांच करवाने आदि सवालों को लेकर 21 फरवरी को कोडरमा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। प्रदर्शन के पूर्व दोपहर 12 बजे पूर्णिमा टॉकीज झुमरी तिलैया से जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, सुखदेव पांडेय, असगर अंसारी, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, शिवनंदन शर्मा, तिलक दास, नरायण राणा, बासुदेव पंडित, उमेश पंडित, अर्जुन दास, दिलीप राणा, रविंद्र ठाकुर, वासुदेव दास, जाकिर मियां, मंसूर अंसारी, फरजाना खातून, प्रमिला देवी, किरण देवी, मुनिया देवी, बलवा देबी, कोशिला देबी मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन रफीक अंसारी ने किया।

शिवरात्रि पर भगवान शंकर की बारात निकाली गयी

डोमचांच (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के पुरानी ठाकुर बाडी महथाटोला स्थित स्वतंत्र भारतीय बाल क्लब के द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर मनी मेहता की अध्यक्षता में भगवान शंकर का बारात हर्षोल्लास पूर्वक निकाला गया। अध्यक्षता कर रहे मनी मेहता ने बताया कि बारात कार्यक्रम के बाद घृतढारी का कार्यक्रम हुआ जिसके बाद माता पार्वती और शंकर भगवान का विवाह कार्यक्रम हुआ। फिर लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को लेकर भगवान शंकर के मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में सरिता देवी, संजय मेहता, द्वारिका मेहता, दिलीप मेहता, नीरज पांडेय, विनोद पांडेय, संतोष मेहता, राजकिशोर मेहता, विवक मेहता, जीवलाली मेहता सहित काफी संख्या में लोग लगे रहे।

कामगारों ने 5 सूत्री मांग पत्र अंचलाधिकारी के नाम सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस के अधीन त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड में नवनियुक्त कामगारों ने 5 सूत्री मांग पत्र अंचलाधिकारी बड़कागांव के नाम सौंपा है। मांग पुरी नहीं होने पर 26 फरवरी से अनिश्चितकालीन मांइस बंद कराने की चेतावनी दी गई है। इस आंदोलन को गति एवं रणनीति बनाने के लिए सभी कामगारों ने दाढ़ी कला मैदान में रविवार को बैठक की। कामगारों ने 5 सूत्री मांग में कार्यरत सभी कर्मियों को सेंट्रल वेज के अनुसार मजदूर भुगतान करने, सभी मजदूरों को त्रिवेणी सैनिक माइनिंग में जॉइनिंग लेटर देने, सभी मजदूरों को सीएल, एसएल, एफएल, पीएल देने, प्रतिदिन 8 घंटा ही काम पर लगाने तथा केंद्रीय एवं राज्य स्तर के तुल्य छुट्टी का लाभ देने की मांग शामिल किया है। यह मांग पत्र बड़कागांव अंचलाधिकारी के नाम देते हुए 25 फरवरी तक समाधान करने का मांग की गई है। पत्र में यदि 25 फरवरी तक यह मांग पूरा नहीं किया गया तो 26 फरवरी से सभी कामगार माइंस को अनिश्चितकालीन बंद कराने की चेतावनी दी गयी है। मांग पत्र में देव प्रसाद, अजय कुमार, मोहम्मद अकबर अली, हुलास कुमार सहित सैकड़ों कामगारों का हस्ताक्षर शामिल है।

मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान मे रविवार को मंडल कारा कोडरमा मे जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी वैशाली श्रीवास्तव ने कहा कि बंदी अपराध की दुनिया से बाहर निकल कर समाज की मुख्यधारा मे शामिल हो। जेल मे आने वाला हर व्यक्ति अपराधी नही होता है इसलिए कोई भी बंदी अपने आप को अपराधी मानकर हीन भावना से ग्रसित नही हो। उन्होंने कहा कि प्ली बार्गेनिंग के माध्यम से भी बंदी अपनी सजा कम करा सकते है। विशिष्ट अतिथि विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने कहा कि बंदियो के लिए कुछ कानूनी अधिकार दिए गए है जिसके अनुपालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार सदैव तत्पर है। इस दौरान जेल अदालत का भी आयोजन किया गया। इस जेल अदालत मे तीन बंदियो के द्वारा जेल अदालत मे अपने मामले से संबंधित आवेदन भेजा गया था परंतु इस जेल अदालत मे किसी भी वाद का निष्पादन नही किया जा सका तथा और न ही किसी अभियुक्त को रिहा किया जा सका। इस मौके पर जेलर अभिषेक कुमार सिंह, जेलकर्मी राजीव कुमार, प्राधिकार के कर्मी रणजीत कुमार सिंह व संतोष कुमार सिंह, न्यायालयकर्मी प्रकाश चंद्र सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

जुगरा गांव में विश्वकर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति आज

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला पंचायत अंतर्गत ग्राम जुगरा में विश्वकर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह श्री श्री 108 रूद्र महायज्ञ की पूणार्हुति आज 20 फरवरी को होगी। 12/ 2/ 2023 दिन रविवार से नौ दिवसीय 1100 कलश यात्रियों के साथ महायज्ञ श्रीगणेश किया गया था । समापन की रात्रि यानी (सोमवार की रात्रि)यज्ञ महासमिति जुगरा की ओर से स्टार गायिका देवी का भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है। प्रतिदिन श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिल रही है। यज्ञ मेले में बच्चे, बुड्ढे, महिला, पुरुष को आकर्षण करने के लिए तरहझतरह का झुलवा ,राम झुलवा, छोटे-बड़ी झुलवा, ब्रेक डांस, तलाब में वोटिंग, तथा अनुभवी प्रवचन कताओं एवं वृंदावन की रासलील द्वारा श्रद्धालुओं को मन मोहा जा रहा है। घरेलू महिलाओं के लिए बर्तन ,खिलौना चार्ट ,चौमिन, टेडी बेयर ,बच्चों के बहुत ऐसी सुंदर-सुंदर दुकानें भी यज्ञ में लगाई गई है। साथ ही यज्ञ समिति के द्वारा दूरदराज और यज्ञ में आए हुए सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का भी आयोजन किया गया है। यज्ञ समिति एवं ग्राम वासियों भंडारे में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं ।प्रतिदिन लगभग 5000 श्रद्धालुओं भंडारे का आनंद उठा रहे हैं। वही कार्यक्रम अनुभवी आचार्य वैद्य पंडित जयनंदन मिश्रा और वेदव्यास मिश्रा वाराणसी आचार्य,ऋषि राज वेदव्यास मिश्रा ,वाराणसी से डॉक्टर राधिका रमन पांडे के द्वारा किया जा रहा है ।कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष कैलाश साव, सचिव राजेश रजक, कोषाध्यक्ष सुखदेव साव, बालेसवर साव, बृजेश सिंह, कामेश्वर साव, तपेश्वर साव, हरिश्चंद्र गुप्ता, लालदेव साव, द्वारीका भारती, अनुज कुमार सिंह, शंकर राम, राम विलास साव, राकेश, शुद्धलाल साव, सिकंदर साव, लखन साव, बंगाली ठाकुर, वकील राणा, द्वारिका भारती, रंजीत साव, जयनंदन साव, टीभर राम, बलदेव साव, केदार साव के अलावा समस्त जुगरा वासी सफल बना रहे हैं।

जदयू की बैठक, सदस्यता अभियान को गति देने का निर्णय

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर के मालवीय मार्ग में जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के कार्यसमिति की बैठक हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा एवं संचालन महासचिव प्रेमचंद राम ने किया। जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान में जोर-शोर से सदस्यता बढ़ाने की अपील की। कहा की किसी भी राजनीतिक पार्टी की रीढ़ सदस्य ही होते हैं। .अतः सभी पदाधिकारी सदस्यता अभियान में जुट कर पार्टी को धारदार बनाने के लिए के लिए कार्य करें। जन समस्या के मुद्दे पर जिला अध्यक्ष ने झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन से आग्रह किया कि बालू के महंगाई से जनता त्रस्त है। हजारीबाग की जनता एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में बालू सुगमता से उपलब्ध हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे निर्माण कार्य में बाधा न पहुंचे। बैठक में मुख्य रूप से आमंत्रित सदस्य चंद्र मोहन पटेल, राकेश गुप्ता, वरीय जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष राजू खंडेलवाल, महिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, जिला सचिव नसरुल्लाह अंसारी, अविरल बिहारी लाल, साबिर अहमद, जावेद खान, पदमा से सुनील सिन्हा, बड़कागांव से विजय कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नगवां टोल प्लाजा पर बेतरतीब ढंग से दिन भर खड़ी रहती हैं बड़ी गाड़ियां

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के नगवां स्थित टोल प्लाजा पर हर दिन दर्जनों की संख्या में बड़े माल वाहक गाड़ियां बेतरतीव ढंग से दिन भर खड़ी रहती है, जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। टोल प्लाजा के दोनो तरफ ट्रेलर, ट्रक, हाइवा जैसे बड़ी गाड़ियों को बीच सड़क पर खड़ी कर उनके ड्राइवर लापता रहते है। जिस से आने जाने वाली गाड़ियों को तो असुविधा होती ही है, दुर्घटना का भी डर बना रहता है। बीच सड़क बड़ी गाड़ियां खड़ी होने से आने जाने वाली गाड़ियों के ड्राइवर की पता नही चल पता की गाड़ियां सड़क के बीचों बीच खड़ी है की चल रही है, इससे दुर्घटना और टक्कर होने की संभावना बनी रहती है। इस पर न तो स्थानीय प्रशासन ध्यान देता है, न ही एनएच और न ही टोल प्लाजा, जबकि एनएच पर गाड़ियों को खड़ी कर छोड़ देना दुर्घटना को दावत देने के बराबर है।

केरेडारी में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के केरेडारी मुख्य चौक से करीब एक सौ मीटर केरेडारी टंडवा मुख्य पथ पर अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चला है। स्थानीय लोगों के द्वारा मुख्य सड़क के किनारे अवैध निर्माण किया जा रहा था जब इसकी जानकारी केरेडारी सीओ राकेश तिवारी को मिली तो इन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को रुकवाया है । इस बाबत केरेडारी सीओ राकेश तिवारी ने बताया की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कानूनन जुर्म है व किसी को भी अतिक्रमण की छूट नहीं दी जा सकती है।

उड़ीसा से केदारनाथ तक की पद यात्रा पर निकला भक्त, पहुंचा पदमा

पदमा (आजाद सिपाही)। रविवार को पदमा पहुंचे महाकाल भक्त । विहिप के सदस्यों द्वारा पदमा प्रखंड के थाना के समीप अनुराग होटल में किया गया स्वागत। पूछे जाने पर उन्होंने अपना नाम मेघांबर बताया और जगरनाथ पूरी उड़ीसा के रहने वाले है। साथ ही उन्होंने कहा की बाबा से मैं प्रार्थना करता हूं की सबके अंदर भक्ति जगाए और मेरा खुद का मकसद नहीं है जाने का, बाबा का बुलावा आया और मैं निकल गया और मैं बाबा से यही चाहता हूं की सभी लोगों को बाबा शक्ति दे और सभी को खुशहाल रखे लोगो को मान सम्मान से जीने की ज्ञान दे। बताते चले की उनको पदमा तक पहुंचने में 25 दिन लगा और यहां से अभी ढाई महीना और लग जायेगा मंजिल तक पहुंचने में केदारनाथ धाम जाने का किया है लक्ष्य निर्धारण ।3100 किलोमीटर की है दूरी जिसमे 750 किलोमीटर तक दूरी तय कर पदमा पहुंचे। भक्तों से बातचीत कर बरही की ओर बढ़े,उनके स्वागत में विहिप के प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश मेहता, सूरजपुरा पंचायत संयोजक सुरेंद्र मेहता व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

मेराज ए मुस्तफा कांफ्रेंस में मुल्क के अमन चैन और तरक्की की मांगी गयी दुआ

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम रुद्दी में मेराज ए मुस्तफा कांफ्रेंस के नाम से जलसे का आयोजन किया गया। इस जलसे में महाराष्ट्र, ओडिसा, उत्तर प्रदेश सहित झारखंड के अलग अलग शहर से आए आलिमों ने जलसे में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। मौके पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी उपस्थित हुई। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा के देश के बड़े मौलाना का आगमन होना हम बड़कागांव वासियों के लिए सौभाग्य की बात है। मौलाना साहब के बताए हुए बात पर हम सब को अमल करना चाहिए। उत्तर प्रदेश से आए शायर मुबारक हुसैन मुबारक और मोहम्मद अली फैजी ने अपने नात से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। महाराष्ट्र से आए मौलाना फारुक खान रिजवी ने अपने तकरीर में लोगों को पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर जिंदगी गुजारने की बात कही। इस दौरान मुल्क के अमन चैन, तरक्की और भाई चारगी के लिए खास दुआ की गयी। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी, श्रीकांत निराला, दीपक दास, विशेश्वर नाथ चौबे, हाजी तबस्सुम, जिप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, सोनू इराकी, सहित हजारों की संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

बड़कागांव में हजरत दाता कुनकुनी साह का मनाया गया उर्स सालाना

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव थाना रोड स्थित हजरत दाता कुनकुनी साह रहमतुल्लाह अल्लाहैं का सालाना उर्स मनाया गया। खादिम मरहूम मोहम्मद अनायत अली के पुत्र पूर्व मुखिया मोहम्मद नईम ,मोहम्मद इकराम अली, हारून रशीद ,मोहम्मद सहीम उर्फ पप्पू ,मो सलीम उर्फ माधव, मोहम्मद मीनू आलम, मोहम्मद शाहिद उर्फ ईक्की की अगुवाई में मनाया गया। इसका नेतृत्व मोजाबर गुलाम नबी ने किया। सालाना उर्स के मौके पर लोगों द्वारा चादर पोशी, फातिया, कुरान खानी की गई। मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद आलम, मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद मजहर खान, मोहम्मद फरीद उर्फ भोला मोहम्मद हकीम, मोहम्मद शाहनवाज, सिकरी के सदर मंजूर खान, मोहम्मद जहांगीर, गुरु चट्टी के सदर मोहम्मद मेराज अंसारी, मोहम्मद यूसुफ अब्दुल गफूर, मोहम्मद मनोव्वर, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद अताउल, मो मुख्तार, मोहम्मद असगर, मोहम्मद जालो, मोहम्मद नजरुला, मोहम्मद जाफर समेत अन्य लोगों ने चादर चौराया इसके पहले आज सुबह बच्चों द्वारा कुरान खानी पड़ी गयी।

बेड़ो के बारीडीह गांव में जंगली हाथी ने किया एक घर ध्वस्त, फसलों को रौंदा

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बारीडीह गांव में एक विशालकाय जंगली हाथी ने शनिवार की रात करीब दो बजे अनीता उरांव के कच्चा मकान को दो तरफ से ध्वस्त कर पूरे मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे घर में रखा सारा सामान व अनाज दब कर बर्बाद हो गया। वहीं मां अनीता उरांव ने अपने तीन बच्चों के साथ घर से बाहर भाग कर अपनी और बच्चों की जान बचाई। जबकि घर धंसाने की आहट पर अनीता ने अपनी तीन छोटे-छोटे बच्चे मनीष,आकाश व सरस्वती को सोए हुए अवस्था में घर से बाहर खींच कर बाहर निकाला और ग्रामीणों को इसकी सूचना दिया। इस दौरान जंगली हाथी ने घर का दरवाजा को उखाड़ दिया। साथ ही दूसरी ओर की दीवार को ध्वस्त कर दिया। वहीं एक बोरा चावल खा गया। इधर गिराए गए मकान के मलवे से घरेलू उपयोग का समान बर्बाद हो गया। साथ ही मलवे के गिरने से अंडे सेने के दौरान मुर्गी के चूजे अंडे से बाहर आ गए। वहीं पीड़ित महिला का पति दुखनू उरांव दूसरे राज्य में मजदूरी करने के लिए गया है। इधर मकान के क्षतिग्रस्त हो जाने से तीन बच्चों के साथ महिला काफी दु:खी है। उसके समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया सुशांति भगत पीड़िता से मिलीं। साथ ही आपदा प्रबंधन के तहत सीओ से समानों की क्षतिपूर्ति और मकान के लिए बीडीओ से बात करने की आश्वासन दिया। साथ ही खाने के लिए चावल मुहैया करवाया। इधर घटना की सूचना मिलने पर वनकर्मियों ने ग्रामीणों को पटाखा दिया। जबकि जंगली हाथी के दशतक देने से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कार्तिक गोप व सेवक गोप के गेंहू के फसल को खा कर व रौंद कर बर्बाद कर दिया है।

बेड़ो के डोरंडा पिपरटोली में बजरंग बली का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डोरंडा पिपरटोली गांव में आज से तीन दिवसीय बजरंग बली के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। समारोह का आयोजन बजरंगबली मंदिर निर्माण समिति डोरंडा पिपरटोली द्वारा किया गया है। इस दौरान तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत पहले दिन प्रातः कलश यात्रा, पंचांग पूजन, अधिवास व आरती दूसरे दिन वेदी पूजन, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा एवं सुबह दस बजे से अखंड हरिकीर्तन तथा तीसरे दिन हरिकीर्तन विसर्जन, भंडारे का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में किनुवा पहान, नारायण भगत, श्रीकांत कुमार, निरंजन साहू, दिलीप भगत दिनेश गुप्ता, तपेश्वर लोहरा शिवनारायण साहू,अशोक साहू रोहित साहू गौतम शर्मा, दुर्गा साहू संजू लोहरा, अमित उरांव देवेंद्र उरांव, रामदेव लोहरा,नरेश भगत सोमनाथ उरांव सहित ग्रामीण लगे हुए है।

सूतियाम्बे जंगल में लगी भीषण आग

पिठोरिया (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सूतियाम्बे जंगल में लगी भीषण आग ग्रामीणों ने बताया है कि यह आग आज सुबह 9 बजे लगा देखा गया तो सभी ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने का भरपूर प्रयास किए पर वे आग को नहीं बुझा पाए तत्पश्चात ग्रामीणों ने इसकी सूचना पिठोरिया थाना और वन विभाग के कहां के रेंजर चंद्रशेखर आजाद को दिए रेंजर के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने अधिकारियों को घटनास्थल पर भेज दिए, वन विभाग के अधिकारी आकर और ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करना शुरू किए घंटो तक कड़ी मेहनत करके आंख पर काबू पाया गया इस आग में 1 से 2 किलोमीटर की दूरी पर पूरा आग फैल चुका था आंख के कारण जंगल के कई पछियां अपने बसेरा छोड़ वहां से भाग गए और वहां पर पक्षियों के कई अंडे भी आग में जल गए कई अंडों को बच्चा भी लिया गया। ग्रामीणों ने बताया है कि यहां पर लड़के लोग आकर गंजा सिगरेट शराब पीते हैं और जुहा भी खेलते हैं उन्हीं लोग के गंजा सिगरेट पीने के क्रम में जला हुआ सिगरेट फेक दिया जाता है जिसके कारण यहां पर आग लगी होने की संभावना जताया जा रहा है क्योंकि अक्सर इन जगहों पर जुहा का अड्डा और गंजा सिगरेट पीने वाले का भीड़ रहता है। आग बुझाने में वन विभाग के शेखर तिग्गा, धनेश्वर महतो, कुंदन महतो, रामचंद्र महतो, गुरदेव सिंह मुंडा, ग्रामीणों में दिनेश गोप, मनोज पडिंत, अमर गोप, मुकेश गोप, निखिल, चरण गोप एवं अन्य ग्रमीण शामिल थे।

रेल प्रशासन ने अतिक्रमण पर रोक लगाने को लेकर घरों में चिपकाया सूचना पत्र

कुजू (आजाद सिपाही)। दिगवार रेलवे हॉल्ट के किनारे हो रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने को लेकर वरीय अनुमध्य अभियंता बरकाकाना (रेल प्रशासन) ने घरों में सूचना पत्र चिपकाने का कार्य किया है। पत्र में रेल प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से एक सप्ताह के अंदर रेलवे की जमीन पर किये गए अपने-अपने चहारदीवारी को हटा लेने का निर्देश दिया है। अन्यथा चहादीवारी में किए गए खर्च को स्वयं भरपाई करने की बात कही गई है। हालांकि जो पत्र चिपकाया गया है उसमें किसी वरीय रेल अधिकारी का हस्ताक्षर नहीं है, जो लोगों के लिए संशय का विषय बना है।

आराध्या महिला समिति सीसीएल ने बांटी पौष्टिक आहार सामग्री

टंडवा (आजाद सिपाही)। आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र की आराध्या महिला समिति सीसीएल अध्यक्षया प्रियंका सिंह के अगुवायी में रविवार को पौष्टिक आहार वितरण कार्यक्रम परियोजना कार्यालय होन्हे में आयोजित किया गया। इसमें आम्रपाली परियोजना होन्हे गांव की गर्भवती महिलाओं के बीच में पौष्टिक आहार का एक टोकरी प्रदान किया गया।इस टोकरी में मदर हॉरलिक्स, खजूर, सेब, सोंठ के लड्डू, तेल तथा अन्य जरूरत की सामग्रियां शामिल है बताया गया। जरूरत और समयानुकूल आराध्या महिला समिति आम्रपाली चंद्रगुप्त-क्षेत्र द्वारा हमेशा सामाजिक कार्यक्रम बिमला प्रसाद अध्यक्षा अर्पिता महिला मंडल सीसीएल के मार्गदर्शन में प्रत्येक महीने किया जाता है। इस मौके पर समिति के सदस्य शारदा प्रसाद, रेखा मेहता, मनीषा सिंह, नुजहत अख़्तर,गर्भवती धात्री महिला संजू देवी,प्रतिमा देवी,झालो देवी,सुमन देवी,अनु देवी,नेहा देवी,शुशबू देवी,समेत कई उपस्तिथ थे।

पाली पंचायत में क्षत्रिय समाज की बैठक

भदानीनगर (आजाद सिपाही)। झारखंड के रामगढ़ जिले के पाली पंचायत में क्षत्रिय समाज की बैठक हुई। जिसमे क्षत्रिय समाज की एकजुटता का कार्यक्रम स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम को गायत्री सिंह द्वारा संचालित किया गया जो क्षत्रिय संघ की महासचिव है। जिनका स्वागत भव्य रूप से किया गया। उन्होंने क्षत्रिय समाज की सशक्तिकरण एवं एकता का एक अच्छा संदेश दीया उन्होंने बताया की शिक्षा सर्वोपरि है माता पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें एवं बेटियों को आत्मनिर्भर और शक्ति सील बनाने की कोशिश करें। परिवार में पढ़ी लिखी बहु लाए और दहेज प्रथा प्रथा को जल्द से जल्द खत्म करें। आज हमारा समाज पीछे की ओर जा रहा है इस पर पुनर्विचार करें। आजाद सिपाही संवादाता सुदामा सिंह द्वारा बुके देकर उनसे आशीर्वाद लिए। बैठक में उपस्थित अजय सिंह क्षत्रिय महासंघ के सदस्य कारू चौहान रामकृष्ण सिंह राम प्रकाश सिंह कैलाश सिंह कन्हैया सिंह सोनू सिंह लव सिंह आदित्य सिंह गोलू सिंह यशराज सिंह सुधांशु सिंह सिद्धांत सिंह शुभम सिंह रौनक सिंह वही अगला मीटिंग का रणनीति तैयार कर चर्चा किया गया।

झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने खूंटी में नवनिर्मित बार भवन का किया उद्घाटन

सभी को ससम्मान जीवन जीने का अधिकार : न्यायमूर्ति पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। अधिवक्ता चाहे सिविल कोर्ट के हों अथवा सुप्रीम कोर्ट के, सभी को सम्मान से जीवन जीने का अधिकार है। जब मैं पहली बार खूंटी आया, तो यहां अधिवक्ताओं को पेड़ों के नीचे बैठकर प्रैक्टिस करता देख मुझे बहुत पीड़ा हुई थी। खूंटी के अधिवक्ताओं की स्थिति मेरे लिए असहनीय थी। इसपर तत्काल ही खूंटी डीसी को बुलाकर मैंने अधिवक्ताओं को सम्मान से बैठने की व्यवस्था करने को कहा। मुझे खुशी है कि डीसी शशिरंजन ने प्राथमिकता के आधार पर भवन का निर्माण कराया, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। ये बातें झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक ने कही। वे रविवार को खूंटी कचहरी परिसर में अधिवक्ता संघ खूंटी के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन और शेड निर्माण के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। न्यायाधीश ने कहा कि खूंटी के अधिवक्ता बहुत अच्छे हैं। यहां किसी चीज की कमी नहीं है, कमी है तो सिर्फ साधन की। अगर यहां के अधिवक्ताओं को समुचित साधन उपलब्ध कराए जाएं, तो यहां के अधिवक्ता भी कपिल सिब्बल, नरीमन जैसे देश के नामी अधिवक्ताओं में शुमार हो सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और खूंटी के अन्य प्रबुद्ध लोगों से अपील की कि वे खूंटी बार के लिए कुछ करें, जिससे यहां के अधिवक्ताओं को नई ऊंचाई छूने की प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि खूंटी बार की सबसे बड़ी जरूरत एक समृद्ध पुस्तकालय की है। उत्कृष्ट पुस्तकों से परिपूर्ण पुस्तकालय होने से अधिवक्ताओं को लाभ मिलेगा, उनका ज्ञानवर्धक होगा और कुछ अच्छा करने का अवसर प्राप्त होगा। न्यायमूर्ति पाठक ने जल्द ही एक समृद्ध पुस्तकालय स्थापित करने का आश्वासन देते हुए कहा कि मेहनत करने से सब मुमकिन हो जाता है। आप कड़ी मेहनत करें, आपको सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब पूरे रांची में यह कहा जाएगा कि सबसे अच्छा बार खूंटी का है। पीडीजे सत्य प्रकाश ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। स्वागत भाषण अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और धन्यवाद ज्ञापन उपायुक्त शशि रंजन ने किया।

सात करोड़ की लागत से खूंटी में बनेगा अत्याधुनिक पुस्तकालय

धन्यवाद ज्ञापन के दौरान उपायुक्त ने बताया कि शीघ्र ही सात करोड़ की लागत से खूंटी में एक अत्याधुनिक पुस्तकालय का निर्माण कराया जाएगा। इससे पूर्व न्यायाधीश के समारोह स्थल में पहुंचने पर उनका पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया। समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक के साथ पीडीजे सत्यप्रकाश, डीसी शशि रंजन, एसपी अमन कुमार और अधिवक्ता संघ खूंटी के अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात नवनिर्मित भवन का उद्घाटन और शेड निर्माण का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारी, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और न्यायालय के कर्मी उपस्थित थे।

कुजू में आयोजित हनुमंत महायज्ञ के दूसरे दिन कई धार्मिक अनुष्ठान

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। चटनियाँ बस्ती देवीमण्डप कुजू स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमन्त प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को कई धार्मिक अनुष्ठान हुए। इस दौरान महायज्ञ मुख्य आचार्य पालेश्वर पांडेय के नेतृत्व में उमाकांत पांडेय, धीरेन कुमार शास्त्री, पुरुषोत्तम कुमार पांडेय ने यजमान बने कामेश्वर साव, गणेश केसरी, भोला साव, लोकी साव, संजय साहू, चंदर केशरी, कलेश्वर भुइयाँ सपत्नीक के हाथों वेदी पूजन, मंडप पूजन, अरणी मंथन द्वारा अग्नि देवता का आह्वान, हवन, मंडप परिक्रमा, भगवान हनुमान जी का जलाधिवास समेत कई धार्मिक अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कराए गए। तत्पश्चात धर्म प्रेमियों ने मंडप की परिक्रमा की। वही, संध्या बेला में महाआरती के बाद महाभोग प्रसाद वितरण किया गया। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ कमिटी अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति, सचिव शिबू महतो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह कुजू दक्षिणी मुखिया राकेश कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष कामेश्वर साव, जगदीश महतो, डिम्पल प्रजापति, मनोज साव, रवि केशरी, अमन यादव, सुरेश ठाकुर, कोलेश्वर महतो, छोटन प्रजापति, सुखदेव सोनी, दशरथ प्रसाद केसरी, बासुदेव महतो, पंकज केसरी, अनिल अगरिया, कन्हैया कुमार, मासूम कुमार, रामकुमार केसरी, पिंटू केसरी, रघुनंदन केसरी, शंकर केसरी, धीरज मेहता, संजीत कुमार उर्फ परदेशी, प्रेम पटेल समेत कमेटी के कई सदस्य जुटे है।

फ्रेंडली क्रिकेट मैच में चैंपियंस क्रिकेट क्लब सयाल विजयी

आजाद सिपाही संवाददाता

उरीमारी। उरीमारी के महात्मा गांधी स्टेडियम में रविवार को बिरसा परियोजना के सीसीएल अधिकारियों और सयाल चैंपियंस ट्रॉफी क्लब खिलाड़ियों के बीच फ्रेंडली मैच खेला गया। जिसमें चैंपियंस क्रिकेट क्लब सेल की टीम में बिरसा अधिकारियों की टीम को 9 रनों से हरा दिया। सयाल टीम के कैप्टन बीरेंद्र पासवान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। टीम निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाई। इसमें नसीम ने सबसे ज्यादा 52 रन, दीपक अरोड़ा ने 15 रन, राजीव ने 12 रनों का योगदान दिया। 106 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही सीसीएल बिरसा परियोजना की टीम 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 96 रन ही बना सकी। सबसे ज्यादा 35 रन तुषार भारद्वाज ने बनाए। मौके पर राकेश कुमार, समय लाल, भक्ता राम सरदार, कौशल, नीतीश नमन, देवेंद्र कुमार, चंद्रभान सिंह, सही नारायण सिंह, कमलेश सिंह, पिंटू सिंह, आकाश, संजय कुमार, छोटू खान आदि मौजूद थे।

ग्रामीणों ने पकड़ा अवैध बालू लदा ट्रैक्टर

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना क्षेत्र के सांकुल के ग्रामीणों ने बीती रात अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर गांव के ही मुख्य सड़क के पास पकड़ा। और पतरातू थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस वहां पहुंचकर ग्रामीणों द्वारा जब्त किए गए बालू लदा ट्रैक्टर और एक बोलेरो वाहन को पुलिस के हवाले कर दिया।और पुलिस साथ पतरातू थाने ले आई। ग्रामीणों का कहना था कि सरकार द्वारा अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने के बाद भी बालू चोरी कर अवैध ढंग से मंगाया जा रहा है। आखिर ट्रैक्टर मालिकों द्वारा किसके मिलीभगत से बालू का तस्करी कर रहे हैं। इसकी जांच होनी चाहिए।

संगठन के कार्यक्रमों में शामिल हों कार्यकर्ता : अमित कुमार

आजाद सिपही संवाददाता

खूंटी। भाजपा के जिला कार्यालय में नगर मण्डल कार्यसमिति की बैठक रविवार को अध्यक्ष सुरेश जयसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार सिंह ने कहा कि दुनिया भारत की तरफ कौतूहल से देख रही है। दुनिया में जहां भी संकट आ रहा है, लोगों की निगाहें पीएम मोदी पर विश्वास से देख रही है। भाजपा ही एक मात्र राजनीतिक संगठन है, जिसके कार्यकताओं के मन में पहले देश, फिर दल और सबसे अंत में स्वयं के हित की बात होती है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि ने संगठन के कार्यक्रम पर जाएं, अपने प्रयास से कार्यक्रम की रचना करें और प्रवास करें। जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि झारखंड सरकार ने राज्य की जनता को निराशा और हताशा के अलावा कुछ नहीं दिया है। भाजपा ने विकास की लकीर जहां तक खींची थी, उसे भी मिटाने का काम इस सरकार ने किया है। जिला महामंत्री बिनोद नाग ने कहा कि अगले साल हमें चुनाव में जाना है इस बीच अपने संगठन के विचार को लोगों तक पहुंचाएं। सोशल मीडिया सह प्रभारी महावीर राम ने कहा कि अभी तकनीकी का जमाना है। इसलिए संगठन भी तकनीकी रूप से मजबूत हो रहा है। बैठक का संचालन नगर महामंत्री शंकर प्रधान और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री विकास चौधरी ने किया। बैठक में नूतन देवी, प्रशांत कुमार, राम चरण गोप, कृष्णनन्द तिवारी, लव चौधरी, प्रियांक भगत, राजेश महतो, योगेंद्र नायक, लखींद्र नायक, कंचन सिंह, मनोज गोप, सीताराम महतो, बबलू ठाकुर, दामोदर प्रसाद, सुबोध, राजेंद्र प्रजापति, सूर्यनारायण पाठक, कृष्णा लोहरा, राजेश नाग चमरा राम, विक्की गुप्ता, बहादुर सिंह आदि उपस्थित थे।

लॉ में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर किरण कुमारी मुंडा को बलकुदरा पंचायत वासियों ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। बलकुदरा निवासी हरजीवन मुंडा और ललकी देवी की पुत्री किरण कुमारी मुंडा के लॉ की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर बलकुदरा पंचायत में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। बताया गया की किरण ने यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज हजारीबाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय से एलएलबी सत्र 2019-2022 के फाईनल ईयर समेस्टर 6 में 10 में से 8.17 प्रतिशत 433 अंक लाकर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। समारोह में किरण कुमारी मुंडा को स्थानीय मुखिया विजय मुंडा, समाजसेवी नंदकिशोर मुंडा सहित गणमान्य लोगों ने पुष्प गुच्छ और उपहार देकर उसे सम्मानित किया। इस दौरान जय सरना ट्रस्ट द्वारा आदिवासी परंपरा के तहत बेटी को बेटे की तरह सम्मान रुप से तीर-धनुष व भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा, डायरी, पेन आदि पठन-पाठन सामग्री भेंट कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा किरण के माता-पिता को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर लॉ की सफल छात्रा किरण मुंडा ने कहा कि अब मैं आगे एलएलएम करना चाहती हूं। गांव में अशिक्षा के प्रभाव को देखकर बड़ी हुई हूं। मैं शिक्षा का माध्यम बनना चाहती हूं, ताकि लोग उच्च शिक्षा के महत्व को समझ सकें। मौके पर ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मगुरु कृष्णा उरांव, पूर्व पार्षद झरी मुंडा, मुखिया विजय मुंडा, दुर्गा सोरेन सेना के जिला सचिव नंदकिशोर मुंडा, पंचायत समिति राजू मुंडा, रामगढ़ कॉलेज के शिक्षक विष्णु उरांव, हजारीबाग के अधिवक्ता रविंद्र कुमार, रोशन उरांव, ब्रजेश मुंडा, बैजनाथ पाहन, नरेश मुंडा, चरण उरांव, धनेश्वर उरांव, मनेवल उरांव, जीवंती देवी सहित हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, रांची, लातेहार जिला के दर्जनों आदिवासी समाज के लोगों हर्ष व्यक्त करते हुए किरण मुंडा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अंजुमन इस्लामिया कांके ने लगाया रक्तदान और नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर

कांके (आजाद सिपाही)। सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया कांके प्रखण्ड एवं एकता वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त प्रयास से मिल्लत कॉलोनी कांके में रक्तदान शिविर एवं मेगा निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 53 यूनिट बल्ड का संग्रह किया गया और निशुल्क जांच शिविर मे सभी प्रकार के रोगों का मुफ्त इलाज एवं दवाइयों का वितरण किया गया। जिसमे रिम्स एवं अंजुमन इस्लामिया अस्पताल के डॉ तारिक हुसैन, डॉ गौरव,डॉ तान्या प्रिया, डॉ अहरार हसन, डॉ सैयद अल्तमस, आयुर्वेदिक के डॉ ऋषि, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विकास चौधरी, डॉ आफताब, डॉ शुम्बुल फिरदौस, डॉ करुणा झा,डॉ बबिता भारती उपस्थित थें जिसमे 300 से ज्यादा मरीजों का इलाज किया गया। इसमें मुख्य रूप से अंजुमन इस्लामिया रांची के पदाधिकारी गण एवं सदस्य उपस्थित हुए ,इस शिविर मे मुख्य रूप से अध्यक्ष हाजी अब्दुल रहमान, मो चाँद, मो इमरान, मो शमीम, नुरुल होदा, नूर आलम, सैयद तारिक वजीह, सैयद अली इमाम, मो जावेद, शाहिल शमीम, मौलाना शफीउल्लाह कासमी, यूनुस अंसारी, जमील अख्तर, मोजीबूल अंसारी, राशीद मास्टर, रशीद अंसारी, मो गुलजार सहयोग रहा ।इस शिविर का संचालन स्वालेहा कादरी और मो इरफान के द्वारा किया गया।

सहपाठी मिलन समारोह का आयोजन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू लेक रिजॉर्ट परिसर के समीप आयोजित सहपाठी मिलन समारोह में 1992 में रेल श्रमिक उच्च विद्यालय से मैट्रिक पास पूर्ववर्ती रहे सहपाठियों का मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया गया ।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व के साथ रहे सहपाठियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होने से भाग दौड़ भरी जिंदगी में सभी एक दूसरे से मिलने जुलने से स्कूल समय की खुशियां बांट कर पुरानी यादें को यादगार बन जाता है और शरीर में नया उत्साह बढ़ जाता है । मौके पर मनोज सिंह, धनेश्वर प्रसाद, बबलू विश्वकर्मा, सुधीर कुमार सिंह, हरिशंकर साहू, अजय गोप, रामेश्वर साहू, दीपक कुमार, योगेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, राजेश प्रजापति, सरयू महतो, अजेश मुंडा, सूरज दत्ता, राजू प्रजापति, शशि पाठक, लड्डू शर्मा आदि शामिल थे।

नकारी कॉलोनी में महाशिवरात्रि पर निकली भगवान शिव की बारात

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार की रात्रि नकारी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से भगवान शिव जी की बारात निकाली गयी। इस दौरान भगवान शिव और माता पार्वती जी के साथ सैंकड़ों लोग, आराध्य देवी-देवताओं सहित भूत पिचास का रूप धारण कर बच्चे बारात में शामिल हुए। बरात में शामिल श्रद्धालुओं के हर हर महादेव, बम बम भोले, ओम नमः शिवाय, पार्वती माता की जय सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। इसके पूर्व शिवरात्रि के पावन अवसर पर पूरे विधि- विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा भगवान शिव और मां पार्वती जी की विशेष पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा अर्चना में वीरेंद्र भगत सहित दर्जनों महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

कब्रिस्तान घेराबंदी का मुखिया संघ जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह ने किया उद्घाटन

टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के धनगडा पंचायत के खरीका गाँव में राज्य सरकार कल्याण विभाग से बने कब्रिस्तान घेराबंदी,15 वीं वित से खरीका तालाब में सीढ़ी का उद्घघाटन रविवार को प्रतिनिधियो ने संयुक्त रूप से किया।इसमें टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय,अल्पसंख्यक कल्याण व सड़क सुरक्षा विभाग सांसद प्रतिनिधि मोहम्मद बेलाल,धनगडा पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा मुख्य रूप से उपस्तिथ हुये।बताया गया की झारखण्ड सरकार कल्याण विभाग से बीस लाख की लागत वाली कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण होने से खरिका के ग्रामीणो में खुशी हैं। जहां एक ओर चारदीवारी बनने से अब उस जगह पर अतिक्रमण नहीं होगा, वहीं दूसरी ओर चारदीवारी हो जाने से यह जगह सुसज्जित रूप में दिख पा रहा है। खरीका के ग्रामीण चारदीवारी कार्य पूर्ण होने पर खुशी का इजहार करते हुए सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, स्थानीय मुखिया अरविंद सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।खरीका में आयोजित उदघाटन समारोह की अध्यक्षता मुखिया अरबिंद कुमार सिंह, संचालन कारी मुमताज ने किया।इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह, गाड़ीलौंग मुखिया पति सह समाजसेवी सुभान अंसारी, सहायक अध्यापक संघ प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय, भागवत प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा मंडल मंत्री अभिषेक राज, धनंजय पांडेय, राजू यादव, पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट प्रदेश कोषाध्यक्ष उपकार सिंह, मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद आलम, मोहम्मद सतार ,रूपेश कुमार व अन्य उपस्तिथ थे।

सर्विसेज हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी लि.
अशोक नगर, रांची

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण
सूचना संख्या .- 04... वर्ष 2022-23

1. विज्ञापन दाता का नाम - अ. सचिव
2. परिमाण विपत्र की बिक्री तिथि - 21.02.2023 से 25.02.2023
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय - 26.02.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 3.00 बजे अपराह्न
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 26.02.2023 को 4.30 बजे अपराह्न
5. परिणाम विपत्र बिक्री/निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान - सर्विसेज हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी लि., अशोक नगर, रांची।
6. कार्य का नामः-

	प्राक्कलित राशि (रू.)
1) Construction of Brick Masonry Drain -	रू. 21,42,461/-

नोटः-
परिमाण विपत्र की राशि में वृद्धि / घटोतरी हो सकती है। ● अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत।
● परिमाण विपत्र का मूल्य 2500 /- प्रति। ● निविदा में भाग लेने वाले एजेन्सी को पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/नगर निगम / ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड में निबंधित एवं कार्य का अनुभव होना चाहिए।
बिना किसी कारण बताये अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा स्थगित/रद्द किया जा सकता है। निविदा से संबंधित BOQ एवं सभी सूचनाएं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जा सकता है।

ह./- अ. सचिव
सर्विसेज हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी लि., अशोक नगर, रांची

पाकिस्तान : मरता क्या न करता

पाकिस्तान इस समय दक्षिण एशिया का सबसे गया बीता देश बन गया है। यूं तो श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और बंगलादेश की भी हालत अच्छी नहीं है। इन सभी देशों की अर्थव्यवस्थाएं संकट में हैं, लेकिन पाकिस्तान में महंगाई इस कदर छलांग मार रही है कि आम लोगों का रोजाना का भरण-पोषण भी मुश्किल हो गया है। सरकार ने अपने लघु बजट में नागरिकों पर तरह-तरह के नये टैक्स ठोक दिये हैं। विदेशी मुद्रा का भंडार भी लगभग खाली हो गया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष पाकिस्तान को 1.1 बिलियन डॉलर का कर्ज देने को तैयार है, लेकिन उसकी शर्त है कि पाकिस्तान की सरकार पहले अपनी आमदनी बढ़ाये। कर्ज में डूबी सरकार का अब एक ही नारा है- मरता, क्या न करता? वित्तमंत्री इशाक डार, जो कि मियां नवाज शरीफ के समधी हैं, ने जो अभी पूरक बजट पेश किया है, उसमें 170 बिलियन रुपये के नये टैक्स उगाहने का वादा किया है। इधर पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतने भयंकर संकट में है यानी वह किसी युद्ध की स्थिति से भी बदतर है, लेकिन पाकिस्तान की राजनीति का हाल बिल्कुल बेहाल है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बीच तलवारें खिंची हुई हैं। सरकार का जितना ध्यान अपने देश की डूबती हुई अर्थव्यवस्था को उभारने में लगा है, उससे ज्यादा इमरान के साथ दंगल करने में लगा हुआ है।

चीन अपनी रेशम महापथ योजना के तहत पाकिस्तान में सड़कें, रेल, पाइपलाइन और बंदरगाह बनाने पर लगभग 65 बिलियन डॉलर खर्च कर रहा है, लेकिन चीनी कंपनियां कुछ भी माल भेजने के पहले अग्रिम भुगतान की मांग कर रही हैं।

इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि इस्लामाबाद को बलूच, पठान और सिंधी लोग घूंसा दिखाने लगे हैं। वे पाकिस्तान से अलग होने का नारा लगाने लगे हैं। जिन तालिबान को समर्थन देने में पाकिस्तान की फौज ने जमीन-आसमान एक कर दिये थे, वे ही तालिबान अब डूरेंड लाइन को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। इससे भी ज्यादा खतरनाक बात यह हो रही है कि जिस चीन पर तकिया था, वही अब हवा देने लगा है। चीन ने अपना वाणिज्य दूतावास बंद कर दिया है। चीन अपनी रेशम महापथ योजना के तहत पाकिस्तान में सड़कें, रेल, पाइपलाइन और बंदरगाह बनाने पर लगभग 65 बिलियन डॉलर खर्च कर रहा है, लेकिन चीनी कंपनियां कुछ भी माल भेजने के पहले अग्रिम भुगतान की मांग कर रही हैं। पाकिस्तान के पास पैसे ही नहीं हैं। वह अग्रिम भुगतान कैसे करे? चीनी नागरिकों की हत्या से भी चीन नाराज है। पाकिस्तान को अन्य मुस्लिम देश भी उभारने के लिए तैयार नहीं हैं। यदि इस मौके पर शहबाज सरकार में दम हो तो पाकिस्तान-भारत व्यापार फिर से शुरू करे और मोदी से मदद मांगे तो एक पंथ, कई काज सिद्ध हो सकते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

ज्यादातर लोग अपनी सहूलियत के लिए दो या दो से ज्यादा नंबर भी रखते हैं और अपने फोन में डुअल सिम यानी दो सिम का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन डुअल सिम के इस दौर में दूसरे नंबर को रिचार्ज कराना लोग अक्सर भूल जाते हैं और यही एक गलत आदत साइबर लुटेरों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं होती। इस छोटी सी लापरवाही की वजह से लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई से हाथ धो बैठते हैं।

डिजिटल युग में साइबर ठगों से सावधान

ऋषभ मिश्रा

आज के डिजिटल युग में देश की ज्यादातर आबादी इंटरनैट और स्मार्टफोन का इस्तेमाल करती है और लेन-देन के लिए यूपीआइ सबसे पसंदीदा तरीका बन चुका है। ज्यादातर लोग अपनी सहूलियत के लिए दो या दो से ज्यादा नंबर भी रखते हैं और अपने फोन में डुअल सिम यानी दो सिम का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन डुअल सिम के इस दौर में दूसरे नंबर को रिचार्ज कराना लोग अक्सर भूल जाते हैं और यही एक गलत आदत साइबर लुटेरों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं होती। इस छोटी सी लापरवाही की वजह से लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई से हाथ धो बैठते हैं।

पिछले कुछ वक्त से देश में कई मामले सामने आये हैं, जहां लोगों ने अपने दूसरे सिम को रिचार्ज कराना बंद कर दिया और बाद में यह सिम किसी साइबर ठग के हाथ लग गया और ठगों ने पीड़ितों का पूरा खाता खाली कर दिया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी पिछले महीने ऐसे कुछ मामले सामने आये थे, जहां साइबर ठगों ने बंद पड़े सिम कार्ड को दोबारा इश्यू करवा कर लाखों की ठगी को अंजाम दिया। लखनऊ पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी फर्जी केवाइसी के जरिए बंद पड़ा सिम खरीद कर ठगी को अंजाम दे रहा था।

साइबर ठगों ने दिल्ली के एक व्यापारी के बैंक खाते से एक-दो नहीं, बल्कि 75 लाख रुपये उड़ा लिये।

दरअसल ये साइबर अपराधी सबसे पहले फर्जी आइडी से बंद पड़ा सिम खरीदते हैं। कई मामलों में तो इनकी सिम विक्रेताओं से सांठ-गांठ तक होती है। साइबर लुटेरों की कोशिश होती है कि ये पुराने डिजिट के नंबर ही खरीदें, क्योंकि ज्यादातर लोगों का यह पुराना नंबर ही उनके बैंक अकाऊंट और ई-मेल आइडी के साथ जुड़ा रहता है। लापरवाही या फिर जानकारी न होने की वजह से वे इसे बदलते भी नहीं हैं। एक बार सिम मिलने के बाद ये अपराधी उस सिम में आपके भीम, यूपीआइ, पेटीएम, फोनपे या फिर गूगलपे जैसे किसी ऐप को लॉगइन करते हैं।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि आज आपका सिम और फोन भी आपके किसी ऐसेट यानी आपकी एक संपत्ति से कम नहीं है। ऐसे में उसका ध्यान रखना बेहद जरूरी है। अगर आप नहीं चाहते कि कोई साइबर अपराधी आपका बैंक खाता सिर्फ इस वजह से खाली कर दे, कि आप अपने दूसरे सिम को रिचार्ज कराना भूल गये हैं, तो अब आपको सतर्क हो जाना चाहिए और हर महीने अपने सिम कार्ड की वैलिडिटी यानी सिम की वैधता की जांच करते रहना चाहिए।

लॉगइन करने के बाद इन्हें इस ऐप के साथ अटैच या आपका जुड़ा हुआ बैंक अकाऊंट नंबर और ई-मेल आइडी भी मिल जाती है। हालांकि ये अपराधी यूपीआइ से पैसा ट्रांसफर नहीं करते, क्योंकि उससे एक दिन में मात्र 1 लाख रुपये तक का ही लेन-देन हो सकता है। आपके बैंक अकाऊंट की डिटेल लेने के बाद ये ठग बैंक की इंटरनेट बैंकिंग वेबसाइट पर जाते हैं और वहां पहले फॉरगेट यूजर आइडी विकल्प पर क्लिक करते हैं और बैंक की वेबसाइट इनसे अकाऊंट नंबर, ई-मेल और रजिस्टर्ड फोन नंबर डालने के लिए कहती है।

जिसे एंटर करने के बाद आपके ही बंद पड़े सिम, जो कि बैंक के साथ रजिस्टर है और अब साइबर ठग के पास मौजूद है, पर एक ओटीपी आता है, जिसे एंटर करते ही अपराधी को इंटरनेट बैंकिंग की यूजर आइडी पता चल जाती है। ठीक इसी प्रक्रिया अथवा प्रोसेस के जरिए ये ठग फॉरगेट पासवर्ड विकल्प का भी इस्तेमाल करते हैं और अपना नया पासवर्ड जैनरेट या फिर बना लेते हैं। बस इसके बाद ये साइबर लुटेरे इंटरनेट बैंकिंग के जरिए आपके अकाऊंट को खोलते हैं और फिर पूरा अकाऊंट साफ हो जाता है।

यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि आपको पता भी नहीं चलता, क्योंकि आप अपना वह नंबर पहले ही बंद कर चुके होते हैं और आपके पास बैंक ट्रांजेक्शन से जुड़ा कोई मैसेज आने का सवाल ही पैदा नहीं होता। दरअसल साइबर लुटेरे ट्राई यानी टैलीकॉम रैगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नये नियमों का फायदा उठा रहे हैं। पिछले वर्ष 2022 में ट्राई ने नयी गाइडलाइन जारी की थी, जिसके मुताबिक जो टेलीकॉम कंपनियां सिम खरीदने पर लाइफटाइम वैलिडिटी दे रही थीं, उसे बंद कर दिया गया है।

अब नये नियमों के मुताबिक अगर यूजर को अपना नंबर चालू रखना है, तो उसे हर महीने अपना सिम रिचार्ज कराना होगा या फिर तीन महीने या छह महीने का पैकेज लेना होगा। अगर वह ऐसा नहीं करता तो तीन महीने बाद यह नंबर अपने आप बंद हो जायेगा और फिर टेलीकॉम कंपनी उस सिम को किसी दूसरे व्यक्ति को इश्यू कर देगी। लेकिन ट्राई का यही नियम अब साइबर ठगों के लिए पैसा लूटने का एक नया अड्डा बन गया है।

इसी तरीके का इस्तेमाल कर साइबर ठगों ने दिल्ली के एक व्यापारी के बैंक खाते से एक-दो नहीं, बल्कि 75 लाख रुपये उड़ा लिये और पांच महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें एक रुपया तक वापस नहीं मिला है। दरअसल अधिकांश लोग अपना ओटीपी दूसरों को शेयर करने की गलती कर बैठते हैं या फिर कोई अन ऑथोराइज्ड ट्रांजेक्शन कर बैठते हैं। जब ऐसे किसी केस की आरबीआइ जांच करता है और यदि उसे लगता है कि यह गलत ट्रांजेक्शन व्यक्ति विशेष की गलती के कारण हुई है, तब ऐसे केस में आरबीआइ क्लेम को रिजेक्ट कर देता है।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि आज आपका सिम और फोन भी आपके किसी ऐसेट यानी आपकी एक संपत्ति से कम नहीं है। ऐसे में उसका ध्यान रखना बेहद जरूरी है। अगर आप नहीं चाहते कि कोई साइबर अपराधी आपका बैंक खाता सिर्फ इस वजह से खाली कर दे, कि आप अपने दूसरे सिम को रिचार्ज कराना भूल गये हैं, तो अब आपको सतर्क हो जाना चाहिए और हर महीने अपने सिम कार्ड की वैलिडिटी यानी सिम की वैधता की जांच करते रहना चाहिए।

जमशेदपुर की खबरें

महिला जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आम आदमी पार्टी में किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। सिदगोडा आरोग्यम हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में आम आदमी पार्टी की एक बैठक महिला जिलाध्यक्ष विनिता मिश्रा के नेतृत्व में आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी सचिव डॉक्टर अविनाश नारायण, प्रदेश उप संयोजक हरि सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी का जोरदार स्वागत किया गया। नए कार्यकताओं का नियुक्ति पत्र देकर माला व टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष सह अधिवक्ता विनीता मिश्रा ने कहा आम आदमी पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी है। जन समस्याओं को समाधान करने वाली पार्टी है। मौके पर जिला संयुक्त सचिव सिंह गांधी, महिला जिला अध्यक्ष बिनीता मिश्रा, बाबा उपेंद्र नाथ पांडे, जुझारु नेता जितेंद्र यादव, अधिवक्ता निमिषा सिंह, अधिवक्ता रीता झा, अधिवक्ता बबीता पांडे, जिला पदाधिकारी नीतू कुमारी, शंकर ठाकुर कानन गणेश, संजय सिंह, अदिति कुमारी, पिंकी पांडे, सविता शर्मा, निकिता केसरी, रामा भुइया, मनोरमा देवी, राजवीर कौर, रेखा देवी, ज्योति तिवारी, निरंजन सिंह, श्रीराम अग्रवाल, दिलीप महतो, बिंदु वर्मा सहित लगभग 100 लोग उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रोफेसर शालिग्राम मिश्र और जितेंद्र यादव ने किया।

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में बीएड में एडमिशन का दूसरा मौका

23 तक कर सकते हैं ऑफलाइन आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। लौह नगरी जमशेदपुर की वैसी छात्राएं जिनका इस बार बीएड में नामांकन नहीं हो पाया है, उन्हें जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी एक और मौका देने जा रही है। वैसे छात्राओं के लिए जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा निर्गत पत्र के आधार पर बीएड में बची हुई सीटों पर नामांकन के लिए आवेदन मांगे हैं।

23 फरवरी तक जमा कर सकते हैं आवेदन : उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत यूनिवर्सिटी ने इन सीटों के लिए ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किये हैं। मालूम हो कि पहले झारखंड के सभी बीएड संस्थानों में चार चरणों में कॉमन मेरिट लिस्ट (सीएमएल) की रैंक के आधार पर विद्यार्थियों के नामांकन हुए। बची हुई सीटों को ओपन सीट की कैटेगरी में रखते हुए गाइडलाइन जारी की गयी है। इसी के आलोक में वीमेंस यूनिवर्सिटी में इच्छुक छात्राओं से 23 फरवरी तक आवेदन जमा करने की सुविधा दी गयी है।

आवेदन के लिए ऑफलाइन मोड : यूनिवर्सिटी के बिष्टुपुर कैंपस के शिक्षा विभाग में ऑफलाइन आवेदन जमा किया जा सकता है। जिन छात्राओं का नाम चारों लिस्ट में नहीं आ पाया था और जो वीमेंस यूनिवर्सिटी के बीएड कोर्स में नामांकन की इच्छा रखती हैं, उनका नामांकन 2022झ24 सत्र के लिए सीएमएल रैंक के आधार पर ही अन्य सभी निर्देशों का पालन करते हुए होगा। यह रैंक झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परिषद यानी जेसीइसीइबी-2022 में शामिल विद्यार्थियों को जारी की गयी थी।

बता दें कि झारखंड के सभी बीएड संस्थानों में झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परिषद (जेसीइसीइबी) 2022 के आधार पर नामांकन होते हैं। इस दौरान चार चरणों में मेरिट लिस्ट के आधार पर सभी बीएड संस्थानों में अभ्यार्थियों का नामांकन हुआ फिर भी कई बीएड संस्थानों में सीटें खाली रह गयीं। इसी को देखते हुए में झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग के निर्देश पर जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी ने अपने बचे हुए सीटों के लिए ऑफलाइन आवेदन मांगे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 23 फरवरी रखी गयी है।

संत श्री गाडगे महाराज जयंती 23 को, तैयारी में जुटे रजक समाज

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर में रजक समाज का एक बैठक निर्मल गेस्ट हाउस में आयोजन किया गया। शनिवार को समाज के अध्यक्ष अजय रजक के नेतृत में आयोजित बैठक में रजक समाज के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संत श्री गाडगे महाराज की 147वीं जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

मौके पर समाज के उपाध्यक्ष शिव रजक ने बताया संत श्री गाडगे महाराज की 147वीं जयंती का आयोजन 23 फरवरी को किया जायेगा। उन्होंने बताया जयंती समारोह में सभी संस्था मिलकर करेंगे। जमशेदपुर के कदमा रांकिनी मंदिर पेट्रोल पंप के पास कुड़ी मंहंती सभागार में भव्य समारोह का आयोजन होगा। जयंती के अवसर पर समाज में काम करने वाले समाजसेवी बुजुर्ग एवं महिला समिति के 200 से ज्यादा लोगों को सम्मानित किया जायेगा, ताकि समाज के लोगों में सेवा का भाव जागे और समाज तेजी से आगे बढ़ सके। बैठक में अध्यक्ष अजय रजक, महामंत्री अशोक चौधरी, कोषाध्यक्ष रामलाल रजत, उपाध्यक्ष शिव रजक, उपाध्यक्ष अशोक रजक, सहसचिव जमुना रजक, शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र रजक, कार्यकारिणी सदस्य धनंजय लाल सहित अन्य शामिल रहे।

श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र के उत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम, झारखंड के कई जिलों से लगभग 40 हजार गुरु भाई हुए शामिल

सत्तदीक्षा से मिलता है जीवन जीने का रास्ता : डॉ मधु कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र के 135वें जन्म उत्सव एवं सत्संग विहार टाटानगर के 26वें उद्बोधन दिवस धूमधाम से मनाया गया। रविवार को का भव्य आयोजन जमशेदपुर के एग्रिको ट्रांस्पोट मैदान में आयोजन किया गया। प्रातः कालीन विनती प्रार्थना के बाद श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र के धर्म ग्रंथों से वाणी पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में सुबह नौ से दस बजे तक संगीतांजली व 10 से 11 बजे तक मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मौके पर कोलकाता मिली श्रीवास्तव, रत्ना दास, अनिता गुप्ता ने माताओं कैसे रहना चाइए, ताकि सुसंतान लाभ हो, जिससे परिवार और देश का भविष्य उज्जवल हो सके। मात्री सम्मेलन का परिचालन प्रणति शरण ने किया।

इस अवसर पर धर्म सभा का आयोजन किया गया। धर्म सभा में ठाकुर परिवार के पूजनीय अजिताभ चक्रवती, मुख्य वक्ता में देवघर से आये डॉ मधु कुमार, कृति सुंदर भट्टाचार्जी, भुवनेस्वर से राजेश खंडरवाल उपस्थित हुए। इस अवसर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, भाजपा नेता अभय सिंह, भाजपा नेता राजकुमार सिंह, पूर्व विधायक मेनका सरदार, सत्संग विहार टाटानगर के रित्विक भास्कर शरण,विनोद साव,गंगा प्रसाद, दिलीप मिश्रा उपस्थित रहे। धर्मसभा का संचालन आनंद कुमार संजू ने किया। सभी वक्ताओं ने श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र की जीवनी पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही वर्तमान युग में मनुष्य के लिए जो करणीय है इन बातों पर जोड़ दिया। देवघर ठाकुर बाड़ी से आये गुरु भाइयो ने श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के यजन याजन ईस्टभृति के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के जीवनी और सत्संग के संबंधित बिचारो को विस्तार से गुरुभाईओ को बताया। मनुष्य के जीवन में गुरु दीक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र के मनुष्य के प्रति भाव व मनुष्य के जीवन की कठिनाई कैसे कम हो कैसे सुंदर जीवन जी सके इस संबंध जानकारी दी।

भजन मंडली में भुवनेश्वर से आए चक्रधारी नायर अपने दल-वल के साथ लोगो को ठाकुर जी के गीतों से जमकर झुमाये। मौके पर स्थानीय गुरुभाई व गुरु माताओं में कार्तिक चंद दास, अरुण मानना, अमियड्यूती मनना, विश्वजीत, संजीत, शुक्ला बोस सहित अन्य ने भजन कीर्तन प्रस्तुत की। वहीं उत्सव के दौरान डॉ सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें रांची से डॉ संगीता, कलकत्ता से डॉ कृति सुंदर लाल, ब्रह्मानंद के कार्डियोलॉजीस्ट डॉ राम नरेश राय ने श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र के ऑडियोलॉजी व वर्तमान मेडिकल साइंस का सम्मवय संवाद दिया। जिससे जानकारी मिली कि श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी एक 100 वर्ष पूर्व ही वर्तमान मेडिकल साइंस की जानकारी दे चुके हैं। उत्सव के मैदान में कई तरह के स्टॉल लगाया गया। वहीं मेडिकल कैंप लगाकर जरूरतमंदों के बीच दवा का वितरण किया गया।

मौके पर सैकड़ों लोगों ने सीसी ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के दीक्षा ग्रहण की। उत्सव में झारखंड के कला संस्कृति का दृश्य देखने को मिला। ओड़िशा से आये भजन मंडली व जमशेदपुर के भजन मंडली श्री श्री ठाकुर के भजन का गुरुभाइयो ने जम कर आनंद उठाया। मौके पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ठाकुर सरनिया होजाओ रे भईया होजाये बेड़ा पार हो भजन पर जमकर झूमे गुरुभाई। वहीं देवघर से आये अभिताभ चक्रवती एग्रिको स्थित उत्सव पंडाल पहुंचते ही भक्तों के भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान देवघर से आये अभिताभ चक्रवती ने हाथ जोड़ कर सभी गुरुभाइयों के प्राथना स्वीकार की। उत्सव के दौरान लगभग 40 हजार से ज्यादा गुरु भाइयों ने सीतारामडेरा वह मैदान में प्रसाद ग्रहण किया। संध्या 05.34 बजे सांध्य कालीन प्राथना एवं श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र के धर्म ग्रंथो से वाणी पाठ कर उत्सव का समाप्ति की घोषणा की गयी। मौके पर भोला राय,अरुण मानना, सत्तू वेद्यकार, शैलेश, शंकर राव, राहुल, आलेख, लालू, संजय, पप्पू, शामल राय, संजीव राना, पराग, संदेश, मंजू साह, सदना देवी,छाया दंडोपात, शिला सिंह, प्रणति शरण, रोशनी साह, उत्तम सरकार, मदन महतो के अलावे दूर दरार से लगभग 40 हजार गुरु भाइयों से सहयोग से शांतिपूर्ण उत्सव सफल हुआ।

महत्वपूर्ण न्यूज

विधायक चंद्रवंशी ने बरडीहा प्रखंड में तीन करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास

बरडीहा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम पंचायत आदर के मदरसा चौक से लेकर बरछा बांध होते हुए बिछी दुर्गा मंडप चौतरा तक लगभग तीन करोड़ की लागत से बननेवाले पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने नारियल फोड़कर किया। लगभग साढ़े चार किलोमीटर लंबी इस सड़क का शिलान्यास करते हुए विधायक चंद्रवंशी ने कहा कि इस विधानसभा के क्षेत्र में हमारे रहते कोई भी गांव की सड़क खराब नहीं रहेगी। हम खोज खोज कर सड़क का निर्माण करवा रहे हैं। बरडीहा प्रखंड की जनता की हर समस्याओं का निदान करने की हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरडीहा गांव के बरछा बांध मिडिल स्कूल को हाई स्कूल का दर्जा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। मौके पर पलामू के विधायक प्रतिनिधि राम चंद्र यादव और बरडीहा प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मेहता, युवा बीजेपी जिला महामंत्री संजय कमलापुरी, बरडीहा प्रखंड के उप प्रमुख सत्येंद्र पासवान, बाल रूप यादव, जितेंद्र यादव, प्रमोद केसरी, श्रीकांत सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में संगठन का विस्तार एवं कई मुद्दों पर की गयी चर्चा

मझिआंव (आजाद सिपाही)। शिवेशवर चंद्रवंशी इंटर कॉलेज परिसर में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक की गई। इस बैठक में संगठन का विस्तार एवं कई मुद्दों पर चर्चा की गई तथा आने वाला चुनाव में बढ़-चढ़कर कार्यकर्ताओं को भाग लेने के दिशा-निर्देश के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर पलामू जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष बिपिन बिहारी सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, नगर पंचायत मंडल अध्यक्ष पवन कुमार के अलावे अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिसमें ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने दीन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर बिपिन बिहारी सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलला दुबे, विनोद प्रसाद, महेंद्र सिंह, दीपक कुमार, शैलेंद्र पांडेय, सच्चिदानंद सिंह, वीरेंद्र पाठक, विनय पाठक, जोगेंद्र प्रजापति, चंदन चंद्रवंशी, शाहिद अली खान, ब्रजेश कुमार, बसंत पाण्डेय, बीरेंद्र सोंडीक, बिशुनदेव प्रजापति, बलराज मेहता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जमीन विवाद को लेकर मारपीट में महिला सहित एक दर्जन लोग हुए घायल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिले के डंडा प्रखंड के छप्परदागा गड़ई टोला में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को ले हुई मारपीट में दोनों पक्ष से महिला सहित एक दर्जन लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घायल सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इलाज के दौरान पहला पक्ष से घायल गबार अंसारी के पुत्र रेनूल अंसारी, जाल मोहम्मद, उसकी पत्नी रवीना बीबी, जैनुल अंसारी की पत्नी मरियम बीवी, मुख्तार अंसारी की पत्नी आसमां बीवी, ऐनुल अंसारी की पत्नी सबीला बीवी के नाम शामिल हैं । घायल जमाल अंसारी ने बताया कि पटीदार अब्दुल शकूर अंसारी के पुत्र शमशाद अंसारी से पुराना जमीनी विवाद चल रहा था। किंतु आज पेड़ काटने की बात को तूल पकड़ाते हुए उन लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार कर लाठी-डंडे से मारपीट की गयी। तभी बीच-बचाव करने गए घर की महिलाओं को भी उनके द्वारा बर्बरतापूर्वक डंडे से पीटकर घायल कर दिया गया। जबकि वहीं दूसरे पक्ष से घायलों में शमशाद अंसारी, अफताब आलम अंसारी, नौशाद आलम अंसारी, आलमगीर अंसारी के नाम शामिल हैं। आलमगीर अंसारी ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर काफी दिनों से उन लोगों के साथ नोकझोंक हुई थी। तब से लेकर उन लोगों के द्वारा मारपीट जैसी घटना को अंजाम हमेशा दिया जाता है। यहां तक कि 23 मार्च 2022 को उस पुरानी जमीनी विवाद में हम सभी को डिग्री भी प्राप्त हो गयी थी। जिसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा जमीन का सीमांकन कराने के लिए लेटर भी हम लोगों को मिल चुका है। जिसका फोटो कॉपी अंचल में भेज दिया गया। किंतु ये लोग उस जमीन विवाद को लेकर हमेशा मारपीट करने के लिए उग्र होते हैं। और आज घर के ऊपर कटहल का पेड़ टंगा हुआ था उसे हटाने के लिए बुलाकर मारपीट कर घायल कर दिया।

मोटरसाइकिल सवार युवक की दुर्घटना में मौत

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला सदर थाना क्षेत्र के मेढना कला गांव निवासी ललन चौधरी के 23 वर्षीय पुत्र संदीप चौधरी की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। घटना में मौत के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढवा पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। परिजनों ने घटना के संबंध में बताया कि संदीप चौधरी रात्रि करीब 10:00 बजे अपने ससुराल संग्रहे से घर को लौट रहा था। इसी बीच नावाडीह गांव के समीप इसकी मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौत हो गयी।

कार्यक्रम : मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मिलाप मेडिकल सेंटर का किया उद्घाटन

जिले में बेहतर स्वास्थ सुविधा देने का हो रहा है कार्य : मंत्री

गढ़वा जिले के सभी चिकित्सक सेवा भाव से दिन-रात मरीजों की सेवा में लगे हुए हैं और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बेहतर कार्य कर रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय अंतर्गत चिनिया रोड स्थित शांति निवास स्कूल के समीप वीरेंद्र तिवारी मार्ग के बगल में मिलाप मेडिकल सेंटर का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सालों से गढ़वा जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा दे रहे चिकित्सक परिवार द्वारा आज एक और अस्पताल की शुरुआत की गयी है। मिलाप मेडिकल सेंटर नामक अस्पताल की शुरुआत होने से इसका लाभ लोगों को मिले और आगे भी सुविधा मिलती रहे यह उम्मीद है। क्योंकि जब एक शिक्षित व्यक्ति स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने के लिए शिक्षा प्राप्त करता है तो यह शपथ लेता है कि हम मानव सेवा के प्रति हमेशा तत्पर रहेंगे और उसी शपथ के अनुरूप गढ़वा जिले के सभी चिकित्सक सेवा भाव से दिन-रात मरीजों की सेवा में लगे हुए हैं। और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बेहतर कार्य कर रहे हैं।

वहीं डॉक्टर यासीन अंसारी ने कहा कि आज मिलाप मेडिकल सेंटर की शुरुआत की गयी। मैं अपने बड़े पुत्र डॉक्टर असजद अंसारी का शुक्रगुजार हूं जिनके द्वारा गढ़वा जिले में आज मिलाप मेडिकल सेंटर एवं नर्सिंग होम की शुरुआत की गयी। मैं गढ़वा में जैसे ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने के लिए पढ़ाई पूरी कर यहां पहुंचा निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की और उसी क्षेत्र में हमारे घर के दोनों बेटे एवं बहुएं स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बेहतर कार्य गढ़वा जिला वासियों के लिए कर रहे हैं। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है।

मौके पर डॉ एनके रजक, असजद अंसारी, मेहरू यामिनी महजबी, डॉ अमित कुमार, टी पीयूष, शमशेर सिंह, जियाउल हक, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, नगर परिषद अध्यक्षा पिंकी केसरी, अनिता दत्त सहित काफी संख्या में लोग मौके पर मौजूद थे।

विशुनपुरा में झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह आयोजित

झामुमो 1932 का खतियान लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है : अनंत प्रताप देव

आजाद सिपाही संवाददाता

विशुनपुरा। झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन राम विद्यालय विशुनपुरा के मैदान में रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने कहा कि साम्प्रदायिक शक्तियां राज्य को चारागाह बनाने का काम कर रही हैं। यहां कोयला, अबरख, इस्पात, यूरेनियम जैसे महंगे धातुओं के रहने के बावजूद लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। झारखंड राज्य का सपना का जो उद्देश्य था, वह पूरा नहीं हुआ। 1932 का खतियान लागू होने से राज्य में मूलवासी का विकास होता लेकिन इसका मूल विरोधी भाजपा है। झामुमो 1932 के खतियान लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो लागू होकर रहेगा। आज बिजली बिल घर घर मिल रही है। 100 यूनिट बिजली बिल माफ करने की योजना लाभदायक है। लोग इसका लाभ मीटर लगवा कर ले सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि भाजपा नफरत फैलाने की राजनीति करना चाहती है। युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव ने कहा कि इस समारोह में ग्रामीणों की भीड़ से यह प्रतीत होता है कि इस बार युवा भानु को खदेड़ने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम को युवा समाजसेवी सह झामुमो नेता दीपक प्रताप देव, जिलापरिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद सदस्य शम्भू राम चन्द्रवंशी ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन नवल किशोर गुप्ता ने किया। इसके पूर्व चितरी गांव से झामुमो नेताओं के स्वागत में मोटरसाइकिल रैली निकाली, जो विशुनपुरा मुख्य पथ से अपर बाजार होकर कार्यक्रम स्थल पर आकर समाप्त हुई।

मौके पर कमता प्रसाद, लालू राम, मुकेश सिन्हा, तस्लीम खान, निर्मल पासवान, मुखतेश्वर पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, ऐनुल अंसारी, लतीफ अंसारी, सुरेश भंडारी, सजंय गुप्ता, माणिक सिंह, ज्ञासुदीन अंसारी, आलम अंसारी, श्याम सुंदर चन्द्रवंशी, भुखन साव, शिवकुमार यादव, गोपाल राम, सोनू देव, अरविंद प्रताप देव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जल सहिया जिला सम्मेलन में संघर्ष समिति का किया गया पुनर्गठन

सांसद वीडी राम एवं सूरज गुप्ता ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिला जल सहिया संघर्ष समिति के तत्वावधान में स्थानीय नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरेज हॉल में एक दिवसीय जल सहिया जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन का उदघाटन पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, समिति के मुख्य संरक्षक भाजपा नेता सूरज गुप्ता एवं अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी उपस्थित थे। मौके पर विचार व्यक्त करते हुए सांसद वीडी राम ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने जल सहियाओं के लिए एक हजार रुपये प्रति माह मानदेय लागू किया था उसे हेमंत सरकार ने क्यों समाप्त कर दिया यह बहुत ही खेदजनक बात है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि आप लोगों की मेहनत के बदौलत राज्य एवं केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन योजना जमीन पर उतर रही है यह किसी से छिपी हुई नहीं है। सांसद श्री राम ने जल सहियाओं को आश्वस्त किया कि मेरा साथ भरपूर मिलेगा जहां जरूरत पड़ेगी मैं आपकी आवाज बनूंगा। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने कहा कि जल सहिया की जिम्मेदारी और काम के आधार पर मजदूरी नहीं मिलना राज्य सरकार के दिवालियापन की परिचायक है। यदि आपके हक अधिकार के लिए रांची और दिल्ली की लड़ाई लड़नी होगी तो सहयोग करूंगा। मुख्य संरक्षक सूरज गुप्ता ने कहा कि जब तक सरकार काम के बदले सम्मानजनक मानदेय और अन्य मांगों पर पुनर्विचार नहीं करती है इस लड़ाई को दिल्ली तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर जल सहिया संघर्ष समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें मालती देवी को पुनः अध्यक्ष, रीना केसरी, प्रियंका देवी, संध्या देवी को उपाध्यक्ष, संयुक्ता देवी, स्नेहलता देवी, सुनीता देवी को सचिव, रेखा देवी को महासचिव, अर्पणा देवी को कोषाध्यक्ष, रेनू देवी को सह कोषाध्यक्ष एवं सीमा देवी व कंचन देवी को मीडिया प्रभारी बनाया गया।

मौके पर अरयामा पाठक, पूनम देवी, नीलम देवी, ममता देवी, अनीता देवी, रंजू देवी, शीला देवी, चंद्रावती देवी, जयंती देवी, धनराज खातून, इशरत परवीन, सरिता देवी, ज्ञानती देवी, सुमित्रा देवी, बबीता देवी, कामिनी देवी, दुर्गा देवी, सुचिता देवी, चंद्रावती देवी, फुलमनी देवी, लक्ष्मी देवी, गुंजा तिवारी, सरस्वती देवी, समिता गुप्ता, ममता देवी, चंद्रप्रभा देवी, बिंदु देवी, रुकसाना खातून सहित में जलसहिया उपस्थित थीं।

जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने किया शिवरात्रि मेला का उद्घाटन

मंत्री के सौजन्य से पूजा कमेटियों को किया गया 72 हजार रुपये का सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। रंका अनुमंडल क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर रंका थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। इस अवसर पर रंका थाना पूजा कमेटी के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग दस हजार लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। शिव मंदिर के प्रांगण में क्षेत्रीय गायक कलाकारों ने भक्ति भजन, होली आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। रंका थाना पूजा कमेटी को मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से युवा मोर्चा प्रखंड कमेटी के द्वारा 50 हजार रुपये की सहयोग राशि दी गयी। वहीं चुटिया पंचायत अंतर्गत महाशिवरात्रि मेला का उद्घाटन जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह एवं चुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता ने फीता काट कर किया।

मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर के विधायक फंड से एक चबूतरा निर्माण हेतु शिलान्यास मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में नितेश कुमार सिंह ने किया, जबकि रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा ने प्रमुख फंड से चुटिया पंचायत में शिव मंदिर निर्माण हेतु ढाई लाख रुपये तत्काल निर्गत किया। वहीं मंत्री जी के सौजन्य से मेला कमेटी को 11 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गयी।

महाशिवरात्रि पर रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित शिव ढोढ़ा शिव मंदिर के प्रांगण में मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झामुमो के युवा जिला उपाध्यक्ष शंभू यादव, प्रमुख हेमंत लकड़ा, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, प्रखंड सचिव पप्पू यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि रतन सिंह, युवा उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रखंड उपाध्यक्ष छोटू सिंह, चुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता, राहुल कश्यप, मनोज जायसवाल, सोनू, पंकज, अतुल, नसीम अंसारी, लवली उरांव, बरवाडीह पंचायत झामुमो के रामा गुप्ता, धनू यादव, लक्ष्मण सिंह, जितेंद्र सिंह, गोबर्द्धन सिंह, रंका के उत्तम पांडेय, भिखारी पाल, विजय चंद्रवंशी, अशोक सिंह, कमल पांडेय सहित हजारों श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

सीओ एवं प्रखंड प्रमुख सतेंद्र पांडेय ने छठ घाट का किया भूमि पूजन

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। महाशिवरात्रि के अवसर पर स्थानीय बली बाबा (ब्रह्म बाबा) के प्रांगण में रविवार को मेला का आयोजन किया गया। उसके पश्चात अंचलाधिकारी अजय कुमार दास व प्रखंड प्रमुख सतेंद्र पांडेय ने छठ घाट का भूमि पूजन किया। वहीं कमेटी की ओर से एक विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ हरिहरपुर मुखिया अनुज कुमार सिंह व विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। तत्पश्चात क्षेत्रीय कलाकार विजय हिन्द के द्वारा जादू के एक से बढ़कर एक कारनामे दिखाये गये। कार्यक्रम में भूतपूर्व शिक्षक असर्फी तिवारी द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'नरक तक' का विमोचन यूट्यूब पर किया गया। मौके पर सुनील सिंह, शिक्षक अनिल सिंह, अजित कुमार सिंह, नरेश साह व फिल्म के सभी कलाकर सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

रंका में विद्युत करंट से युवक की मौत

रंका (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सुकुलडीह निवासी गुड्डू यादव की गत रात्रि 11:00 बजे विद्युत करंट का झटका लगने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि गत रात्रि शिव नाला मेला से भजन कीर्तन के बाद युवक जैसे ही घर आया तो घर में अंधेरा देखकर पत्नी से पूछा कि सभी जगह बिजली जल रही है, पर हमारे घर में बिजली क्यों नहीं जल रही है। पत्नी ने कहा लगता है कहीं से कोई फॉल्ट हो गया है, इस कारण हमारे घर में बिजली नहीं जल रही है। आइए चलिए सोते हैं सुबह बिजली मिस्त्री से बनवा लेंगे। युवक शराब के नशे में होने के कारण पत्नी की बातों को अनदेखा करते हुए बिजली के खंभे पर जा पहुंचा। नग्न पैरों से बिजली के खंभे के सहारे बिजली के पोल पर चढ़ गया और अंधेरा होने के कारण वह तार को सीधे नंगे हाथ से पकड़ लिया, जिसके कारण वह कुछ पल तो वहीं पर अटका रहा, उसके बाद नीचे गिर पड़ा। पत्नी के शोरगुल करने के बाद मोहल्ले के लोग इकट्ठा होकर तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कार्यक्रम : जायंट्स ग्रुप गढ़वा एवं नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गुरुग्राम ने किया निःशुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन

गढ़वा एवं डालटनगंज के लगभग 43 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी

20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी में कुछ अन्य संस्थाओं की मदद से आर्थिक सहायता दिलवाने के लिए अस्पताल प्रशासन प्रतिबद्ध है : डॉ विकास केशरी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। ज्ञान निकेतन कांवेंट स्कूल के प्रांगण में जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा एवं नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गुरुग्राम के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्र के हृदय रोगियों ने इस शिविर में बढ़-चढ़ कर भाग लिया एवं गढ़वा जिले के साथ-साथ निकटवर्ती डालटनगंज जिले के लगभग 43 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी। 25 से अधिक मरीजों में विभिन्न हृदय रोगों की पहचान की गयी। आठ मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी गयी, जिसमें दो शिशु भी शामिल हैं। कुछ अन्य रोगियों को हार्ट से संबंधित विशिष्ट जांचों की सलाह दी गयी। इसी क्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी ने बताया कि आज के शिविर में भी जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित दो वयस्क महिलायें पायी गयीं, जिनमें से एक की बीमारी लाइलाज हो जाने की बहुत अधिक आशंका है। कुछ ऐसे भी रोगी पाये गये जिनको वर्षों पूर्व ऑपरेशन कराने का परामर्श दिया गया था, परंतु उन्होंने ऑपरेशन नहीं कराया और अब उनके शरीर के अन्य अंगों में भी बीमारी के दुष्परिणाम दिखने लगे हैं। यह सुविधा और जानकारी के अभाव के चलते नहीं बल्कि रोगियों में जागरूकता के अभाव के कारण हुआ है। डॉ विकास के साथ साथ जायंट्स ग्रुप के सभी सदस्यों ने भी रोगियों से अपने रोग एवं उसके सही उपचार के बारे में जागरूक एवं तत्पर रहने की अपील करते हुए बताया कि अब शहर के अंदर ही हृदय रोगों की पहचान के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध हैं, इसलिए उपचार में विलंब बिलकुल स्वीकार्य नहीं है। डॉ केशरी ने पुनः जिले के गरीब मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर कुछ अन्य संस्थाओं की मदद से आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु वह एवं अस्पताल प्रशासन प्रतिबद्ध है। अन्य रोगियों के लिए भी न्यूनतम संभव शुल्क पर ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी और अन्य रोगियों को भी समुचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस सन्दर्भ में जायंट्स ग्रुप के सहयोग से ही अगले माह के तीसरे रविवार 19 मार्च को पुनः शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के अध्यक्ष ध्रुव केशरी, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, एमपी केशरी, फेडरेशन 8 यूनिट 2 के निदेशक मनोज केशरी रूपा गंजी, जायन्ट्स गढ़वा के उपाध्यक्ष कमलेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, वित्त निदेशक अशोक केशरी सहित दीपक तिवारी, राकेश बाबू सर्राफ, सुनील अग्रवाल, अवधेश कुशवाहा, दीपक केशरी, मनोज केशरी सन रेडियो, मंदीप प्रसाद, डॉ पातंजलि केशरी आदि सदस्य उपस्थित थे।

एनएच 75 रैयत संघर्ष मोर्चा ने बनायी आंदोलन की रणनीति

कहा- जबतक बाजार दर पर मुआवजा नहीं मिलता तबतक सड़क निर्माण नहीं होने देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

सगमा। एनएच 75 रैयत संघर्ष मोर्चा के द्वारा बिलासपुर बाजार में बैठक कर अपनी रणनीति को धार देने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बिलासपुर, गंगटी, हलिवंता कला, हलिवंता खुर्द, जोरमा व महदेइया के दर्जनों किसान उपस्थित थे। इसे लेकर उपस्थित किसानों ने एनएच 75 चौड़ीकरण फोरलेन निर्माण की जद में पड़ने वाली जमीन का उचित मुआवजा देने की मांग करते हुए कहा कि सरकार के साथ भूअर्जन विभाग किसानों को धोखा देकर जमीन हड़पना चाहता है। विभाग के द्वारा हम लोगों की जमीन का जो रेट तय किया गया है वह हमलोगों को किसी भी कीमत पर मान्य नहीं है। इससे संबंधित सभी जानकारी को उपायुक्त गढ़वा, भूअर्जन पदाधिकारी गढ़वा के साथ अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर को आवेदन के माध्यम से अवगत कराने का निर्णय लिया गया। किसानों का कहना है कि जबतक सरकार बाजार दर पर मुआवजा नहीं देती है तबतक सड़क निर्माण नहीं होने देंगे। सड़क निर्माण से पूर्व बाजार दर पर मुआवजा भुगतान करे इसके पश्चात काम शुरू किया जाए। उपस्थित किसानों ने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए कहा कि एनएच 75 खजूरी से बिलासपुर तक पड़ने वाले सभी भूमिधारक को उचित मुआवजा जबतक नहीं मिलेगा तबतक हम लोग चैन से नहीं बैठेंगे, इसके लिए जहां भी जाना होगा जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाकर धरना प्रदर्शन के साथ आंदोलन पर भी विचार विमर्श किया गया। मौके पर राजेश जयसवाल, बीरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, राजेश्वर बैठा, राजाराम चौधरी, रामबिसुन चौधरी, बीरेंद्र प्रताप देव, महेंद्र सिंह, विश्वनाथ चन्द्रवंशी, रामप्यारी साह, संजय कुमार गुप्ता, राजू कुमार चौधरी, बिष्णुधारी राम, जगरनाथ कुशवाहा, अर्जुन ठाकुर, राम किशोर कुशवाहा, ओम प्रकाश, ममता देवी, मनोहर चौधरी, शिव कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, शिवनाथ साह, परसू शाह, राम कुमार ठाकुर, राजू राम, जयश्री ठाकुर, बिसुनधारी राम, राधा देवी उपस्थित थे।

छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक में चुनाव पर चर्चा हुई

लोहरदगा। स्थानीय तेली धर्मशाला में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक हुई। जिसमें सिटीयूएस का नए सत्र का चुनाव पर परिचर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से समाज के विभिन्न पदों के प्रत्याशियों द्वारा जमा किये गये आवेदन पत्रों की जांच की गयी। जिसमे जांचोपरांत निर्णय लिए गया। जिला अध्यक्ष पद हेतु प्राप्त दो प्रत्याशी मनोज साहू एवं जयनाथ साहू के आवेदन पत्र सही पाए गए जबकि जिला महासचिव के पद के लिए दिलीप कुमार साहू का आवेदन पत्र त्रुटिपूर्ण रहने, अभिषेक कुमार गुप्ता के आवेदन में पद का नाम फोटो एवम हस्ताक्षर नहीं रहने के कारण रद्द कर दिया गया। युवा अध्यक्ष दीपक कुमार साहु, युवा सचिव पद के लिए सचिन कुमार का आवेदन सही पाया गया। शेष पदों के लिए आवेदन प्राप्त नहीं हों पाए उन पदों के लिए 23 फरवरी की बैठक में कोर कमेटी का सदस्यों द्वारा निर्णय लिया जायेगा। संरक्षक प्रो शिवदयाल साहू ने बताया कि जिला अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशियों का आवेदन प्राप्त हुआ जो पूर्ण सही पाया गया इसलिए जिला अध्यक्ष पद का चुनाव निर्धारित तिथि आगामी 23 फरवरी 2023 को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक तेली धर्मशाला परिसर में संपन्न होगा। चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी सोहन साहू होंगे।

मंडल कारा में जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

जमानत के बाद भी कैदियों को जेल से बाहर ना आने देना गंभीर विषय : डालसा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा मंडल कारा में जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव ने अभियुक्तों को संबोधित किया। जबकि डालसा सचिव राजेश कुमार ने कैदियों से कहा कि कैदियों के बीच लोहरदगा डालसा की दो प्राथमिकताएं हैं। जिन कैदियों को केस लड़ने के लिए अपने वकील नहीं है, उसे सरकारी खर्च पर डालसा पैनल से वकील मुहैया कराना एवं जिन कैदियों का जमानत हो चुका है किंतु जमानत के शर्तों के कारण वो जेल से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं उन्हें संबंधित कोर्ट से जमानत के शर्तों में बदलाव करा कर कैदियों को जेल से बाहर निकलवाना। डालसा सचिव राजेश कुमार ने जेल के पीएलवी व जेल प्रबंधन को बताया कि जिन कैदियों का जमानत हो चुका है किंतु जमानत के कठिन शर्तों के कारण वह जमानत पर बाहर नहीं आ सका वैसे कैदियों की पहचान कर अविलंब डालसा कार्यालय को सूचित करें। क्योंकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दिनांक 31 जनवरी 2023 को एक आदेश पारित करते हुए यह कहा है कि जिन कैदियों का जमानत हो जाता है, संबंधित कोर्ट बेल ऑर्डर की एक प्रति अविलंब जेल को मेल से भेजेगी। यदि 07 दिनों के भीतर बंदी जेल से बाहर नहीं आ पाता तो इसकी सूचना जेल अधीक्षक डालसा सचिव को देंगे। डालसा सचिव ऐसे कैदियों की आर्थिक/सामाजिक पृष्ठभूमि प्रोबेशन ऑफिसर से प्राप्त कर संबंधित कोर्ट को जमानत के शर्तों में बदलाव के लिए आवेदन दे सकती है। न्यायालय अभियुक्त को टेंपरोरी बेल पर भी छोड़ सकती है ताकि वह अपने प्रतिभुओं की व्यवस्था कर सके। यदि 01 माह तक कैदी जमानत मिलने के पश्चात भी जेल से बाहर नहीं आ पाता तो न्यायालय स्वतः जमानत की शर्तों पर पूर्ण विचार कर सकती है। यदि लोकल जमानतदार नहीं मिलने के कारण अभियुक्त जेल से बाहर नहीं निकल पाता तो ऐसी स्थिति में न्यायालय लोकल बेलर के शर्तों में परिवर्तन कर सकती है। डालसा सचिव ने संबंधित जेल अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में उपरोक्त निर्देश का पालन करते हुए सप्ताहिक रिपोर्ट डालसा कार्यालय को सौंपे। इस अवसर पर कारा में बंद विभिन्न कैदियों ने अपनी समस्याओं को रखा जिसका निराकरण संबंधित न्यायालय से मिलकर किया जायेगा।

आम आदमी पार्टी प्रखंड अध्यक्ष बने सुशील उरांव

लातेहार। जिला मुख्यालय के समीप उत्सव मंडल लातेहार में आम आदमी पार्टी लातेहार जिला कमेटी की बैठक परमेश्वर गंझु की अध्यक्षता में आयोजित की गयी इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी लोगों के सर्व समिति से लातेहार प्रखंड अध्यक्ष सुशील उरांव एवं सचिव शाहरुख अंसारी को बनाया गया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष सुशील उराव ने कहा कि पार्टी के लोगों ने जिस प्रकार मुझ पर भरोसा कर प्रखंड अध्यक्ष का प्रभार सौपा है मैं इनके उम्मीद पर खरा उतरने का कार्य करूंगा और संगठन को मजबूत करने के लिए भरसक प्रयास करता रहूंगा। आगे उन्होंने कहा कि संगठन में सामाजिक न्याय धरोहर अरविंद केजरीवाल के सपने को साकार करने के लिए पार्टी हित में नियंत्रण कार्य करता रहूंगा। मौके पर राजेश उराव दिनेश प्रसाद,कुलदीप तिर्की, उपेंद्र दुबे, रामचरण उरांव, फैजान आलम रिकू खान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

समाजसेवी मुरारी प्रसाद ने दिवंगत दीपक प्रसाद के आश्रितों को आर्थिक मदद की

लातेहार। समाजसेवी मुरारी प्रसाद ने दिवंगत दीपक प्रसाद के आश्रितों को आर्थिक मदद की ज्ञात हो कि तेली मोहल्ला निवासी दीपक प्रसाद की गत दिनों इलाज के दौरान मौत हो गयी थी दीपक प्रसाद के परिजनों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है ऐसे में मुरारी प्रसाद ने आश्रितों को ₹5000 की आर्थिक मदद की उन्होंने आगे भी मदद करने का भरोसा दिया मौके पर रामप्यारे प्रसाद जनार्दन प्रसाद राजू प्रसाद रंजीत कुमार प्रदीप प्रसाद व पिटू प्रसाद बसी थे।

एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

महुआडांड़। प्रखंड के कार्मेल हॉस्पिटल के समीप बाला जी के नये शोरूम में वाविन इंडिया पाईप कंपनी और संदीप हार्डवेयर एंड ममता फर्निचर के द्वारा सयुंक्त तौर पर रविवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें पाईप से संबंधित जानकारी विक्रेता और इससे संबंधित प्लम्बर मिस्त्री को दिया गया साथ पाइप बिक्री को लेकर कई दिशा-निर्देश भी दी गई।मौके पर सीनियर सेल्स अफसर राज भारती, इवेंट्स ऑपरेटर चंदन राय ने कहा कि पाईप कंपनी में वावीन ही ऐसा कंपनी है जिसको इंडिया का सुपर ब्रांड टेस्टेड पाइप कम्पनी घोषित किया गया है और इस प्रोडक्ट को लोग कई सालो से यूज कर रहे है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वाविन पाइप विक्रेता, डीलर सतीश कुमार गुप्ता, मिस्त्री तबरेज, इरसाद, अमन, विक्रम,मुन्ना, साबिर, पवन, समेत दर्जन मिस्त्री गण मौजूद थे।

मंदिरों एवं शिवालयों में पूजा अर्चना की

कैरो(लोहरदगा)। महाशिवरात्रि पूजा अर्चना को लेकर कैरो प्रखंड क्षेत्र के भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। महाशिवरात्रि पर युवती एवं महिलाओं ने मंदिरों एवं शिवालयों में दिन भर पूजा अर्चना को लेकर तांता सा लगा रहा दिन भर भगवान शिव की आराधना को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला सभी शिव मंदिरों में बाबा भोले नाथ एवं माता पार्वती का जय कारा चारो ओर गुजमान्य रहा। प्रखंड मुख्यालय थाना परिसर में खास तरीके से मंदिर को आकर्षक फूलों व विद्युत साज सज्जा से आकर्षक रूप दिया गया वंही सुबह से ही भंडारे का आयोजन किया गया है। महाशिवरात्रि को लेकर महादेव मण्डा गजनी, बाबा भोले नाथ मंदिर खरता, शिव मंदिर कैरो में अखंड कृतन भजन किया गया। वही प्रखंड क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर पुलिस का गस्ती दिन देखने को मिला वंही क्षेत्र के गण्यमान्य, जनप्रतिनिधियों के भी शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी गयी।

जीत अधूरी है, आंदोलन समाप्त नहीं स्थगित की गयी है: रितेश कुमार

लोहरदगा। लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया कि फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों व सरकार के बीच सकारात्मक बातचीत होने के बाद खाद्यान वस्तुओं के अनिश्चितकालीन बंद आवक जावक तथा प्रतिष्ठानो में खरीद बिक्री के रोक को आज से हटा लिया गया है, इसलिये आज से सभी प्रतिष्ठानें पूर्व तरह खुल गई है। सरकार के प्रतिनिधि विनय चौबे व कृषि मंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जैसा व्यापारी चाहेंगे वैसा ही प्रावधान के साथ कृषि विधेयक में सम्माहित किया जायेगा। चूंकि देश के एक दो राज्यों को छोड़कर सभी जगह केंद्र सरकार का आदेश के आलोक में इस कानून को लागू किया जा चुका है। अतः व्यापारियों को स्पष्ट समझना चाहिए कि आनेवाले समय मे हम सब को व्यापार हित की लड़ाई आपस मे इसी तरह एकजुट होकर लड़ना होगा। आगे सरकार यदि व्यापारी वर्ग के लिये कोई अहितकारी कानून लाती है या ऐसा कोई कदम उठाती है तो हमे एकबार फिर एकजुट होकर लड़ाई लड़नी पर सकती है। अभी आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है बल्कि केवल स्थगित किया गया है।

मैदान में कुर्सी हटाने की बात पर हुई झड़प, एक जख्मी

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा के अरु खेल मैदान में कुर्सी हटाने की बात पर दो लोगो के बीच मार पीट हो गया। जिसमें एक व्यक्ति जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार अरु गांव के फिरोज अंसारी एवं कल्हेपाट निवासी रुस्तम अंसारी के बीच विवाद उतपन हुआ और बातों बातों में मामला बिगड़ गया। वहीं फिरोज अंसारी ने रुस्तम अंसारी के विरुद्ध आरोप लगाते हुए मारपीट एवं गली गलौज की बात बताते हुए सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाया है। फिरोज अंसारी घटना के पश्चात सेन्हा थाना को घटना से अवगत आवेदन के माध्यम से कराते हुए कहा कि अरु खेल मैदान में मंच से कुर्सी हटाने को लेकर विवाद हुआ था और गाली गलौज होने लगा इसी बीच उपस्थित लोगों द्वारा बीच बचाव किया जा रहा था तो रुस्तम अंसारी कल्हेपाट निवासी मौका का फायदा उठाते हुए लाठी से प्रहार कर जख्मी कर भाग निकला। वहीं थाना में घायल अवस्था एवं सर से खून निकलता देख प्रशासन ने इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा भेज घायल का इलाज करवाते हुए पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गयी है।

चार मार्च को पर्यावरण संरक्षण पर मेला का आयोजन

बालूमाथ। पर्यावरण संरक्षण मेला समिति तकार्टांड़ (बालू) बालूमाथ लातेहार के तत्वाधान में वन प्रेमियों की बैठक पायोनियर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में श्री राम कुमार यादव की अध्यक्षता में की गयी। विदित हो कि प्रतिवर्ष 4 मार्च को पर्यावरण संरक्षण मेला तुकार्टांड़ में लगाया जाता है। इस मेले को सफल बनाने हेतु सभी बिंदुओं पर विस्तार रूप से चर्चा किया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वृक्षारोपण मंत्र वृक्ष का रक्षाबंधन शोभायात्रा पर्यावरण पर आधारित स्कूली बच्चों द्वारा अनेक प्रकार का पर्यावरण पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन रहता है। बैठक का संचालन कर रहे संजय सर ने बताया कि इस बार सुदूर क्षेत्रों जैसे रांची हजारीबाग गुमला मनिका लोहरदगा बोकारो से भी भारी संख्या में पर्यावरण प्रेमियों को आने की व्यवस्था बनी है। कार्यक्रम में बालूमाथ बीडीओ राजश्री ललिता बाखला मुख्य अतिथि के रूप में होंगी। बैठक में अध्यक्ष राम कुमार यादव, संजय सर, इंद्रदेव भगत, मुनेश्वर उरांव, जितेंद्र उरांव, मंगल देव उरांव, देवकुमार उरांव, श्याम देव उरांव, माधव सिंह बालू सुरेश दादा, शिलामणि देवी, सुकरी देवी, रूपा देवी, रिमझिम देवी, अंजलीना कुजूर, सुमी देवी, आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

रूद्र महायज्ञ को लेकर बैठक संपन्न हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

चंदवा। चंदवा के गायत्री शक्तिपीठ के प्रांगण में रूद्र महायज्ञ को लेकर चौथी बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अवध नारायण पांडे ने किया श्री पांडे ने कहा कि पूज्य पाद महामंडलेश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी का आगमन चंदवा के धरती पर मई माह में होना तय हुआ है। जिसको लेकर हम सभी सनातन धर्म के लोग इस बैठक को बढ़ाते हुए आज आदित्य वाहिनी का गठन किया जाए उसके बाद जनमानस के बीच एक कमेटी का गठन किया जायेगा। जिससे धीरे-धीरे यज्ञ को सफल बनाने के लिए हम सभी सनातनीयों के द्वारा विशेष कार्य किया जायेगा। पूज्य पाद जी का मई माह में आगमन के बाद हम लोग पूरे पलामू प्रमंडल में एक मिसाल कायम करेंगे। इसको लेकर आदित्य वाहिनी का गठन किया गया जिसमें अवध नारायण पांडे राजू सिंह अश्विनी मिश्र मुकेश कुमार सिंह अजय वैद्य प्रमोद गिरी प्रभाकर मिश्रा लाल अमित नाथ शाहदेव जय प्रकाश गिरी संजीव आजाद सुरेंद्र वैद्य लाल प्रेरित नाथ शाहदेव गौरव दुबे मनीष गुप्ता राजेंद्र यादव बबलू सोनी चंद्रभूषण केसरी सकिन्द्र मुंडा विक्की वर्मा धनंजय चौधरी समेत 32 लोगों का कमेटी गठन किया गया और कहा गया कि सभी लोग रूद्र महायज्ञ में अलग-अलग भूमिका में रहेंगे जो अहम भूमिका रहेगी वही अगली बैठक बुधवार को रखी गयी है इस बैठक में अवध नारायण पांडे अश्विनी मिश्रा अजय वैद्य राजू गुप्ता गौरव दुबे रामविचार सिंह धनंजय चौधरी मनीष गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे पूज्य पाद महामंडलेश्वर निश्चलानंद सरस्वती जी के अभिनंदन के बाद बैठक संपन्न की गयी।

एनएसयूआई लोहरदगा कमिटी का पुनर्गठन, विनय उरांव बने अध्यक्ष

लोहरदगा। एनएसयूआई के कार्यकारिणी की बैठक विनय उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में एनएसयूआई के नवगठित सभी पदाधिकारियों को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा माला पहनाकर सम्मानित एवं आशीर्वाद व मार्गदर्शन दिया गया। नवगठित लोहरदगा जिला एनएसयूआई कमेटी अध्यक्ष विनय उराव, उपाध्यक्ष एहतेशाम अहमद, संदीप उरांव, सरस्वती कच्छप, महासचिव हरि भगत, मनावर आलम, शहाबत जहान, जिला सचिव चंद्रकांता पन्ना, संयुक्त सचिव सकलदीप लोहरा, रिया कुजुर, मीडिया प्रभारी शुभम सहदेव, सोशल मीडिया प्रभारी समीर अंसारी, उम्मी रुमान, राहुल कुमार शामिल हैं।बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने एनएसयूआई के सभी पदाधिकारियों को बताया कि एनएसयूआई कांग्रेस का एक अहम इकाई है।

होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित

लातेहार। मनिका के सिंजो पंचायत सचिवालय में प्रांतीय यादव महासभा के बैनर तले होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर बैठक किया गया आयोजन। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 4 मार्च को सिंजो पंचायत सचिवालय के समीप मैदान में होली मिलन समारोह कार्यक्रम के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की जायेगी जिसमें मुख्य कलाकार अनुपमा यादव पायल बनारसी रंजन रंगीला के साथ अन्य कलाकार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। जहां कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु प्रांतीय यादव महासभा के द्वारा कमेटी का भी गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष बच्चन यादव, उपाध्यक्ष गुलाब यादव (जुंगुर), बलराम यादव, अरविंद यादव, सचिव अंकित राज यादव, महासचिव नागेंद्र यादव व्यास, नंदकिशोर यादव, पंकज यादव, कोषा अध्यक्ष सागर कुमार यादव शैलोक यादव, प्रखंड मीडिया प्रभारी रुपेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी नारद यादव, महासचिव अंजू यादव, सक्रिय सदस्य सकलदीप यादव उप मुखिया, मथुरा यादव, रामकुमार यादव, नरेश यादव, अखिलेश यादव, अरुण यादव, अखिलेश यादव, प्रमोद यादव बंधुआ विनोद यादव समेत इत्यादियों को सभी के सर्वसम्मति से सदस्य बनाया गया है।

शब-ए-मेराज के मौके पर हुआ अल्लाह और रसूल का जिक्र

महुआडांड़। इस्लाम में खास धार्मिक महत्व रखने वाली रात शबे मेराज के अवसर पर शनिवार की रात मुस्लिम धर्मावलंबियों ने इबादत में गुजारी और रविवार को रोजा रखा। इस अवसर पर प्रखंड के जामा मस्जिद, गौशिया मस्जिद, मदीना मस्जिद समेत गांवों की मस्जिदों में सलातुल तस्बीह व अन्य नफिल नमाजें पढ़ी गयी। और कुरआन-ए-पाक की तिलावत हुई। मस्जिदों व घरों में रातभर अल्लाह व रसूल-ए-पाक हजरत मोहम्मद साहब का जिक्र होता रहा एवं दरूदो सलाम का नजराना पेश किया गया। जामा मस्जिद के इमाम मुफ्तीमोहम्मद शब्बीर कादरी ने बताया कि यह वही मुबारक रात है जब रसूल-ए-पाक सात आसमानों के पार अर्श-ए-आजम से आगे ला मकां में अल्लाह के दीदार व मुलाकात से सरफराज हुए और तोहफे में पांच वक्त की नमाज मिली।मेराज शरीफ में रसूल-ए-पाक हजरत मोहम्मद साहब ने रात के एक भाग में मस्जिद-ए-हरम से मस्जिद-ए-अक्सा तक का सफर किया।इसका जिक्र कुरआन में अल्लाह ने सूरः बनी इस्राईल में किया है। मस्जिद-ए-अक्सा से रसूल-ए-पाक सात आसमानों की सैर पर गए। आसमानी यात्रा को मेराज कहा जाता है।इसका जिक्र कुरआन में अल्लाह ने सूरः नज्म में किया है।

अंबेडकर चेतना परिषद का 17वां वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन

लोगों को जानने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है तभी हमारा भारत देश आगे बढ़ेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड मुख्यायल क्षेत्र अंतर्गत गढ़वाटाड़ के मैदान में रविवार को अंबेडकर चेतना परिषद का 17वां वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संजय कुमार सुमन (बिहार), विशिष्ट अतिथि डॉ डी सुरेंद्र नायक व प्रोफेसर बीएचयू वाराणसी डॉ पूनम कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन का शुभारंभ डॉ भीम राव अम्बेडकर, महात्मा बुद्ध के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दिप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही सभी मुख्य अतिथियों को वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय सुमन ने कहा कि हमारा समाज बहुत ही पिछड़ा है लोकतंत्र और संविधान क्या है लोगो को कोई जनकारी है। लोगों को जानने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है तभी हमारा भारत देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारे भारत में लोकतंत्र और संविधान को बढ़ावा देने के लिए हजारों हजार संस्था चल रही है लेकिन उन्नति कम दिख रही है। वही डॉ सुरेंद्र नायक ने कहा कि हमारे समाज को संविधान को पढ़ने की जरूरत है। संविधान पढेंगे तो बहुत कुछ सीखने और जानने को मिल सकता है। उन्होंने कहा लड़का हो या लड़की एक समान सम्मान दे। छोटा बड़ा नही समझे उन्हें सम्मान अधिकार दे। तभी हमारा देश आगे बढ़ सकता है। डॉ पूनम ने कहा कि बाबा साहेब ने बोला था कि मेरे जीवन के दर्शन तीन पवित्र तत्वो में समाहित है जिसे मैंने अपने गुरु बुद्ध की शिक्षाओं से ग्रहण किया है। ये तत्व है स्वतंत्रता, समानता, और प्रभत्व लोकतंत्र शासन के सभी पद्धतियों में बेहतर सर्व हितकारी है। इसके अलावा सुमन कुमारी, रमेश कुमार, गोपाल बौद्ध, मुंद्रिका बौद्ध, अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। सम्मेलन को सफल बनाने में रमेश कुमार, रविंद्र राम, मुनेश्वर राम, श्री राम राम, अजय दास, सुमन कुमारी, वीगन राम, दिलकेश्वर राम, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पेड़ से गिरकर हुई घायल

बारियातू। प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बारिखाप ग्राम निवासी संजय कुमार 10 वर्ष पिता रामा भुइयां बकरीयों को पत्ति खिलाने के लिए पेड़ पर चढ़ा जिसस गिर कर घायल हो गया। प्रथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर। घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि शनीवार व रविवार को स्कूल में छुट्टी रहने के कारण संजय अपने मित्रों के साथ बकरी चराने के लिए बारिखाप नदी के समीप गया था और बकरियों के पेड़ से डाली तोड कर खिला रहा था। इसी दौरान पैर फीसल गया और पेड़ से गिरकर घायल हो गया। उसके साथीयों ने इसकी सुचना परिजनों को दिया। परिजनों ने संजय को आनन फानन में बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य लाया जहां डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार ने प्रथमिक उपचार कर बताया की बच्चा के बाये पैर फ्रेक्चर हो गया है और गम्भीर चोट लगी है। बेहतर इलाज के लिए 108 एमबुलेंस के माध्यम रांची रिम्स भेज दिया गया।

मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

सेन्हा-लोहरदगा। पांच दिवसीय स्व. नन्दलाल प्रसाद साहु मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में खेल प्रतियोगिता के संरक्षक सह मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद तथा आयोजन कमिटी के अध्यक्ष जयनाथ साहु, नेसार अहमद तथा प्रखंड क्षेत्र के कांग्रेसियों द्वारा स्व साहु के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त के पश्चात फाइनल मैच आरम्भ कराया। प्रतियोगिता में लोहरदगा व गुमला जिला क्षेत्र से 32 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद साहु ने खिलाड़ियों से कहा की खेल के क्षेत्र में हम आप सबो का हमेसा सहयोग करेंगे। खेल और पढ़ाई के क्षेत्र में मेहनत से आगे बढें। जिनका खेल का सपना को साकार करने का मैं सार्थक प्रयास करूंगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच एमटी टोप्पो ब्रदर्स तथा एफसी रामपुर के बीच खेला गया। जिसमे एमटी टोप्पो ब्रदर्स की टीम एफसी रामपुर को 1-0 से हराया वही तृतीय स्थान पर एडी बेड़ाटोली और चतुर्थ स्थान पर एस टी बरवाटोली की टीम रही। मौके पर मुख्य अतिथि सह संरक्षक दुर्गेश प्रसाद साहु, अध्यक्ष जयनाथ साहु, सीओ विजय कुमार के अलावे नेसार अहमद, शौकत अंसारी, आदरा उरांव, गौतम साहु, रिजवान अन्सारी, महेश यादव, प्रेमचंद उरांव, रेफरी दीपक यादव, प्रकाश उरांव, जितेन्द्र यादव, सुलेख भगत सहित प्रखंड व पंचायत के कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

भाजपा मंडल की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुई परिचर्चा

ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि बूथ जितने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। भाजपा नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक में किए गए कार्यों और आगामी कार्यक्रमों पर गहन विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि नगर परिषद और केंद्रीय चुनाव सर पर है। इसलिए कार्यकर्तों को जीतोड़ मेहनत करना होगा। भाजपा नीत सरकार के चल रहे जनोपयोगी योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाना होगा और बताना होगा कि यह पुनीत कार्य भाजपा सरकार कर रही है। अन्त्योदय के उत्थान में सरकार का कार्य पूर्ण करने मे अपना योगदान देना होगा। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि बूथ जितने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। इसके लिए हर बूथ में बैठक निश्चित करना पड़ेगा।अब समय कम है ,कर्तकताओं को जीतोड़ मेहनत करनी होगी। तभी सफलता मिलेगी। ब्रज विहारी प्रसाद ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि अपने कार्य मे आप सभी लगे रहिये तो 2024 में पुनः भाजपा की सरकार बनेगी और देश विकास करेगा। राजकिशोर महतो ने कहा आज भारत विश्व गुरु बनने की कगार पर खड़ा है। इसको विश्वगुरु बनने से कोई रोक नहीं पायेगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक श्री रमेश उरांव तथा उमेश कांसकर, राजेश महतो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ केसरी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन बिंदिया देवी ने किया। कार्यक्रम में हर्षनाथ महतो,चंद्रशेखर अग्रवाल, नीरज नलिन, संगीता कुमारी, सरस्वती देवी, समेला भगत, भारती सिंहा, मुरलीधर अग्रवाल, ओमप्रकाश साहू, शंभु साहू, सरोज प्रजापति, राजू प्रजापति, अनूप वर्मा, विक्की कुमार, विकास कांस्कार, दीपक साहू, ज्ञानेश गुप्ता, रामलाल उरांव, मिना बाखला, प्रमोद प्रजापति, अनिता देवी, पुष्पा देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

शिव विवाह में खूब झूमे बाराती

बरवाडीह। महाशिवरात्रि को लेकर शनिवार देर शाम प्रखंड मुख्यालय के प्राचीन पहाड़ी मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गयी। गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों बारातियों जिसमें भोलेनाथ की आकर्षक झांकी के साथ भूत प्रेत की टोलियां के साथ भगवान भोलेनाथ की बारात रेलवे कॉलोनी, बस स्टैंड होते हुए थाना के मुख्य गेट पर पहुंची। जहां पूरे सम्मान के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा, बीडीओ, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन समेत काफी संख्या में प्रखंड के लोगों ने सभी बारातियों जिसमे मंदिर के पुजारी मृत्युंजय मिश्रा, गिरधारी मिश्रा, बल्लू मिश्रा रेलवे कॉलोनी के विभिन्न बारातियों का गले मिलकर एवं माला बनकर भव्य स्वागत किया।

विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

लातेहार। झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार एसडीजेएम मिथिलेश कुमार ने कैदियों को अधिकारों एवं कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। कैदियों को बंदी के रूप में प्राप्त अधिकारों साथ ही उन्हें कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों का लाभ उठाने के लिए विचाराधीन कैदियों को विस्तार से बताया। अपने मुकदमें की जानकारी, वाद संख्या की जानकारी एवं अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के लिए जागरूक किया तथा कैदियों को यहां से निकलने के बाद समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का आग्रह किया। जेल प्रशासन एवं कार्यरत पीएलभी को झालसा निःशुल्क वकील प्रदान करने हेतु योग्य कैदियों से आवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। आयोजन की समाप्ति पर धन्यवाद ज्ञापन जेल अधीक्षक मेनसन बारवा के द्वारा किया गया। मौके पर मंडल कारा, लातेहार के प्रभारी जेलर प्रदीप मुंडा, एलएडीसी के पदाधिकारी जेल कर्मी धर्मेन्द्र कुमार, संगीत कुमार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

हस्तशिल्प मेला सज धज कर तैयार, उद्घाटन आज

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जशपुर रोड में प्रसाद एक्सरे के बगल में हस्त शिल्प मेला सज-धज कर तैयार हो चुका है। बहुप्रतीक्षित हस्तशिल्प मेला का उद्घाटन सोमवार की संध्या पांच बजे किया जाएगा। जानकारी देते हुए मेले के आयोजक धमेंद्र चौधरी ने बताया कि हस्तशिल्प मेले का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाला, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, नगर परिषद उपाध्यक्ष कलीम अख्तर कल्लन, सांसद प्रतिनिधि त्रिलोकी चौधरी, थाना प्रभारी मनोज कुमार आदि की उपस्थिति में किया जाएगा।

मेला आयोजक धमेंद्र ने बताया कि वह गुमला में चौथी बार मेला लेकर आय हैं। मेला आयोजक ने यह भी बताया कि इस मेले में देश के कोने कोने से बनी विशेष सामग्री प्रदर्शनी और बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगी। देश के प्रत्येक राज्यों की प्रसिद्ध चीजें जैसे गुजराती अचार, गुजराती स्पेशल नमकीन, राजस्थानी अचार, बनारसी सूट ड्रेस मैटेरियल, भागलपुरी सिल्क सूट, कोलकाता हैंडलूम के कपड़े, मेरठ के कॉटन शर्ट, खादी के कपड़े, ब्रांडेड पैंट शर्ट, फिरोजाबादी चूड़ियां व फाइबर क्रोकरी, छोटा तंदूर गैस जाली, राजस्थानी स्कर्ट मिडी, मुंबई का टैटू, किचन वेयर, महिला के सौंदर्य प्रसाधन के सामान, पानीपत का पर्दा, हरियाणा की बेडशीट, बच्चों के लिए रंग बिरंगे खिलौने, जयपुर का माउथ फ्रेशनर, चंदेरी साड़ियां सहित सैकड़ों सामान इस मेले में उपलब्ध होंगी। इस मेले में कुल 60 स्टॉल लगेंगे जो अपनी महत्वपूर्ण वेराइटिस को प्रदर्शित करेंगे। इस मेले में कार्यक्रम के लिए मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता, बच्चों का नृत्य, बच्चों का संगीत, बच्चों का गायन के साथ साथ कवि सम्मेलन के आकर्षण को भी जोड़ा गया है। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले की भी व्यवस्था की गई है। मौके पर मो. शहनवाज, हैदर अली, सुजीत कुमार, आदित्य कुमार, प्रमोद, आफताब आलम साहित कई लोग मौजूद थे।

चेंबर ने व्यापारियों का जताया आभार

गुमला (आजाद सिपाही)। चेंबर अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने शहर के सभी छोटे-बड़े व्यवसायियों को गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से रांची फेडरेशन द्वारा बुलाए गए कृषि विपणन विधेयक के विरोध में बंद का पूरा सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया। गुमला के स्थानीय विधायक भूषण तिर्की को भी गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स की बात को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के पास रखने के लिए तथा बंदी को समाप्त करने हेतु पहल करने के लिए धन्यवाद दिया है। गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से इस आन्दोलन में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया। आभार प्रकट करने वालों में अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल के साथ पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल, अमित महेश्वरी, मोहम्मद शब्बू, महेश कुमार, दामोदर कसेरा, रमेश कुमार चीनी, हिमांशु केसरी व कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के नाम शामिल हैं।

हमदर्द पंचायत के सदर के पिता के निधन पर शोक व्यक्त

गुमला (आजाद सिपाही)। समाजसेवी हमदर्द पंचायत के सदर मोहम्मद करीम उर्फ कल्लू भाई कबाड़ी वाले के पिता मोहम्मद इसराइल का देर रात गुमला चांदनी चौक स्थित आवास में निधन हो गया। निधन की खबर से मोहल्ले वासी व समाजसेवी भारी संख्या में उनके आवास पहुंचे। मृतक की वसीयत के अनुसार उनका अंतिम संस्कार उनके खानदानी घर गया जिला के ग्राम गरवैया, थाना बाराचट्टी में किया गया। मृत्यु के समय घरवालों ने बताया लगभग 108 वर्ष हो चुका है। उनके बड़े पुत्र मोहम्मद करीम ने बताया कि वसीयत के मुताबिक आज शाम 6:00 पैतृक गांव में सैकड़ों लोगों के मौजूदगी में उन्हें सपुर्द खाक किया जाएगा। मृतक लगभग 40 वर्ष से भी अधिक समय से पूरे परिवार के साथ चांदनी चौक खड़िया पाड़ा गुमला में रहते थे। उनके निधन की खबर से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर देखी गई। शोक व्यक्त करने वालों में समाजसेवी, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीम अख्तर उर्फ कल्लन शहजाद अनवर, अफसर आलम, सुल्तान अंसारी मोहम्मद नौशाद आलम, शमीम वारसी शमीम खान भाजपा, सैयद जुन्नू रैन, मकसूद रब्बानी, आशिक अंसारी, मोहम्मद बन्नू, मोहम्मद पन्नू, अधिवक्ता सलाहुद्दीन अंसारी, सरवर मास्टर, लियाकत खलीफा, मोहम्मद रागीब मोहम्मद मुस्लिम, खालिद शाह, अधिवक्ता मुमताज आलम, मोहम्मद जाबिर हववारी मोहम्मद मेराज अधिवक्ता मीर मेराज मौलाना काशीद रजा, मौलाना गुलाम गौस, हाफिज निजामुद्दीन अंसारी, शकील खान, साजिद खान, नसीम खान, मोहम्मद आजाद, तौफीक आलम, नसीम खलीफा, आदि ने मृतक और उनके परिवार पर शोक संवेदना व्यक्त किया है।

बड़े धूमधाम से निकली भगवान शिव की बारात

धार्मिक गानों के धुनों पर युवाओं ने बारात के साथ शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का किया भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पालकोट रोड गुमला के शमसान घाट रोड स्थित शिव मंदिर से शनिवार को देर रात हर्ष उल्लास पूर्वक शिव पार्वती की बारात निकाली। इस बारात में फूलों से सुसज्जित वाहन पर शिव व पार्वती का रूप धारण किये युवक-युवती काफी आकर्षक लग रहे थे। इस अवसर पर काफी संख्या में युवाओं ने बारात में शामिल होकर शिव पार्वती के जयकारे लगाते दिखाई दिये। बारात में विभिन्न धार्मिक गानों के धुनों पर थिरकते हुए युवा बारात के साथ शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण किया। यह बारात शिव मंदिर परिसर से निकल कर शहर के पालकोट रोड, मेन रोड आदि का भ्रमण कर पुनः शिव मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। आयोजन समिति के मनीष हिंदुस्तान ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव विवाह यात्रा धूमधाम से निकाली गयी। मौके पर अनिल सिंह, रिया राम, उन्नत गुप्ता, अरविंद मिश्रा, रवि राम, राजू राम, मनीष श्रवण, संतोष दिवान, अमित पूरी, कमल किंडो, अजय गोप, अमिनेश कुमार, अजय नायक मौजूद थे।

बैंक कालोनी दुर्गा मंदिर में रुद्राभिषेक एवं भंडारे का आयोजन

गुमला (आजाद सिपाही)। बैंक कॉलोनी स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर रुद्राभिषेक कार्यक्रम किया गया। रुद्राभिषेक पंडित अभय मिश्रा ने कराया। इस अवसर पर इस दुर्गा मंदिर का उद्घाटन भी किया गया। भक्तों के लिए भंडारे का भी अयोजन किया गया। इस मंदिर के लिए जमीन स्व. जागेश्वर मिश्रा ने दी थी। इस मंदिर का निर्माण वर्ष 2005- 06 से शुरू हुआ था, जो वर्तमान में 28 जनवरी को पूर्ण हुआ। मां दुर्गा मंदिर बैंक कॉलोनी पूर्वी क्षेत्र में इस मंदिर की स्थापना की गयी। कार्यक्रम में अध्यक्ष राधामोहन साहू, उपाध्यक्ष नीरज सिंह, सचिव पंकज वर्मा, कोषाध्यक्ष अखिलेश्वर साहू, कानूनी सलाहकार संदीप स्वरूप, पंकज स्वरूप, टार्जन कुमार, विनोद कुमार साहू, दिलीप कुमार यादव, अनिल कुमार, किशुन गोप सहित काफी संख्या में लोगों ने सक्रिय भूमिका निभायी।

कांग्रेस या कांग्रेस समर्थित सरकार हमेशा व्यापारियों हित के बारे सोचती है : रमेश चीनी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि आंदोलन के क्रम में चेंबर की आहुत बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया था कि कांग्रेस और झामुमो जनता पर बोझ बढ़ने वाले किसी भी बिल के समर्थन में नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी इस मामले में सीएम से वार्ता की थी और बिल वापस लेने का अनुरोध किया था। साथ ही यह भी कहा था कि एक-दो दिनों में सरकार की तरफ से इस संबंध में व्यापारी हित में भ्रम की स्थिति दूर कर फैसला बताया जाएगा। आखिरकार वही हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि जनहित और व्यापारी हित में कांग्रेस पार्टी सरकार का ध्यान लगातार आकृष्ट करा रही है। साथ ही सरकार भी सहानूभूति पूर्वक ही कोई भी कदम उठा रही है। इसके बावजूद जब भी जनहित में आंदोलन की बारी आएगी, वे चैंबर के पूर्व अध्यक्ष होने के नाते साथ खड़ा रहेंगे। रमेश ने व्यापारियों की एकजुटता के लिए उनका आभार जताया है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

बसिया (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत बनई लगभग 25 वर्षीय एक युवक सलीम बारला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक कोनबीर की ओर से अपने घर बसिया थानांतर्गत बनई बन्धटोली जा रहा था उसी दरम्यान बसिया थाना चौक में एक ट्रक से टक्कर हो गयी, जिसके बाद उसे रेफरल अस्पताल बसिया ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सलीम कामडारा थाना क्षेत्र के कोयली गांव में स्थित क्रेशर में काम करता था। सलीम का एक छह माह का पुत्र है।

आग लगने से एक लाख नगद सहित घर का सभी सामान जलकर खाक

टाना भगत परिवार के रहने के लिए घर और खाने का अनाज भी नहीं बचा है

सीओ ने तत्काल पीड़ित परिवार को एक क्विंटल चावल उपलब्ध कराया और मुआवजा दिलाने का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। थाना क्षेत्र के बरगांव चट्टी डुंगरीटोली में बीती रात टाना भगत परिवार के मदरु टाना भगत के खपड़ैल घर में आग लगने से घर में रखे करीब एक लाख के करीब नगद राशि, 70 बोरा धान, कपड़े, दस्तावेज व कागजात, बेड-बिस्तर सहित घर की छत पूरी तरह से जल गयी। घटना शनिवार रात 10 बजे के करीब हुई। जब घर के सभी सदस्य खाना खाकर सो रहे थे। गनीमत रही कि अचानक लगी आग के बाद घर के सभी सदस्य मवेशियों को लेकर घर से बाहर निकल गए। जिससे सभी की जान बच गयी। आशंका जतायी जा रही है कि घर में लगे बिजली कनेक्शन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। स्थानीय लोगों द्वारा काफी मशक्कत कर पास के कुएं से मशीन लगाकर रात करीब दो बजे आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

जानो टाना भगत के अनुसार उनका बैंक खाता नहीं है, जीवन भर की मजदूरी व कृषि कार्य से हुई आमदनी व बाहर भट्ठा खटकर कमायी जमा पूंजी, गहने सहित अनाज, कपड़े, बेड बिस्तर, सभी जरूरी कागजात घर में ही रखे हुए थे। आग लगने से सब कुछ जल कर बर्बाद हो गया। रहने के लिए घर और खाने के लिए अनाज भी नहीं बचा है। घर में मदरु टाना भगत के अलावा पत्नी जानो टाना भगत, बड़ी बहन बिसनी टाना भगत, बहू मुन्नी टाना भगत, बेटा बिरिया टाना भगत, एतवा टाना भगत व पोता अरमान टाना भगत मौजूद थे। वहीं बेटा करमा टाना भगत, बहू पूनम टाना भगत बाहर ईंट्टा भट्ठा कमाने गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार घर में सबसे वृद्ध महिला बिसनी टाना भगत को छोड़कर पूरा परिवार मानसिक व शारीरिक रूप से दुर्बल है। मदरु, विरीया व एतवा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वहीं महिला जानो टाना भगत को भी भूलने की बिमारी है। घटना की सूचना मिलने पर बरगांव उत्तरी पंचायत की मुखिया सुनीता देवी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची और बीडीओ सुनीला खलखो व सीओ अरुणिमा एक्का को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद सीओ अरुणिमा एक्का ने तत्काल पीड़ित परिवार के लिए एक क्विंटल चावल उपलब्ध कराया और मुखिया को सरकारी प्रक्रिया पूरी करने और प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम : सदानों के 60 गांवों के महापंचायत में बोले केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद

दोयम दर्जा का नागरिक बनकर रहना मंजूर नहीं

112 प्रखंडों के सभी पंचायतों को आरक्षित करना व सात जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य करना असंवैधानिक

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। मूलवासी सदान मोर्चा की ओर से आज सिमडेगा जिला के बनाबीरा बाजार टांड़ में 60 गांवों के लोग विभिन्न मांगों को लेकर विशाल महापंचायत में जुटे। इस मौके पर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने सरकार और राजनेताओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों का अधिकार को छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहले से ही हम सिमडेगा सहित विभिन्न लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव नहीं लड़ सकते हैं और इसके बाद 112 प्रखंडों के सभी पंचायतों को भी असंवैधानिक तरीके से आरक्षित कर दिया गया। जिसमें वैसे पंचायत भी शामिल हैं जिसमें जनजातियों की एक भी संख्या नहीं है। इससे इन सभी पंचायतों में सदान कभी भी मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष नहीं बन पायेंगे। उन्होंने कहा सिमडेगा सहित सात जिलों में पिछड़ी जातियों के आरक्षण को शून्य करना व 112 प्रखंडों के सभी पंचायतों को आरक्षित करने को असंवैधानिक बताया। उन्होंने कहा कि जो लोकसभा और विधानसभा की सीटें जनरल हैं वहां भी बाहरी लोगों को लोकसभा विधानसभा का टिकट दे दिया जाता है। प्रसाद ने कहा कि हम मूलवासी सदानों को दोयम दर्जे का नागरिक बनकर रहना मंजूर नहीं है। प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड की सबसे पुराना वाशिंदे हैं। उन्होंने सदानी झण्डा के सन्दर्भ में कहा कि झंडा हमारी पहचान और आस्था का प्रतीक है। इस झंडे को हर घर और प्रतिष्ठानों में लगाने का आह्वान किया। प्रसाद ने कहा कि सदानों के बिना झारखंड का अस्तित्व ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सदानों की बलिदान से राज्य मिला है। उन्होंने मूलवासी सदान आयोग का गठन करने, पिछड़ी जातियों का जाति जनगणना कराने व सदान से आने वाले स्वर्णों की का भी सर्वेक्षण कराने की मांग सरकार से की। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में विधानसभा की सीटों को 160 और लोकसभा की सीटों को 28 करने की मांग केन्द्र सरकार से की है, जिससे सदानों को भी विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में 80% मूलवासी सदान ग्रामीण क्षेत्रों में बसते हैं ऐसे में उन्होंने इंग्लिश मीडियम के माध्यम से क्लास 1 से सीबीएसई की तर्ज पर स्कूल खोलने की मांग झारखंड सरकार से की। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छे हॉस्पिटल बनाने की मांग की। पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि सदान मोर्चा जाति की नहीं, जमात की बात करता है।

झारखण्ड आंदोलनकारी व नागपुरी कवि गीतकार क्षितीश कुमार राय ने कहा कि यदि मूलवासी सदान समाज को ऊंचा उठाना है तो मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद को मूलवासी सदानों को साथ देना होगा। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद ही ऐसे नेता हैं जिन पर हमें भरोसा है। डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि झारखंड के सदान सदानी झण्डा को पूर्ण सम्मान एवं श्रद्धा से स्वीकार कर लिया है। सभी सदान परिवार बढ़-चढ़कर स्वेच्छा से सदानी झंडा को स्थापित कर रहे हैं। साहू ने कहा कि सदानी भाषा नागपुरी सहित अन्य और तीन भाषाओं की पढ़ाई प्राथमिक स्तर से कराने की मांग की। कार्यक्रम का अध्यक्षता संयोजक रवि प्रसाद, तथा संचालन रजनिश प्रसाद ने किया।

महापंचायत में विशाल कुमार, धर्मजीत सिंह मोहन चंद्र सिंह जगत पाल रोतिया, नंदकिशोर, कृष्ण सिंह, पितांबर, अरुण गुप्ता, नपेशवर यादव, अमित साहू, दुबराज, परमानंद, विक्रम, अर्जुन भारती, सुमन, मनबहाल रोतिया, करमपाल रतिया, महेश्वर सिंह के अलावे हजारों लोग उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

शिव मंदिर में भव्य रूप से भगवान शिव की बारात व शिव विवाह का किया गया आयोजन

सिसई (आजाद सिपाही)। महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार रात मुख्यालय परिसर के शिव मंदिर में भव्य रूप से भगवान शिव की बारात व शिव विवाह का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना रोड स्थित शिव मंदिर से शिव भक्तों की टोली गाजे बाजे व हर हर महादेव, बम बम भोले, भोले बाबा की जयकारों के साथ झूमते हुए मेन रोड होते हुए मुख्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर परिसर पहुंची। जहां बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। परिसर में भगवान शिव व माता पार्वती का शुभ विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे उपस्थित थे। वहीं शिव बारात आगमन व शिव-पार्वती विवाह समारोह के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैद नजर आया। मौके पर एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल, बसिया सर्किल इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी सहित पुलिस अधिकारी व जवान मौजूद थे।

सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी में एनुअल डे पर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये

घाघरा (आजाद सिपाही)। सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी में रविवार को एनुअल डे मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजूर, विशिष्ट अतिथि जेल सुपरिटेंडेंट सुनील कुमार, थानेदार अमित कुमार चौधरी, अनिरुद्ध चौबे के अलावे विद्यालय के शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा कई नृत्य व गीत प्रस्तुत किए गए। जिसमें नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा के नौ रूप को बताया गया। सहित नन्हे-नन्हे बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। पूरे वर्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा इस अवसर पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के द्वारा प्रारंभ नामक पुस्तक का विमोचन भी मुख्य अतिथियों के द्वारा कराया गया। मौके पर मुख्य रूप से थानेदार अमित कुमार चौधरी, अनिरुद्ध चौबे, चंद्रकांत पाठक, प्रकाश पांडे, बद्री विशाल, गोविंद पांडे, शरद पांडे, निलेश कुमार, कृष्ण कांत पाठक, राणा हिमांशु सिंह, विवेक पाठक, विनोद बिहारी पांडे, शैलेंद्र कुमार, विक्रांत भारद्वाज, शालिनी टोप्पो, आंचल सिंघल, कुसुम बड़ा, अंबिका यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

हिंदू मंच की बैठक में चैती दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर कमेटी का गठन

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कलिगा गांव में महावीर अखड़ा परिसर में आगामी 22 मार्च को होने वाले चैती दुर्गा पूजा को लेकर हिंदू मंच की बैठक कर चैती दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर चर्चा की गयी और एक कमेटी का भी गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सुनील साहू, कुंदन साहू, भुट्टा पहान को संयुक्त रूप से अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष हेमंत महतो, कैलाश राम, ओम प्रकाश साहू, परमानंद राम, सचिव रितेश ठाकुर, नीरज साहू, विकास साहू, रघुनंदन महतो, उप सचिव रितेश शाही, लालू कुल्लू, गणेश साहू जबकि कोषाध्यक्ष घनश्याम महतो, रवि राम को बनाया गया। संरक्षक प्रवीण रोशन सिंह, मुकेश गोप, फते साहू, भीखू साहू गौतम महतो को चुना गया। मार्गदर्शक हीरामन साहू, पुरुषोत्तम राम को बनाया गया। पुजारी के रूप में संदीप दास, रामनिवास पांडे, दिलीप मिश्रा, सच्चिदानंद एवं कमलेश दास को चुना गया। मुख्य कार्यकारिणी सदस्य विकास महतो, मनु साहू, विक्की साहू, अमित महतो, उज्जवल महतो, राजकुमार साहू बनाये गये।

छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज ने की चमरा लिंडा के बयान की निंदा

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के केमताटोली स्थित बाघमुंडा ढाबा में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर विगत दिनों रांची के धुर्वा में आयोजित आदिवासी अधिकार महारैली में विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा के द्वारा दिये बयान की कठोर निंदा की गयी। इस संबंध में उदासन नाग ने कहा कि झारखंड किसी के बाप की नहीं है और चमरा लिंडा के द्वारा दिया गया बयान गैर संवैधानिक है। झारखंड में तेली समाज के लोग आदिकाल से निवास करते आ रहे हैं और संविधान के तहत तेली और सभी समाज के लोगों को अपनी बात रखने का अधिकार है। तेली समाज चमरा लिंडा के बयान का पूरजोर विरोध करता है। अगर वह इतने आदिवासी हितैषी हैं तो सरकार से अपना इस्तीफा देखकर खुले मैदान में आयें। बसिया प्रखंड के अध्यक्ष भोला साहू ने कहा कि तेली समाज अब जाग चुका है, अधिकार के लिए सजग है और ऐसे मौकापरस्त नेताओं को सबक सिखाने का कार्य करेगा। छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के कामडारा प्रखंड अध्यक्ष मनजीत ओहदार ने कहा कि चमरा लिंडा झारखंड का माहौल खराब ना करें यहां आदिवासी-मूलवासी सभी का बराबर का अधिकार है और सभी समाज के लोग मिलजुल कर रहते आये हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से कैलाश साहू, मदन मोहन साहू, भुनेश्वर साहू, भागीरथी साहू, कृष्णा ओहदार, राम बहादुर साहू, पवन साहू, संजय साहू समेत समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पांकी में पांचवें दिन शांति समिति की बैठक में सभी लोगों ने आपसी सौहार्द में रहने की बात कही

पांकी की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण : डॉ मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर/पांकी(पलामू)। रविवार को पांकी की घटना को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई।बैठक में दोनो समुदाय के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।पांकी में आपसी सौहार्द कैसे बहाल हो इसको लेकर दोनो पक्ष के लोगो की बातों को जिले के आला अधिकारियों ने सुना।बैठक में क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता, पूर्व विधायक देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, पलामू डीसी ए दोड्डे, एसपी चंदन सिन्हा,पूर्व एसपी पलामू इंद्रजीत महथा, आईपीएस आलोक प्रियदर्शी, प्रशिक्षु आईएएस विसपुते यशवंत श्रीकांत, पांकी के पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा महिला मोर्चा प्रवक्ता लवली गुप्ता,पूर्व प्रत्याशी पांकी विधानसभा मुमताज खां,लाल सूरज, प्रमुख पंचम प्रसाद,पूर्व प्रमुख उर्मिला देवी, अधिवक्ता संघ के पलामू जिला अध्यक्ष रामदेव यादव,रामनाथ चंद्रवंशी,बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, एजाज अहमद खां,गुरुदयाल,मुखिया पांकी पूर्वी प्रेम प्रसाद,केल्हा मुखिया बसारत अंसारी, माले नेता आरएन सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद गुप्ता, मनोज सिन्हा, निरंजन यादव सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पटरी पर लौट रही है जिंदगी

पांकी की घटना के पांचवे दिन धीरे धीरे स्थिति सामान्य हो रही है। डीसी के निदेर्शानुसार इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई है लेकिन एहतियातन धारा 144 अभी पूरे पांकी क्षेत्र में लागू रहेगी। इक्का दुक्का दुकान आज से खुलने लगे हैं। विधायक डॉ मेहता ने लोगों से दुकान खोलने का आग्रह किया और स्वयं दुकान खुलवाते दिखे। उन्होंने व्यवसायियों से कहा कि निर्भीक होकर अपने प्रतिष्ठान खोलें पूरी सुरक्षा दी जाएगी।

अभिभावक बच्चों को अच्छी परवरिश दें : डीसी

पलामू डीसी ए दोड्डे ने कहा कि छोटे छोटे बच्चों के बीच आखिर इतनी नफरत की भावना कहां से पनप रही है। माता पिता अपने बच्चों को अच्छी परवरिश और अच्छे संस्कार दें और उसपर निगरानी रखे। बच्चे पढ़ाई लिखाई से ज्यादा समय व्हाट्सएप फेसबुक पर व्यतीत कर रहे हैं। जो जलाता है वह खुद जलता है।सारे षड्यंत्र को बेनकाब किया जायेगा। वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जाएगी कोई दोषी नहीं बचेगा। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

छुपे हुए लोग आत्मसर्पण करें, कोई भी दोषी नहीं बचेगा : एसपी

पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि घटना के दिन हमारे जवान मुझसे गोली चलाने के लिए आदेश मांगते रहे,गोली चलाने वाली स्थिति बन गई थी लेकिन हमलोगों ने काफी संयमित तरीके से अपना काम किया वरना आज पांकी की तस्वीर क्या होती आप स्वयं कल्पना कर सकते हैं। जो दोषियों को छुपा कर रखें है उन्हे भी नहीं बक्शा जायेगा। वे उन्हें आत्मसर्पण करने को कहें। कोई भी गुनहगार नहीं बचेगा और कोई निर्दोष जेल नहीं जायेगा। कानून को अपना काम करने दें। दोषियों के बचाने के लिए किसी की भी पैरवी बेकार जायेगी। इस घटना में फायरिंग नहीं हुई यह पांकी वासियों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। लोग संयमित ढंग से रहें और अपनी अपनी दुकान खोले तथा शांति बहाली में सहयोग करें।

क्षेत्रीय विधायक डां शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी में जो घटना घटी वह काफी दुर्भाग्य पूर्ण है और भविष्य मे ऐसी घटना की पुनरावृति न हो। पूरे विधानसभा क्षेत्र में दोनो समुदाय हर एक दूसरे के त्योहार में बढ़ चढ़कर सहयोग करते थे और आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाते थे यही लोकतंत्र की खुशबू है।

उन्होंने कहा कि एक बड़ी साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया इसका पदार्फाश होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना में प्रशासन ने बड़ी सूझ बूझ के साथ काम किया है इसके पूरा जिला प्रशासन बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि एक विशेस समुदाय के द्वारा शादी विवाह के नाम पर सड़क को जाम कर दिया जाता है ये सड़क कभी बंद नहीं हो ,सार्वजनिक स्थान का कैसे प्रयोग करना है ताकि विधि व्यवस्था बनाए रखने में कोई दिक्कत नही हो।उन्होंने चौक चौराहों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन से आग्रह किया।

जेएमएम कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ों लोगों ने थामा पार्टी का दामन

पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत कल्याण उच्च विद्यालय पांडु के खेल मैदान में रविवार के दिन जेएमएम कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पांडू जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईरफान अंसारी व संचालन पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल चंद्रवंशी ने किया। इस सम्मेलन में जिला से चलकर आए जिला अध्यक्ष व पार्टी की अन्य बड़े नेताओं ने झारखंड सरकार के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की एवं लोगों को गिनाया। कहा सैकड़ों लोगों को जेएमएम पार्टी में शामिल होना सरकार के किए गए कार्यो का प्रतिफल है। हेमंत जी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर लोग इस पार्टी से जुड़ रहे हैं आने वाले समय में यह पार्टी मजबूती के साथ फिर से सरकार बनाएगी एवं गरीब- गुरबा, वंचित, शोषित वर्गों के लिए काम करेगी। मौके पर उन्होंने कहा अनिल चंद्रवंशी जी के साथ प्रखंड के सैकड़ों लोगों ने जेएमएम पार्टी का दामन थामा है, उन सभी का इस पार्टी में जोरदार स्वागत है। पांडू प्रखंड अध्यक्ष इरफान अंसारी व अनिल जी के नेतृत्व में आगे चलकर पार्टी बहुत ही अच्छा काम करने वाली है। इस पार्टी में मनु चंद्रवंशी, शंभू चंद्रवंशी, शैलेश चंद्रवंशी, शेर अहमद अंसारी, विक्रमा चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी,उपेंद्र ठाकुर संजय पाल, रमेश पाल, मुस्ताक अंसारी, अमित चंदेल, अनवर अंसारी, भोलू पासवान, विनोद गुप्ता, के साथ-साथ सैकड़ों महिला पुरुष ने शामिल होकर पार्टी को मजबूती प्रदान की है। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिन्हा, कमाल खान,जेएमएम नेता अविनाश देव, शाहबाज आलम, के साथ-साथ अन्य कई लोग उपस्थित है।

महाभंडारा के साथ शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ संपन्न

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के सिद्धनाथ नगर में चल रहे श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ रविवार को महाभण्डारा के साथ भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गया। महाभण्डारा में हजारों श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ आचार्य उपेंद्र पंडित के नेतृत्व में आयोजित वैदिक अनुष्ठान में मुख्य यजमान अनुज सिंह, विश्वनाथ सिंह, लोकेश सिंह, पंकज सिंह, ललन सिंह, भोला यादव ने वैदिक अनुष्ठान पूरी की। श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। वही यज्ञ के दौरान श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री सर्वेश्वराचार्य जी महाराज ने राम चरित मानस कथा को प्रस्तुत किया। उन्होंने घर-घर मे रामचरितमानस ग्रन्थ की पूजा करने की बात कही। यज्ञ समिति के संरक्षक व भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह ने शांति पूर्ण यज्ञ समिति के पूर्ण होने पर लोगों को बधाई दी।साथ ही यज्ञ आचार्य व उपस्थित ब्राह्मणों एवम अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि लोगो का तन मन धन से सहयोग सराहनीय रहा।उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सुख समृद्धि व साकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मौके पर ओम प्रकाश कश्यप, शैलेंद्र कुमार सिंह,उदय प्रताप सिंह, राम प्रवेश सिंह, दुधेश्वर सिंह,छोटू सिंह,लवकेश कुमारसिंह,संजय सिंह ,चंदन सिंह,मुन्ना सिंह,गुड्डू सिंह ,प्रमोद, पंकज ,उपेंद्र आदि समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

पांडू हो या पांकी, पलामू का सौहार्द बिगाड़ने नहीं देगा झामुमो : राजेंद्र

पांडू में कार्यकर्ता सम्मेलन में अनिल चंद्रवंशी समेत दिव्यांग, आदिवासी सहित सैकड़ों महिला-पुरूष ने थामा झामुमो का दामन, पलामू झामुमो ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड में झामुमो गठबंधन की हेमंत सोरेन नेतृत्व वाली सरकार जिस तेजी से जनहित में निर्णय ले रही है, उसी तेजी से आम जनता भी झामुमो का दामन थाम कर सरकार के समर्थन में शामिल हो रही है। इसका ताजा उदाहरण पलामू के सुदूरवर्ती पांडू प्रखंड मुख्यालय में देखने को मिला। जहां झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह पांडू के दिग्गज राजनीतिज्ञ अनिल चंद्रवंशी के साथ सैकड़ों की संख्या में पुरुष से अधिक महिलाओं ने तीर धनुष छाप झामुमो पर अपना विश्वास जताया। जिन्हें झामुमो का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने सदस्यता ग्रहण कराई। मौके पर कई गांवों के महिला, पुरूषों के अलावा पलामू दिव्यांग संघ के दर्जनों दिव्यांगों ने झामुमो खेमा में शामिल होकर अपना समर्थन दिया। इस कार्यकर्ता सम्मेलन सह स्वागत समारोह में पांडू में अवस्थित आदिवासी गांव बरवाही के जनजाति परिवार ने भी जेएमएम का दामन थामा। इससे पहले जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, केंद्रीय समिति सदस्य मनोज गुप्ता, गोपाल सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, उपाध्यक्ष कमाल खान, जिला सचिव सानू सिद्दीकी, अविनाश देव, दीपक तिवारी, छोटू त्रिपाठी का पांडू की धरती पर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर शामिल हुए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने बढ़ते समर्थन को सरकार की जनता की हितैषी होने का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की राजनीति सौहार्द बिगाड़ने, तनाव बढ़ाने पर टिकी रह गई है, जिनसे जनता समझ चुकी है। पलामू का पांडू हो या पांकी की घटना सांप्रदायिक रंग देकर हमारी एकजुटता को तोड़ने वालो को हमारा संघर्ष तोड़कर रख देगा। इस दौरान सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। साथ ही भरोसा दिया कि सरकारी कार्यालयों में यदि जनता को परेशानी होती है तो पलामू झामुमो की कमिटी उनके साथ खड़ी है। पांडू में कार्यकर्ता का उत्साह देखते हुए जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने जल्द कमिटी का गठन एवं विस्तार की घोषणा की। इस दौरान केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य चंदन सिन्हा ने केंद्र सरकार में बैठी भाजपा को जमकर कोसा, वहीं मनोज गुप्ता ने स्थानीय जनप्रतिनिधि को आड़े हाथों लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा कि बेटियों की पालन पोषण रक्षा के लिए झामुमो सरकार कार्यरत है,बस हमें समर्थन देकर हेमंत सोरेन को मजबूत बनाना है।

हरिहरगंज प्रखंड में चला कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। कांग्रेस झारखण्ड प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी के नेतृत्व में कई वरिष्ठ नेताओं ने हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र का दौरा कर समन्वय स्थापित कर तथा संवाद जनसंपर्क अभियान चलाया गया।इससे पहले कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत कुरहत में बने स्वामी विवेकानंद के स्मारक पर माल्यार्पण कर क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत की गई ।इस मौके पर ग्रामीणों ने कांग्रेस नेताओं को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश हमेशा से ही लोगों को संघर्षों से लड़ने और आत्मविश्वास की प्रेरणा देने के लिए जाना जाता है। इसके अलावा, उनके जीवन और विचारों से हमेशा से जुड़े रहना एक सकारात्मक उपाय होता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझना मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान कांग्रेस नेता ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। वहीं ग्रामीणों ने कुरहत में बनी नाली की समस्या तथा बटाने हड़ही डेम की फाटक से अवगत कराया। वहीं प्रदेश सचिव ने बटाने हड़ही डेम से संबंधित विभाग से जानकारी के बाद समाधान करने का भरोसा ग्रामीणों को दिलाया। भ्रमण के दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, हुसैनाबाद प्रखण्ड अध्यक्ष लल्लु सिंह, वरिष्ठ नेता शम्भू कुमार सिंह, बब्लू सिंह, प्रदीप सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, अजय सिंह, मुस्ताक अंसारी, अमन, अहमद आलम सहित कई लोग शामिल थे।

व्यापारिक एकता के सामने झुकी सरकार कृषि बिल वापस लेने को है तैयार : आनंद शंकर

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। झारखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 के विरोध में पिछले चार दिनों से जारी राज्यव्यापी आंदोलन आज कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे के सकारात्मक आश्वासन पर स्थगित करने का निर्णय लिया गया ।पलामू चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर में बताया कि प्रतिनिधिमण्डल ने स्पष्ट रूप से शुल्क को शून्य शून्य करने की बात रखी जिसपर कृषि मंत्री के द्वारा वायदा किया गया कि झारखण्ड चैंबर की सभी मागों को माना जायेगा। सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि ने यह वचन दिया है कि बिना चैंबर की सहमति के विधेयक की नियमावली नहीं बनाई जायेगी। कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के सचिव ने कहा कि राइस मिल्स और इससे जुडे कारोबारियों पर कोई कुप्रभाव नहीं पडेगा, इसका भी सरकार ध्यान रखेगी। साथ ही उन्होंने राज्य में अधिकाधिक फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना के लिए फेडरेशन से आवश्यक सहयोग का आग्रह किया। यदि किसी भी प्रकार का निर्णय व्यवसाय, उद्योग या किसान के अहित में आयेगा तो यह आंदोलन सिर्फ स्थगित किया गया है, समाप्त नहीं किया गया है। हम पुनः आंदोलन के लिए विवश होंगे। पुनः आप सभी व्यवसायिक साथियों,चेंबर के सदस्यों ,व्यवसायिक संगठन के मित्रों के सहयोग के लिए बहुत बहुत साधुवाद करता हूँ। हमारी चट्टानी एकता को नमन,जिसके सामने फिलहाल सरकार अपना विधेयक वापस लेने को तैयार हो गई। यह कार्यक्रम स्थगित हुआ है और आगे भी हमें यह चट्टानी एकता बनाए रखनी होगी ताकि सरकार व्यवसायिक और व्यवसाय के खिलाफ किसी प्रकार के निर्णय के लिए सौ बार सोचे।

सौहार्द का मिसाल बना पलामू : दीपक

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के सेवादार सह झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने आम लोगों से शांति की अपील करते हुए जिला प्रशासन को बधाई दी है। पांकी में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की मंशा पालने वालों को हिदायत देते हुए उन्हें सुधरने एवं संवेदनशील मुद्दे पर विपक्षी राजनेताओं को राजनीति से बाज आने की नेक नसीहत दी है। पांकी में हुए पत्थरबाजी की घटना से व्यथित दीपक तिवारी ने आम आवाम को गुमराह करने वालों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पलामू की गंगा जमुनी तहजीब को चोटिल करने वालों को पलामू ने शांति बनाए रखकर करारा जवाब दिया है। दीपक तिवारी ने बताया कि बिगड़ते हालात को जिस तरह से राज्य की हेमंत सरकार ने समय रहते जिला के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारीयों के माध्यम से नियंत्रण हासिल किया है वो प्रशंसनीय है। दीपक तिवारी ने कहा कि समाज में सबका बराबर प्रतिष्ठा और सम्मान है। सबको मिलजुल कर सौहार्द वातावरण के निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। प्रेम एवं सद्भाव के बीच नफरत का कोई जगह नहीं है। राज्य की हेमंत सरकार ने पिछले सवा तीन सालों में जो उपलब्धियां हर एक मोर्चा पर हासिल किया है, उसकी प्रशंसा जितनी की जाए उतना कम है। विरोधियों के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए जनता को भरमाने के लिए ऐसे प्रोपगेंडा फैलाती है। जनमानस के नेता हेमंत सोरेन गठबंधन धर्म का पालन करते हुए राजनीतिक धर्म का अनुश्रवण किया है वह विरोधियों के लिए बड़ी सीख है। युवा नेता दीपक तिवारी ने जनता से एकजुटता बनाए रखने की अपील करते हुए राज्य का सम्मान एवं सद्भाव को बनाए रखने का आह्वान किया है।

पंचमुखी मंदिर से भगवान भोले की निकली भव्य बारात, पहाड़ी मंदिर में भक्तों ने किया स्वागत

भक्ति से मिले शक्ति का उपयोग हमेशा समाज व राष्ट्र के कल्याण हेतु करना चाहिए : विधायक

झांकी रही आकर्षण का केंद्र,शिव की भक्ति में डूबा बिश्रामपुर

बारात में स्थानीय विधायक सहित कई दिग्गज हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। महाशिवरात्री के अवसर पर बिश्रामपुर में भगवान भोले की भव्य बारात निकाली गई। बारात बिश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से निकली। बारात में भगवान भोले रथ पर सवार थे। बारात में दूसरे रथ पर कई और देवी देवता भी विराजमान थे। इसके अलावा बारात में भगवान भोले के गण और और हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। रुद्र महाकाल ग्रुप द्वारा विभिन्न रथों पर सजाई गई झांकी बारात के आकर्षण का केंद्र रही। पूरे गाजे बाजे से निकली बारात नगर भ्रमण के बाद थाना परिसर स्थित शिव पार्वती मंदिर होते हुए छिपादोहर स्थित पहाड़ी मंदिर पंहुची। जहां भगवान भोले के बारात का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भगवान शिव के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। बिश्रामपुर क्षेत्र शिव की भक्ति में डूब गया था। बारात पहुंचने के बाद भगवान शिव पार्वती की विशेष पूजा अर्चना हुई। उसके बाद महाप्रसाद का वितरण हुआ। शाम चार बजे से छः बजे तक दिव्य शिव चर्चा हुई। पूरे कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि भगवान भोले की भक्ति से अपार शक्ति मिलती है। लेकिन भक्ति से मिले शक्ति का उपयोग हमेशा समाज व राष्ट्र के कल्याण हेतु करना चाहिए। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि भगवान शिव देवों के देव हैं, इसीलिए उन्हें महादेव भी कहा जाता है। उन्होंने भगवान भोले के बारात में शामिल होने पर स्थानीय लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,रविंद्र नाथ उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पंकज कुमार लाल, संजय पांडेय, हरिशंकर सिंह, अवधेश सोनी, विजय कुमार रवि,दामोदर उंटारी मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह मनोरंजन गुप्ता नावा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव इसरार हमारी,थाना प्रभारी शशि रंजन, एएसआई अनंत कुमार सिंह,अवधेश सोनी, पूनम देवी, रंजिता देवी,असलम बहादुर, विकास कुमार, रणधीर सिंह, अरुण सिंह, शिवाबंश मिश्रा, उपेंद्र तिवारी, नरसिंह चौबे सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

हुसैनाबाद विधायक ने मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। स्थानीय विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ,आंख रोग विशेषज्ञ, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, नस रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन समेत कई सर्जन मौजूद थे। हजारों मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हे निशुल्क दवा और सलाह दी गई। शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित कर निशुल्क ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण रांची के चिकित्सको द्वारा हुसैनाबाद पीएचसी के शल्य कक्ष में किया जायेगा। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि वह क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी लोग उनके परिवार के सदस्य हैं। डाल्टनगंज और रांची दोनो जगह हुसैनाबाद के मरीजों के सहयोग के लिए एक व्यक्ति चौबीस घंटे तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य व्यवस्था में और सुधार की आवश्यकता है। एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। एनसीपी सेवा में विश्वाश रखती है। एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में विधायक कमलेश कुमार सिंह निरंतर प्रयास कर रहे हैं। आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव दिखेगा। इसके अलावा सरकार की स्वास्थ्य के क्षेत्र में चल रही योजनाओं, विभिन्न कार्यक्रमों, कोविड, परिवार नियोजन, फाइलेरिया, मलेरिया समेत अन्य रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अलग अलग स्टॉल लगाए गए थे मेगा स्वास्थ्य शिविर में पलामू के सिविल सर्जन डा अशोक कुमार, आईएमए के प्रदेश सचिव डा प्रदीप सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, मनान खान,बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, सज्जू खान,संजय सिंह,हाजी अब्बास अंसारी,नीतू सिंह, विमलेश सिंह, पप्पू सिंह, नरेश रजवार, ओमप्रकाश राजवंशी, बबिता सिंह, अंजली शर्मा, विनय पासवान के अलावा मरीजों की सेवा में एनसीपी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पोर्ट्स

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे मैच में 8-0 से हराया

भारत ने दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया

नई दिल्ली। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे ही दिन 6 विकेट से हराकर चार मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है। 115 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल एक और बार बल्ले से असफल रहे। मैच के दूसरे ओवर में 6 रनों के कुल स्कोर पर नाथन ल्योन ने राहुल (01) को एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कुछ आकर्षक शॉट खेले, लेकिन 39 के कुल स्कोर पर वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए। रोहित ने 20 गेंदों में 3 चौकों और दो छक्कों की बदौलत 31 रन बनाए। 69 के कुल स्कोर पर टॉड मर्फी ने विराट कोहली को एलेक्स कैरी के हाथों स्टम्प आउट कराकर भारत को तीसरा झटका दिया। कोहली ने 31 गेंदों पर 3 चौकों की बदौलत 20 रन बनाए। 88 के कुल स्कोर पर ल्योन ने श्रेयस अय्यर को आउट कर भारत को चौथा झटका दिया। अय्यर ने 10 गेंदों पर 1 चौके और एक छक्के की बदौलत 12 रन बनाए। इसके बाद अपना 100वां टेस्ट खेल रहे पुजारा और श्रीकर भरत ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और भारत को 26.4 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन बनाकर भारत को 6 विकेट से जीत दिला दी। पुजारा 31 और भरत 23 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी पारी में आज तीसरे दिन लंच से पहले ही 113 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 262 रन बनाए, पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 1 रन की बढ़त मिली थी।

कतरास में कोयला चोर और सीआइएसएफ के बीच भिड़ंत

फिलहाल सीआइएसएफ के तरफ से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। बरोरा थाना क्षेत्र संचालित डेको आउटसोर्सिंग के जरलाही पेंच में रविवार सुबह लगभग 9:30 बजे कोयला चोर और सीआईएसएफ के बीच भिड़ंत हो गयी। जिसमे कोयला चोरो के द्वारा पत्थराव करने से सीआईएसएफ के दो जवान आंशिक रूप से घायल हो गए है। इधर घटना की सूचना मिलते ही बरोरा थाना की पुलिस घटना स्थल पहुच कर मामले को नियंत्रण किया।

बताया जाता है कि रविवार की सुबह डेको आउटसोर्सिंग के जरलाही पेंच मे सीआईएसएफ ड्यूटी पर तैनात जवान ने कोयला चोरो को कोयला ले जाने से रोका तो कोयला चोर सीआईएसएफ जवान से उलझ गये तो जवानो ने इसकी सूचना पेट्रोलिंग पार्टी को दी तो पेट्रोलिंग पार्टी बिना समय गंवाए मौके पर पहुंच गई तो एक तरफ एक तरफ से पेट्रोलिंग और दूसरी तरफ से ड्यूटी पर तैनात जवानो ने कोयला चोरो को घेराबन्दी करना चाहा तो बचने के लिए कोयला चोरो ने सीआईएसएफ टीम पर पत्थराव करते हुए भाग निकले। पत्थराव मे सीआईएसएफ टीम के एक महिला कॉन्स्टेबल तथा एक पुरुष कांस्टेबल आंशिक रूप से घायल हो गए है।

सीआईएसएफ एरिया वन के इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया की आउटसोर्सिंग पेंच मे कोयला चोरी रोकने के दौरान सीआईएसएफ और कोयला चोर के बीच झड़प हुई है लेकिन हमारा कोई जवान घायल नही हुआ है।

बरोरा थाना प्रभारी निरज कुमार ने बताया की कोयला चोर और सीआईएसएफ के बीच झड़प की सूचना पाकर पुलिस गई थी तब तक कोयला चोर भाग गए थे। फिलहाल सीआईएसएफ के तरफ से कोई लिखित शिकायत नही मिली है। अगर सीआईएसएफ लिखित शिकायत दर्ज कराती है तो करवाई की जायेगी चाहे कोई भी हो उसके आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

डेको आउटसोर्सिंग मे भले ही बीसीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी का उत्पादन बंद हो जाती है लेकिन आशा कोठी खटाल निवासी झामुमो नेता कारू यादव के नेतृत्व खटाल के युवाओ का कोयला उत्पादन का कार्य कभी भी बन्द नही होती है। आशा कोठी खटाल के सभी युवक व महिलाए अपना पुस्तैनी काम बन्द कर सालो भर कोयला ढुलाई का काम करते है। वहा के युवको कहना है की दुध बचने से ज्यादा अच्छा है कोयला बेचना। और हमारा नेता कारू यादव है तो डर किसका। आशा कोठी खटाल मे ही कारू यादव का अवैध कोयला डिपू है जहा प्रतिदिन लगभग एक दर्जन अवैध कोयला लोड ट्रक असानी से निकलता है और स्थानीय पुलिस प्रशासन सिर्फ मुक दर्शक की बहुत अच्छी भुमिका निभाती है। और खटाल के युवक जब मर्जी तब सीआईएसएफ और पुलिस तथा बीसीसीएल कर्मी की पिटाई कर अपने मन मर्जी के मुताबिक कोयला चोरी का कार्य सुचारू रूप करते रहते है।

महुदा-कतरास फोरलेन पर पैदल जा रहे युवक को वाहन ने रौंदा

सड़क दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने धक्का मारने वाले बल्कर वाहन में तोड़फोड़ की और चालक की जमकर पिटाई कर दी

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास (धनबाद)। महुदा-कतरास फोरलेन पर लिलोरी पार्क के पास शनिवार रात करीब सवा दस बजे अज्ञात वाहन ने एक युवक को रौंद दिया। युवक सड़क के किनारे पैदल जा रहा था। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। कतरास थाने की पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास में लगी है। वहीं, घटना के बाद वाहन लेकर चालक भाग निकला। हादसे के बाद आसपास के लोग जुट गए। हालांकि, कोई उसे आमटांड़ तो कोई कतरास का बता रहा था मगर किसी को स्पष्ट नहीं था कि युवक का घर कहां है।

युवक की उम्र करीब तीस साल के आसपास है। उसके पहनावे से कयास लग रहे कि वह दिहाड़ी मजदूरी करता होगा। युवक ने नीले रंग की जींस और पीले रंग की बनियान पहन रखी है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कि राजगंज की ओर से महुदा की ओर जा रहे वाहन ने उसे रौंद दिया। वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। युवक पैदल ही जा रहा। घटनास्थल पर जगह-जगह मांस बिखर गया। कुछ लोगों का यह भी कहना था कि महाशिवरात्रि का दिन है। संभव है कि रात किसी मंदिर में प्रसाद लेने गया हो। वहीं, निरसा में एनएच टू पर बल्कर वाहन ने शनिवार को एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। सड़क दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने धक्का मारने वाले बल्कर वाहन में तोड़फोड़ की और चालक की जमकर पिटाई कर दी। बल्कर वाहन एमपीएल की छाई ढुलाई का काम कर रहा था।

लोगों ने दोपहर करीब एक बजे पांड्रा मोड़ के पास एमपीएल की ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दी। आक्रोशित लोगों की मांग है कि मृतकों के परिजनों को मुआवजा और घायल का इलाज का खर्च दिया जाए। वहीं, लोगों ने आरोपी चालक को पीटा और बाद में पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया और मामले की जांच में जुट गयी।

ओबी डंपिंग काम को ठप कराया ग्रामीणों ने

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। पुनर्वास-विस्थापन की मांग को लेकर लिलॉरी पथरा के ग्रामीणों ने देवप्रभा आउटसोर्सिंग की ओर से की जा रही ओबी डंपिंग कार्य को ठप कर दिया। जिसको लेकर ग्रामीणों के साथ देवप्रभा आउटसोर्सिंग प्रबंधन, कुजामा कोलियरी प्रबंधक, झरिया सीओ परमेश कुशवाहा, संयुक्त मोर्चा के नेताओ के साथ एक बैठक हुई। ग्रामीणों का एक ही मांग था कि पूरा बस्ती को एक साथ ही विस्थापन किया जाए। साथ ही वैसे लोगों जो कट ऑफ डेट मैं और उनका सर्वे में नाम है उनको भी पुनर्वास के साथ विस्थापन किया जाए, वही लोगों को आरोप था कि झरिया सीओ प्रबंधन के इशारे पर काम कर रही है अगर बड़ी घटना होती है तो इसके जिम्मेदार प्रशासन व सरकार की होगी घंटो हंगामा के बाद भी कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। बता दे कि बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र अंतर्गत कुजामा कोलियरी में कार्यरत देवप्रभा आउटसोर्सिंग की ओर से की जा रही ओबी डंपिंग के दौरान झरिया लिलोरीपथरा साइट संख्या 215 में कई स्थानों पर शनिवार की शाम जमीन से आग निकलने लगी। निकट के मुन्ना पांडेय के खाली घर का एक हिस्सा जमीन में धंस गया। महज 10 फीट की दूरी पर जीवन मंडल, विनोद शर्मा, विशाल चौधरी का घर है। आग का दायरा बढ़ने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है लोगों को कहना है जब तक एक साथ विस्थापन पुनर्वास नीति के तहत नहीं किया जाएगा तब तक हमलोग ओबी डंप का कार्य ठप रहेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडे कांग्रेस नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव श्याम मंडल मनीष यादव प्रजा पासवान नौशाद खान भाजपा से अखिलेश सिंह, छोटू सिंह, जीवन रावत, विनोद शर्मा, राजीव पांडे आदि लोग थे।

शिवरात्रि पर प्रसाद का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। कतरास कोयलांचल क्षेत्र के सभी शिव मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें हजारों-हजार लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मुराईडीह कॉलोनी स्थित शिव मंदिर मे बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू, कतरास सर्किल इंस्पेक्टर भिखारी राम, डाक्टर मनिश कुमार, माधो सिंह, बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति सहित अन्य कई गणमान्य लोग व मुराईडीह श्रमिक कॉलोनी व आसपास के ग्रामीणो ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे बरोरा थाना प्रभारी निरज कुमार, नितेश अश्वनी, बाघमारा उपप्रमुख रंजीत सिंह, शिवनारायण कामत, देवानंद राजभर, बिठल सिंह, राजेश कुमार मिश्रा, मिथिलेश कुमार, निगम कुमार, मुकेश राय, शैलेन्द्र सिंह, चौहान, संतोष चौहान, संजय चौहान, शशी यादव, बप्पी कुमार, किंनीस चौहान, संजय कुमार, जालिम रजक , जिवन मुखिया सहित कई अन्य लोगो की भूमिका सराहनीय रही।

भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न
पार्टी को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह के नेतृत्व में भाजपा महुदा मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुये बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुधन महतो जिसे मंडल अध्यक्ष ने बुके देकर सम्मानित किये। बैठक से पूर्व सभी भाजपा कार्यकताओं ने डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित किये।

बैठक में सभी ने संघटन को महुदा मंडल में कैसे मजबूत किया जाए इस पर चर्चा हुई। मौके पर मटुक मिश्रा, शिबू महतो, कार्तिक महतो, महेश पटवारी, जीतन रवानी, उगा कुमारी, सहित दर्जनों भाजपा महुदा मंडल के कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

नि: शुल्क नेत्र जांच का लगा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। स्वस्थ्य गांव से स्वस्थ्य देश अभियान के तहत एएसजी आई हॉस्पिटल के द्वारा पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी के निदेर्शानुसार ग्रामीणों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कुलटांड़ गांव में किया गया। वहीं इस शिविर में स्त्री-पुरुष मिलाकर कुल 95 ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच करवाया। जिसमें 15 ग्रामीणों में जांच के दौरान डॉक्टरों ने मोतियाबिंद पाया। वहीं नेत्र जांच में आये केंद्र प्रबंधक मुकुल मिश्रा, ऑप्टोमेट्रिस्ट संतोषी जी, सागर कुमार सिंह, रवि सिन्हा, मुखिया महेश पटवारी, सिराजुद्दीन खान, संजय दास, नजीर हुसान, दिलीप राय आदी मौजूद थे।

आइइएल वासंतिक दुर्गा पूजा के लिए नयी कमेटी का हुआ गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

गोमिया। गोमिया के ससबेड़ा पूर्वी पंचायत स्थित काली मंदिर सह शिवमंदिर के प्रांगण में रविवार को श्री श्री बासंतिक सार्वजनिक दुर्गा पूजा 2023 को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होने वाली चैती दुर्गा पूजा के विषय में विचार विमर्श किया गया। साथ हीं पिछले वर्ष के आय व्यय का वयौरा भी प्रस्तुत किया गया। साथ हीं सर्वसम्मति से एक नई कमिटि का भी चयन किया गया। जिसके देख रेख में इस वर्ष होने वाली वासंतिक दुर्गा पूजा का संचालन सुचारू सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके। नव मनोनीत कमिटि के पदेन संरक्षक के रूप में ससबेड़ा पूर्वी के मुखिया अंशु कुमारी एवं पंसस हरि सिंह का चयन किया गया। सवानंद अध्यक्ष, सत्येंद्र सचिव, राम दौर कोषाध्यक्ष मनोनीत वहीं सवानंद श्रीवास्तव को अध्यक्ष, सचिव श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष आरडी वर्मा मनोनीत हुए। वहीं कमिटि के संचालक के रूप में पंकज पांडेय, अशोक भारती का चयन किया गया।संयोजक-संतोष नायक,के के पांडेय, संगठन सचिव-पिन्टू पासवान, मल्लू यादव, वासुदेव यादव, जितेन्द्र शर्मा, अशोक यादव, प्रकाश राय निर्देशक-रामअवधेश सिंह, रामजी प्रसाद एवं लाल बचन सिंह मिडिया प्रभारी-राज कुमार स्वर्णकार (राजू भैया), प्रशांत सिन्हा, ओमकार नाथ मिश्रा,विशाल अग्रवाल उपाध्यक्ष-मुन्ना सिंह एवं सुरेन्द्र सिंह, सह संचालक - जितू पांडेय, राम प्रताप यादव, जितेन्द्र यादव (शेरा), मनोज गुप्ता, बिष्टू चाहान, ओमकार कुमार प्रियदर्शी, रविन्द्र सिंह, सह सचिव-श्यामल डे, मनोज आर्य, हरिशचन्द्र गुप्ता, रमेश सिंह, राज सिंह, अमित फार्मा, शुमंगल फार्मा, सह संयोजक- राकेश यादव, संतोष कृष्णन, मनोज श्रीवास्तव, मनोज सिंह, सुरेन्द्र सिंह को मनोनीत किया गया।

एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

नावाडीह(बेरमो)। नावाडीह प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र सुरही मे संयोजिका, रसोईया, सह सहायिका का एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योयना के तहत झारखंड राज्य मध्यान भोजन प्राधिकरण स्कूली शिक्षा एवम साक्षरता विभाग की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम उद्घाटन नावाडीह प्रमुख पुनम देवी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कामता प्रसाद मेहता ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर पुनम देवी ने कहा बच्चों को संतुलित आहार मिले, इसके लिए सरकार ने मध्यान भोजन की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही गरीब के बच्चें जिनके अभिभावक अपने बच्चों को पोषाहार युक्त भोजन की व्यवस्था नहीं दे पाते है, उनके बच्चे मानसिक एवम शारिरीक रूप कमजोर न हो ताकि उनके बच्चें भी मैधावी छात्र बने एवम एक सभ्य नागरिक बने। वही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कामता प्रसाद मेहता ने कहा कि सभी स्कूल मे मध्यान भोजन कार्यक्रम की अवधारणा, उधेश्य एवम क्रियान्वान की समझ विकसित करना, कुपोषण रहित भोजन की व्यवस्था करना, पोषाहार युक्त भोजन पोष्टिक आहार सभी बच्चों को दे। साथ ही सब्जी एवम चावल धोने के बाद जो शेष पानी बच जाता है उसका उपयोग किचेन ग्राडेन मे कर विधालय परिसर मे ही सब्जी एवम उधान लगाकर उसका उपयोग करे।

हाथियों ने फसल को रौंदा, चारदीवारी तोड़ी

फुसरो(बेरमो)। जंगली हाथियों के झुंड ने दामोदर नदी को पार कर नदी किनारे स्थित फुसरो नप क्षेत्र के घुटियाटांड व कदमाडीह में बीते देर रात शनिवार को जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के भय से ग्रामीणों ने रातभर जाग कर बिताया। हाथियों के आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वार्ड पार्षद रामचंद्र महतो ने बताया कि चार हाथियों का झुंड पेटरवार प्रखंड की कई पंचायतों मे तबाही मचाने के बाद कदमाडीह निवासी लखन महतो के आंगन में प्रवेश किया। हो- हल्ला करने पर बगल के बगान में लगे लहर की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया एवं चारदीवारी तोड़ दिया। वही धनेश्वर महतो के बगान के चारदीवारी तोड़ते हुए उनके बगान में घुस गए यहां धनेश्वर महतो के बगान में लगी सब्जी की फसल को खा एवं रौंद कर पुरी तरह से बर्बाद कर दिया। इसके बाद घुटियाटांड निवासी बैजनाथ महतो के बगान में लगे केले के दर्जनो पौधो को नष्ट कर दिया।

बैठक : रणनीति बनाकर पहुंचेंगे हर मतदाता के घर
केंद्र सरकार की उपलब्धियों से करायेंगे रूबरू : पीएन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जोड़ा पोखर के इंडस्ट्री चेंबर ऑफ कॉमर्स एसोसिएशन के सभागार में आयोजित हुई। आगामी चुनावों में सफलता के लिए रणनीति पर हुई चर्चा इस बैठक में अगले साल होने वाले संसदीय और विधान सभा चुनावों में दल को सफलता पाने के लिए विभिन्न रणनीति पर चर्चा की गई। चार सत्रों वाले इस मैराथन बैठक में राजनीतिक प्रस्तावों के अलावा सामाजिक और आर्थिक प्रस्तावों पर बहस हुई। जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा प्रदेश स्तरीय और स्थानीय पदाधिकारियों ने अपनी बातें रखीं।

भाजपा के लिए कोई अछूत नहीं: पीएन सिंह : पहले सत्र यानी उद्घाटन सत्र की शुरूआत धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह के उद्बोधन से शुरू हुई, जिसमें उन्होंने भाजपा की रीति और नीति की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए कोई भी जाति अछूत नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसे अपने भाषणों में कई बार स्पष्ट कर चुके हैं।

सबका साथ सबका विकास नारे के साथ फिर जाएंगे जनता के बीच: उन्होंने आगे कहा कि पार्टी एक बार फिर से चुनावों में सबका साथ सबका विकास के नारों के साथ ही उतरेगी। हमारा स्पष्ट मानना है कि बिना सबको साथ लिए देश को प्रगति की राह पर बहुत आगे तक नहीं ले जाया जा सकता। सका नूमना भी हमारी सरकार ने कोरोना काल में दिखाया, जब बिना किसी भेद भाव के राशन पानी से लेकर अन्य सभी तरह की मदद की। मदद देते समय ना तो किसी की जाति पूछी गयी ना ही किसी का मजहब।

पहुंचेगें हर मतदाता के घर : उन्होंने चुनावों में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि सबका विश्वास जीतने के लिए हम सभी को एक एक मतदाता तक पहुंच बनानी होगी। इसके लिए हमें अभी से घरों तक पहुंचने की रणनीति बनाकर उसे क्रियान्वित करना होगा। सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उन तक पहुंचानी होगी।

देश सशक्त हाथों में: राज सिन्हा

इस मौके पर बोलते हुए धनबाद विधायक राज सिन्हा ने आह्वान किया कि पिछली बार की जीत के आंकड़े को और ज्यादा आगे ले जाने की जरुरत है। देश का नेतृत्व एक सशक्त हाथों में है। आंतरिक सुरक्षा का मामला हो या फिर देश की सीमा की सुरक्षा की बात, हमारी सरकार हर जगह पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है।

विरोधी दल हमारी सफलता से घबराहट में: रागिनी सिंह

वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि हमारी सरकार की पिछली दो चुनावों में सफलता को देखकर विरोधी दल घबरा गए हैं। केंद्र सरकार को बदनाम करने के लिए वे सांप्रदायिकता का जहर घोलना चाहते हैं। इसके लिए वे इंटरनेट मीडिया को माध्यम बना कर कई तरह के दुष्प्रचार में लगे हुए हैं। हमें इसका मुंहतोड़ जवाब देना होगा।

नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। मैथन डीवीसी के नैगम सामाजिक दायित्वों एवं बी पी नियोगी अस्पताल द्वारा आगामी 21 फरवरी को नेताजी आई अस्पताल रामचंद्रपूर के सहयोग से बी पी नियोगी अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच सह ऑपरेशन शिविर का आयोजन करेगा।इस संदर्भ में वरिष्ठ स्वास्थ्यकर्मी चंडी चरण चक्रवर्ती ने बताया की।मोतियाबिंद से ग्रषित सभी रोगियों को 21 फरवरी के सुबह आठ बजे से 12 बजे तक अस्पताल प्रांगण में उपस्थित हो कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें और अपना टिकट प्राप्त करके नेताजी आई रामचंद्रपुर के विशेषज्ञ के द्वारा मुफ्त मोतियाबिंद जांच करवाएं। इस शिविर में कुल 60 लोगों का अधिकतम लक्ष्य रखा गया है। बारह बजे के बाद किसी को टिकट नहीं दिया जायेगा। जो रोगी मोतियाबिंद से ग्रषित पाया जायेगा उसे उसी दिन गाड़ी द्वारा रामचंद्रपुर आई अस्पताल ले जाया जायेगा एवं दूसरे दिन कैम्प स्थल तक गाड़ी से छोड़ दिया जायेगा। सभी रोगियों को अपना आधार कार्ड की छाया प्रति,एक चादर तथा मास्क लाना अनिवार्य होगा। सभी रोगियों को अपने अभिभावकों का संपर्क सूत्र एवं मोबाइल नंबर प्रबंधन को उपलब्ध कराना होगा।

हम सभी हिंदू, नहीं करें किसी से भेदभाव : मोहन भागवत

आजाद सिपाही संवाददाता

बरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन कार्यकर्ता परिवार मिलन को संबोधित किया। उन्होंने पत्नी व बच्चों संग पहुंचे संघ के कार्यकताओं को आपसी भेदभाव खत्म कर एकजुट होकर सामाजिक समरसता बढ़ाने का मंत्र दिया। संबोधन में शामिल होकर निकले कार्यकर्ताओं के अनुसार संघ प्रमुख ने जात-पात का भेदभाव छोड़ने को कहा। कहा हम सब हिंदू हैं। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जिसमें कोई जातियां न हों। जो दूसरी जातियां व अलग-अलग धर्म अपनाए हैं उनके पूर्वज भी हिंदू थे। पूजा पद्दति अलग-अलग हो सकती है लेकिन जातियां सब एक ही हैं। समय के साथ थोड़ा परिवर्तन हुआ है। हम सभी को राष्ट्र प्रथम के भाव से आगे बढ़ना है।

अफगानिस्तान में गर्भ निरोधकों पर बैन, तालिबान ने कहा कि यह मुस्लिम आबादी रोकने की साजिश

काबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान ने गर्भ निरोधकों की बिक्री पर रोक लगा दी है। आतंकी संगठनों के मुताबिक- यह मुस्लिमों की बढ़ती आबादी को रोकने की पश्चिमी देशों की साजिश है। पश्चिमी देश नहीं चाहते कि मुस्लिम जनसंख्या बढ़ा सकें। एक रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान आतंकी डोर टू डोर जाकर महिलाओं को धमका रहे हैं कि वो प्रेग्नेंसी रोकने के लिए इन गर्भ निरोधकों का इस्तेमाल न करें। मेडिकल स्टोर्स की भी तलाशी ली जा रही है, ताकि इन गर्भ निरोधकों की बिक्री रोकी जा सके। ब्रिटिश अखबार 'द गार्डियन' ने तालिबान की इस नयी हरकत पर रिपोर्ट जारी की है। एक मेडिकल स्टोर चलाने वाले ने कहा- फिलहाल, दो शहरों में गर्भ निरोधक के इस्तेमाल और इनकी बिक्री पर रोक लगायी गयी है। तालिबान मेरे स्टोर पर आये और बंदूक दिखाकर धमकी दी।

महा शिवरात्रि में तीन घंटे देरी से उठे लिंगराज प्रभु के महादीप

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। शनिवार को देवदेव महादेव का जागर यात्रा था। इस कारण शैवपीठों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिला था। श्रृंखलित रूप से दर्शन के लिए व्यापक इंतजाम किये गये थे और पुलिस बल भी तैनात किया गया था। भुवनेश्वर के श्री लिंगराज, भद्रक के श्री आखंडलमणि, कटक के बाबा धबलेश्वर, पुरी के श्री लोकनाथ, ढेंकानाल के कपिलस सहित विभिन्न शैबपीठों में भक्तों ने देवदेव महादेव को दर्शन और पूजार्चना की।

भद्रक स्थित आखंडलमणि मंदिर में शनिवार की सुबह 4 बजे पहड़ खुलने के बाद मंगल आलती के साथ कनिका राजा के तरफ से पहली घर्षण की गयी बाद में खेचुड़ी अर्न्न नीति संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए साहन मेला खोला गया। इसी तरह ढेंकनाल के प्रमुख शैवपीठ कपिलास में बाबा चंद्रशेखर के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हरहर महादेव के नाद से मंदिर परिसर दहल उठा। इसी तरह भुवनेश्वर में भी श्रीलिंगराज पीठ पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। दिन भर श्रद्धालु ने जागर (दीप) जलाकर जागते रहे, जबकि पहले महादीप को रात 10 बजे उठाने का निर्णय लिया गया था, भगवान की सेवा में देरी के कारण महादीप को तीन घंटे देरी से, यानी रात एक बजे उठाया गया।

जामुझारी में बनेगी राज्य की सबसे बड़ी मॉडल जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। जामुझारी में राज्य की सबसे बड़ी जेल बनेगी। झारपड़ा जेल को राजधानी के उपकंठ जामुझारी को स्थानांतरित किया जायेगा। यह मॉडल जेल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनेगी। जेल को शहर से बाहर उठाने के लिए जेल विभाग का प्रयास। इस विशेष जेल में 2500 कैदियों को रखा जा सकता है। यह जेल 50 एक-ड़ जमीन पर बनेगी।

इस जेल को देश का सबसे अत्याधुनिक डिजाइन बना जायेगा। जेल में बायोमैट्रिक सिस्टम का इस्तेमाल होगा।

दो साल के अंदर आधुनिक जेल का काम पूरा कर लिया जाय्गा। यह नयी जेल पहली ग्रीन जेल होगी और 0 कार्बन एमिशन और स्मार्ट जेल होगी। इस विशेष जेल में अस्पताल, एम्फी थिएटर, लाइब्रेरी, जिम, बेकरी यूनिट, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, महिला कैदियों के लिए बड़ी जगह होगी। जेल परिसरों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए अभिनव प्रयास। 5टी के तहत जेल विभाग में बहु सारे परिवर्तन हुआ है।

जेल को काल कोठरी नहीं सुधार गृह बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन जल्द ही इस जेल का काम शुरू करेगा। जेल डीजी मनोज छाबड़ा ने पिछले महीने तिहाड़ जेल का दौरा किया था। वहां से लौटने के बाद जेल डीजी ने यह जानकारी दी।

चंडीगढ़-पंचकूला बॉर्डर पर ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर बवाल

हरियाणा के 20 हजार कर्मचारियों का प्रदर्शन, पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, आंसू गैस छोड़ी, माहौल तनावपूर्ण

आजाद सिपाही संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा में बजट सत्र से पहले ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लेकर बवाल हो गया है। ओपीएस की मांग को लेकर रविवार को प्रदेशभर के करीब 20 हजार कर्मचारियों ने पंचकूला से चंडीगढ़ कूच किया। चंडीगढ़ पुलिस ने इन कर्मचारियों को बॉर्डर पर रोक लिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में जम कर झड़प हुई।

कर्मचारियों ने बैरिकैडिंग हटा कर चंडीगढ़ में घुसने की कोशिश की तो पुलिस ने उनसे धक्का-मुक्की शुरू की। इसके बावजूद कर्मचारी नहीं रुके तो पुलिस की ओर से वाटर कैनन से पानी की बौछारें मारी। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े।

पानी की तेज बौछारों और पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की में कई कर्मचारियों को चोटें आयीं। इसके बावजूद भी कर्मचारी नहीं रुके तो पुलिस ने उन पर जम कर लाठियां भांजी। इससे चंडीगढ़-पंचकूला बॉर्डर पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। एहतियात के तौर पर यहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। कर्मचारियों की मांग है कि सीएम ऑफिस से कोई अधिकारी आकर उन्हें ओपीएस पर ठोस भरोसा दे।

सुबह ही सील कर दिया पंचकूला-चंडीगढ़ बॉर्डर : हरियाणा के सरकारी कर्मचारियों ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के सरकारी आवास के घेराव का ऐलान किया था। इसे देखते हुए रविवार सुबह ही पंचकूला और चंडीगढ़ पुलिस ने सीमाओं को सील किया है। साथ ही भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी।

इंदौर में कांपी धरती तीन मापी गयी तीव्रता

आजाद सिपाही संवाददाता

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में रविवार दोपहर को भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता तीन मापी गयी। जानकारी के मुताबिक, भूकंप के झटके दोपहर 12 बजकर 54 मिनट पर महसूस किये गये। इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर गहराई में था। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.0 के करीब मापी गयी। धार, बड़वानी और अलीराजपुर में भी झटके महसूस किये गये। हालांकि, अब तक किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। लोगों ने अपने घरों में चीजों को हिलते हुए देखा तो उन्हें पता चला कि ये भूकंप के झटके हैं। इसके बाद लोग अपने घरों से बाहर आ गए। कुछ देर के लिए लोगों के बीच दहशत देखी गई। बाद में जब किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ तो लोगों ने राहत की सांस ली।

स्वामी सहजानंद सरस्वती की तस्वीर पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित की

राजधानवार (आजाद सिपाही)। राजधानवार में स्वामी सहजानंद सरस्वती की 135 जयंती का आयोजन ब्रह्म ऋषि धर्मशाला रामगढ़ में किया गया। इसमें मुख्य रूप से पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने उपस्थित होकर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर शिव कुमार सिंह, अनमोल सिंह, रामजी सिंह, वीरेंद्र सिंह, मुकुल तिवारी, डॉ संजय कुमार सिंह, दिवाकर सिंह, आरबी ठाकुर, जय नंदन शर्मा, ओमप्रकाश सिंह, विमल सिंह, प्रकाश मिश्रा और रोहित आदि उपस्थित थे।

लोनी में गिरा निर्माणाधीन इमारत का लेंटर, छह को निकाला गया सुरक्षित

गाजियाबाद (आजाद सिपाही)। लोनी स्थित रूप नगर कॉलोनी में रविवार को एक निर्माणाधीन इमारत का लेंटर गिराने अफरा-तफरी मच गयी। बताया जा रहा है कि लेंटर के नीचे कई मजदूर दबे हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दमकल विभाग ने छह मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया है। अन्य को बचाने का कार्य जारी है। जिन मजदूरों को बचाव दल ने बाहर निकाला, उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर डीसीपी रवि कुमार ने पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया। पुलिस फिलहाल इस इमारत के मालिक के बारे में सूचना प्राप्त कर रही है। जानकारी मिली है कि निर्माणाधीन इस स्थल पर काम करने वाले मजदूरों को सुरक्षा के कोई उपकरण मुहैया नहीं कराये गये थे। वहीं इस बात का भी अंदेशा जाता जा रहा है कि निर्माण में इस्तेमाल हो रही सामग्री की गुणवत्ता का स्तर भी उच्चतम स्तर का नहीं था। करीब 10 लोगों के दबे होने की जानकारी मिली है। छह लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। घटना में दो लोगों की मौत हो चुकी है एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**